नई दिल्ली
बुधवार, 5 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 325
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 24
न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, व हरियाणा से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





## शावकों को पिलाया दूध
### चिंपैंजी-जिराफ के साथ खेले

पीएम मोदी ने वनतारा वाइल्डलाइफ का किया उद्घाटन, शेरों के साथ बिताए कुछ पल

# भारत का 'छावा'

(भाजपा ने पीएम मोदी को लेकर एक्स पर किया यह पोस्ट)



एजेंसी ▶▶ जामनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र वनतारा का रविवार को उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने वनतारा की अलग-अलग सुविधाओं का निरीक्षण किया। गुजरात के जामनगर में बना वनतारा संरक्षण केंद्र दो हजार से अधिक प्रजातियों और डेढ़ लाख से अधिक बचाए गए जानवरों का घर है। पीएम मोदी ने वनतारा संरक्षण केंद्र की बेहतरीन पशु चिकित्सा सुविधाओं और दुर्लभ प्रजातियों की जानकारी ली। उन्होंने जानवरों की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### एमआरआई रूम और ऑपरेशन थिएटर का किया दौरा

पीएम मोदी ने अस्पताल में एमआरआई रूम का दौरा किया और एक एशियाई शेर का एमआरआई होते देखा। इसके अलावा उन्होंने ऑपरेशन थिएटर का भी दौरा किया, यहां एक तेंदुए की सर्जरी की जा रही थी। इस तेंदुए को हाईवे पर किसी कार ने टक्कर मार दी थी, जिसके बाद उसे रेस्क्यू कर वनतारा लाया गया था। पीएम मोदी ने सर्कस से रेस्क्यू किए गए गोल्डन ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### गूगल मैप ने फिर दिया धोखा, नाले में गिरी कार



**नई दिल्ली।** एक बार फिर गूगल मैप की वजह से बड़ा हादसा हो गया है। ग्रेटर नोएडा में गूगल मैप के सहारे जा रहे स्टेशन मास्टर की कार 30 फीट गहरे नाले में जा गिरी। हादसे में स्टेशन मास्टर की मौत हो गई। वे शादी समारोह जा रहे थे। दिल्ली के मंडावली के रहने वाले स्टेशन मास्टर भारत भाटी की आईकार्ड से पहचान हुई।

### दो हिस्सों में बंट गई नंदन कानन एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। लेकिन अच्छी बात यह रही कि किसी के घायल होने की खबर नहीं आई है। आनंद विहार से पुरी जा रही नंदन कानन एक्सप्रेस ट्रेन रास्ते में हादसे का शिकार हो गई। ट्रेन की स्लीपर एस 4 बोगी का कपलिंग अचानक टूट गया, जिसके बाद ट्रेन दो हिस्सों में टूट गई। ट्रेन डीडीयू जंक्शन से लगभग 6 किमी आगे बढ़ी थी तभी घटना हुई।

### समय रैना भाग गया और मजाक बना रहा



**नई दिल्ली।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो से जुड़े वल्गर कॉमेडी विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए समय रैना का जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि विवाद से जुड़े चार लोगों में से एक कनाडा भाग गया। ये यंग जेनेरेशन खुद को बहुत ओवर स्मार्ट समझती है। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा, हां, खुद विदेश भाग गया, कार्रवाई का मजाक बना रहा है।

---

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने शारदा विहार आवासीय विद्यालय में पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का किया शुभारंभ

# बदलावों को सनातन के आलोक में दिशा मिले, भारत ही विश्व को 'राह' दिखाएगा



डॉ. भागवत ने कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएं हैं और हमें उन लोगों को भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान (वीबीएबीएसएस) के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के पंचदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। यह शिविर भोपाल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय, शारदा विहार में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व में हो रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक बदलावों को भारत की सनातन परंपरा के आलोक में दिशा देने की आवश्यकता है। आज जब वैश्विक परिदृश्य में कई विकृतियां उभर रही हैं, तब भारत ही वह ध्रुव तारा है जो सही दिशा प्रदान कर सकता है। इसके लिए समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु भारतीय परंपराओं पर आधारित शिक्षा, संस्कृति और नीति ▶▶ शेष पेज 6 पर

> हमें केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मानवता, करुणा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण करना चाहिए



> हमें ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करनी होगी जो व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सहायक हो

### विद्या भारती राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का एक अभिन्न अंग

डॉ. भागवत ने कहा कि विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि संघ केवल शाखा संचालन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रहा है। विद्या भारती के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण हमारा मुख्य लक्ष्य है, जिससे वे शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी बिंदुओं को समाहित करते हुए, संगठन के लक्ष्यों में कुछ नई बातों को जोड़ने का भी प्रावधान किया गया है।

### विमर्श का स्वरूप बदलना आवश्यक

डॉ. भागवत ने कहा कि विमर्श का स्वरूप बदलना भी एक महत्वपूर्ण कार्य है। हमें सकारात्मक सोच और रचनात्मक विचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करना चाहिए। विद्या भारती द्वारा किए जा रहे कार्यों का वैश्विक स्तर पर प्रभाव देखा जा रहा है। हमें केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मानवता, करुणा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण करना चाहिए।

### टेक्नोलॉजी की मानवीय नीति आवश्यक

डॉ. भागवत ने कहा कि आज के समय में तकनीक समाज के हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाल रही है। हमें टेक्नोलॉजी के लिए एक मानवीय नीति बनानी होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक में जो कुछ गलत है, उसे छोड़ना पड़ेगा और जो अच्छा है, उसे स्वीकार कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विशेषता पर जोर देते हुए कहा कि हमें विविधता में एकता बनाए रखनी होगी। भारत की संस्कृति ने हमेशा सभी को जोड़ने का कार्य किया है, और इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि वह समाज का अभिन्न अंग है और समाज भी उसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारी शक्ति और संसाधन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त समाज की उन्नति के लिए समर्पित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएँ हैं और हमें उन लोगों को भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी का भी मत भिन्न हो सकता है, लेकिन कार्य की दिशा सही होनी चाहिए।

---

**बिगड़े बोल :** क्रूर व वहशी बादशाह औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान पर बवाल

# सपा नेता आजमी- वह हिंदुस्तान का राजा था, कांग्रेस सांसद- वह अत्याचारी नहीं था





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष अबू आजमी के मुगल शासक औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान पर बवाल थमता नहीं दिखाई दे रहा है। वहीं, आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित करने की भी मांग हो रही है। शिवसेना प्रमुख और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तो उन्हें देशद्रोही तक कह दिया है और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बयान पर विवाद होने के बाद अबू आजमी ने सफाई दी। विवाद के बाद अबू आजमी ने सफाई दी कि औरंगज़ेब रहमतुल्लाह अलेह के बारे में मैंने वही कहा है जो इतिहासकारों और लेखकों ने कहा है। मेरी इस बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं। सहारनपुर से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि औरंगज़ेब हिंदुस्तान का बादशाह था और वह अत्याचारी शासक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन

महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर एनडीए नेताओं द्वारा अबू आजमी के खिलाफ प्रदर्शन किया। शिवसेना और सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन के विधायकों ने विधानसभा की सीढ़ियों पर प्रदर्शन किया। विधायकों ने अबू के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने और विधान भवन में उनके प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की। अबू आज़मी के बयान का असर ठाणे में भी देखा जा रहा है। मराठा क्रांति मोर्चा और सम्पूर्ण मराठा समाज द्वारा अबू आज़मी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। आज़मी का पुतला जलाने की भी कोशिश की गई।

### औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए

अबू आजमी ने कहा था कि (फिल्म छावा में) गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए, मुझे नहीं लगता कि औरंगजेब एक क्रूर प्रशासक था। इस ▶▶ शेष पेज 6 पर

### औरंगजेब की कब्र को तोड़ देना चाहिए: राणा



भाजपा नेता नवनीत राणा ने भी अबू आज़मी पर तीखा हमला किया। नवनीत ने कहा कि जिस राज्य में आप पांच साल के लिए विधानसभा में बैठने के लिए चुने गए हैं, उस पर छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज का शासन था। मैं महाराष्ट्र सरकार से अनुरोध करना चाहती हूं कि जिस ▶▶ शेष पेज 6 पर

---

भाजपा नेता बोले, जायसवाल की अगुवाई में एनडीए जीतेगा विधानसभा चुनाव

> बिहार भाजपा प्रदेश परिषद की बैठक में मनोहर लाल ने की घोषणा

# बिहार भाजपा के अध्यक्ष पद पर फिर से दिलीप जायसवाल की ताजपोशी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



दिलीप जायसवाल बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। बिहार भाजपा प्रदेश परिषद की बैठक में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री और चुनावी पर्यवेक्षक के तौर पर बिहार आए मनोहर लाल खट्टर ने बिहार प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की। दिलीप जायसवाल ने बीते दिनों ही 'एक आदमी, एक पद' के तहत राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। अब वह सिर्फ विधान परिषद सदस्य हैं। अब अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी की ओर से अंतिम मुहर लग गई है, वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। इससे पहले बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि आज 'संगठन पर्व' का आखिरी चरण है। प्रदेश परिषद की बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का चयन होगा। साथ ही साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए राष्ट्रीय परिषद के सद्स्यों का भी चुनाव होगा। आज दो प्रक्रिया है एक प्रदेश की घोषणा ताजपोशी और इसके साथ ही राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चयन। बिहार के मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आज बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता खुश और उत्साहित हैं। हमारे नए प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया आज पूरी हुई है। नए प्रदेश अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 6 पर

---

**यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि** अरिंदम बागची बोले, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर पर की गई वोल्कर टर्क की टिप्पणियां 'बेबुनियाद और निराधार' हैं

> भारत ने कहा इस मुद्दे पर टर्क की चिंता व्यर्थ है

# कश्मीर, मणिपुर पर यूएन मानवाधिकार प्रमुख के बयानों पर चढ़ी भारत की त्योरियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क की जम्मू-कश्मीर और मणिपुर पर की गई टिप्पणियों को लेकर भारत ने बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यूएन और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत अरिंदम बागची ने कहा कि इस मुद्दे पर टर्क की चिंता व्यर्थ है। उनके द्वारा की गई टिप्पणियां पूरी तरह से बेबुनियाद और निराधार होने के साथ ही जमीनी सच्चाई से कोसों दूर हैं। उन्होंने कहा कि बड़े स्तर पर हम वैश्विक अपडेट में जटिल मुद्दों के सरलीकरण, व्यापक और सामान्यीकृत टिप्पणियों, कमजोर शब्दावलियों के प्रयोग और स्थितियों को चुनिंदा रूप से प्रयोग करने पर चिंतित हैं। अरिंदम ने कहा कि वैश्विक अपडेट को 'वास्तविक अपडेट' की जरूरत है। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### यह है टर्क का बयान

*वोल्कर टर्क ने बीते सोमवार को जिनेवा में यूएन मानवाधिकार परिषद के 58वें नियमित सत्र में वैश्विक अपडेट में भारत का नाम लेकर कश्मीर और मणिपुर का उल्लेख किया था। मणिपुर को लेकर उन्होंने वहां हुई हिंसा और उससे जुड़े विस्थापन का हल निकालने के लिए संवाद, शांति स्थापना और मानवाधिकारों के तहत प्रयासों को बढ़ाने पर जोर* ▶▶ शेष पेज 6 पर

---

**राष्ट्रपति भवन में आयोजित** दो दिवसीय विजिटर्स कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह को संबोधित करते हुए बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# अकादमिक और उद्योग जगत के बीच मजबूत संबंध का होना आवश्यक, विमर्श होना जरूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित दो दिवसीय विजिटर्स कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिसमें सही मायने में एक विकसित और मजबूत अर्थव्यवस्था की पहचान आत्मनिर्भर होना ही है। जो अनुसंधान, नवाचार हमारे उद्योगों और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएंगे, उन्हें हरसंभव सहयोग मिलना चाहिए। राष्ट्रपति ने विकसित अर्थव्यवस्थाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि उनमें शिक्षा और उद्योग जगत के बीच का मजबूत संबंध दिखाई देता है। शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों से आग्रह करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वे औद्योगिक संस्थानों के वरिष्ठों के साथ आपसी हित में निरंतर विचार-विमर्श करने के साथ ही संस्थागत प्रयास करें। जिससे शोध कार्य करने वाले शिक्षकों और विद्यार्थियों को लाभ होगा। उन्होंने शिक्षण संस्थानों की प्रयोगशालाओं को स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक जरूरतों से जोड़ने की प्राथमिकता बताया। इस सम्मेलन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ▶▶ शेष पेज 6 पर

---

## केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने नवरत्न दर्जा मिलने पर दी बधाई

# भारतीय रेलवे के 7 अजूबे: आईआरसीटीसी और आईआरएफसी भी 'नवरत्नों' में शुमार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




भारत सरकार ने कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) एवं इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईआरएफसी) को नवरत्न कंपनियों के रूप में अपग्रेड करने की मंजूरी दी है। आईआरसीटीसी भारत की 25वीं और आईआरएफसी 26वीं नवरत्न कंपनी बनी है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली दोनों कंपनियों की टीम टीम को नवरत्न का दर्जा मिलने पर बधाई दी। रेल मंत्री ने कहा, हम यह साझा करते हुए प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं कि 2014 के बाद रेलवे के सभी 7 सूचीबद्ध पीएसयू को नवरत्न का दर्जा प्राप्त हुआ है। कामकाज और बैलेंसशीट सहित कई अन्य कसौटियों के कड़े परीक्षण से गुजरने के बाद भारतीय रेलवे की दोनों सार्वजनिक उपक्रम की कंपनियों को केंद्र सरकार मे 'नवरत्न' का दर्जा दिया। आईआरसीटीसी वर्ष 2025 में खानपान, पर्यटन और ऑनलाइन टिकटिंग सेवाओं में उत्कृष्टता के 25 वर्षों का जश्न मना रहा है। यह विगत कुछ वर्षों में आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में निगम की परिचालन उत्कृष्टता का प्रमाण है। इस विशेष अवसर पर कंपनी को नवरत्न दर्जा मिलने की खुशी से कर्मचारियों का हौसला और बेहतर करने के लिए निश्चित रूप से बढ़ा है। भारतीय रेलवे बुनियादी ढांचे का समर्थन करने वाले केंद्रीय ▶▶ शेष पेज 6 पर

### आईआरसीटीसी, आईआरएफसी एक नजर में

*आईआरसीटीसी की वार्षिक आय 4 हजार 270.18 करोड़, शुद्ध लाभ 1, हजार 111.26 करोड़, और नेटवर्थ 3 हजार 229.97 करोड़ वित्त वर्ष 2023-24 में रहा। आईआरएफसी वार्षिक कारोबार 26 हजार 644 करोड़ है, शुद्ध लाभ 6 हजार 412 करोड़ है एवं वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इसकी नेटवर्थ 49 हजार 178 करोड़ है।*

### नवरत्न दर्जा मिलने के बाद कंपनियों की बल्ले बल्ले

*नवरत्न दर्जा मिलने से पीएसयू कंपनियों को वित्तीय स्वायत्तता मिलती है। कंपनियां संयुक्त उद्यम, सहायक कंपनियाँ बना सकते हैं और प्रत्यक्ष सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता के बिना विलय या अधिग्रहण कर सकते हैं। नवरत्न दर्जा प्राप्त कंपनियां परिचालन स्वतंत्रता के साथ स्वतंत्र व्यवसाय और निवेश निर्णय ले सकते हैं, जिससे वे निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। उनके पास मानव संसाधन प्रबंधन में अधिक आसान हो जाता है, जिसमें बाजार के अनुसार संबद्ध वेतन पर पेशेवरों को काम* ▶▶ शेष पेज 6पर


!! महायोगी गुरुगोरक्षनाथाय नमः!!
!! श्री बाबा मस्तनाथो विजयतेतराम!!
गोरक्ष स्वरूप सिद्ध शिरोमणि
बाबा मस्तनाथ जी महाराज
ॐ श्री बाबा मस्तनाथ मठ
अस्थल बोहर, रोहतक, हरियाणा
BABA MASTNATH UNIVERSITY
ROHTAK
विधेयम् जन सेवनम्
सादर आमंत्रण
18वीं सदी से चली आ रही परम्परानुसार
सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी
की पुण्य स्मृति में लगने वाला
तपस्वी रणपतनाथ योगी जी
तपस्वी मानधातानाथ योगी जी
सालाना मेला व भण्डारा
दिनांक : 6, 7 व 8 मार्च, 2025
तदनुसार फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष : सप्तमी, अष्टमी, नवमी को मनाया जा रहा है।
इस बहुआयामी आध्यत्मिक मेले में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। अतः सभी महानुभाव, साधु-संत, योगी-संन्यासी, माता बहनें, बच्चे-बुजुर्ग एवं श्रद्धालु, परिजन-पूरजन-स्वजन के साथ पहुँचकर मेले का आनन्द उठाएँ तथा बाबा जी की दिव्य कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करें।
श्रीयुत् श्रेयोनाथ जी महाराज
श्रीयुत् चाँदनाथ जी महाराज
मेले के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।
विशाल भजन संध्या
दिनांक : 6 मार्च, 2025
इनामी कुश्ती दंगल
दिनांक : 8 मार्च, 2025
कुश्ती दंगल के इनाम
पहला इनाम ₹ 1,51,000/-
दूसरा इनाम ₹ 1,00,000/-
तीसरा इनाम ₹ 51,000/-
चौथा इनाम ₹ 31,000/-
इसके अलावा और भी अन्य इनाम दिये जाएंगे।
शुभचिंतक - महंत बालकनाथ योगी
गद्दीनशीन महंत श्री बाबा मस्तनाथ मठ, अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा) | कुलाधिपति-बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय | विधायक-तिजारा एवं पूर्व सांसद, अलवर व प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा (राजस्थान)
MahantBalaknathyogiIndia @MahantBalaknath Mahant Balaknath Yogi https://bmu.ac.in
BMU
BABA MASTNATH UNIVERSITY
Asthal Bohar, Rohtak, Haryana, 124021, INDIA
www.bmu.ac.in
Email: registrarbmu@gmail.com
SBMN RESI. SAINIK SCHOOL
Asthal Bohar, Rohtak-124021
Ph : 9053066641/42
www.sbmnssrps.com
SBMN SCHOOL
Civil Road, Rohtak-124001
Ph : +91-1262-256267
www.smpsrohtak.com

**खबर संक्षेप**

### वार्षिक सफाई के चलते दर्जनों कॉलोनियों में रहेगी जलापूर्ति बाधित

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने सूचना जारी करते हुए कहा है कि भूमिगत रिजर्व और सिस्टर पंपिंग स्टेशन की वार्षिक फ्लशिंग के कारण 6-7 मार्च को कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी के अनुसार 6 मार्च 2025 को कुतुब एरिया, महरौली आया नगर, सी-ब्लॉक तिगड़ी, एलआईजीसी पुल प्रहलाद, एडी ब्लाक शालीमार बाग बीपीएस, 748 शिवाजी एंकलेव, गढ़ी स्लम क्वार्टर, अमृतपुरी गढ़ी , ईस्ट ऑफ कैलाश न्यू एंड ओल्ड। सीएसपी फ्लैटस, एसएफएस 144 फ्लैट, मुनिरिका एन्क्लेव अपार्टमेंट, गोविंदपुरी गढ़ी, आरपीएस एलआईजी नंबर 10 मदनगीर, मुनिरका गांव, ईपीआर कॉलोनी, पैकेट-आर दिलशाद गार्डन आदि में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### 30 अप्रैल तक भरे जाएंगे 7 हजार गड्ढे : पीडब्ल्यूडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नवनिर्वाचित सरकार ने सड़कों के गड्ढों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने दिल्ली की सड़कों पर 7,000 गड्ढे भरने के लिए 30 अप्रैल तक की समयसीमा तय की है। विभाग ने आधिकारिक संदेश में यह जानकारी दी गई। पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों को जारी निर्देश में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में 21 फरवरी को दिल्ली मंत्रिमंडल के समक्ष दिए गए प्रस्तुतीकरण का हवाला दिया गया है। संदेश में कहा गया कि इस प्रस्तुति में विभिन्न निविदाएं आमंत्रित करने और कार्य प्रारंभ करने के लिए कुछ समय सीमा निर्धारित की गई हैं। इसलिए, सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे इन समय सीमाओं का पालन सुनिश्चित करें। संलग्न प्रस्तुति के अनुसार, विभाग की रखरखाव वाली वैन का उपयोग करके गड्ढों को भरा जा रहा है।

## एलजी और सीएम ने भलस्वा लैंडफिल साइट पर शुरू किया बांस पौधारोपण अभियान

# भलस्वा लैंडफिल साइट को हरा-भरा बनाने के लिए लगाये जाएंगे 54 हजार पौधे



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

भलस्वा लैंडफिल साइट को हरा भरा बनाने की दिशा में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कदम आगे बढ़ाते हुए सीएम रेखा गुप्ता के साथ मिलकर मंगलवार को बांस के पौधे लगाकर पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर एलजी ने लोगों को दिए अपने संदेश में आश्वासन दिया है कि यह क्षेत्र जल्द हरा-भरा हो जाएगा। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सक्सेना ने कहा कि लैंडफिल से अपशिष्ट को हटाने और पुनः संसाधित करने के प्रयास दो वर्ष पहले शुरू किये गए थे। आज पौधारोपण अभियान की शुरुआत के साथ ही इन क्षेत्रों को हरित क्षेत्र में बदलने की विधिवत प्रक्रिया शुरू हो गई है। हमने दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त करने का वादा किया था और यह पहल एक स्वच्छ और हरित शहर की शुरुआत है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हमने दिल्ली से वादा किया था कि राजधानी की लैंडफिल साइट के पहाड़ को हटाकर यहां हरियाली पैदा करेंगे। इसलिए आज हमने यहां बांस के 200 पौधे लगाकर पौधारोपण की शुरुआत कर दी है। आने वाले महीनों में लगभग 54 हजार और पौधे लगाये जाएंगे। एलजी ने कहा कि जब पौधारोपण का काम पूरा हो जाएगा तो लोगों को यहां ऊंचे-ऊंचे कूड़े के ढेर की जगह चारों तरफ हरियाली देखने को मिलेगी। सक्सेना ने संवाददाताओं से कहा कि वृक्षारोपण अभियान के लिए बांस को इसलिए चुना गया है क्योंकि यह 30 प्रतिशत अधिक ऑक्सीजन छोड़ता है। वहीं बांस को उगाने के लिए कम पानी की आवश्यकता होती है।

### रेखा गुप्ता ने की सक्सेना और केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एलजी सक्सेना और केंद्र सरकार के प्रयासों की जमकर सराहना की। वहीं सीएम ने लैंडफिल साइट की बदहाली को लेकर पूर्व के मुख्यमंत्रियों अरविंद केजरीवाल व आतिशी पर गंभीर आरोप लगाया कि उन्होंने झूठे वादों के अलावा कोई काम नहीं किया। पिछली सरकारों ने 'लैंडफिल' मुद्दे से निपटने को लेकर सत्ता में रहे तब तक केवल बड़े-बड़े दावों के अलावा वास्तव में कुछ किया ही नहीं। अगर केजरीवाल व आतिशी की सरकार लैंडफिल साइट की समस्या को हल करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य शुरू करते तो आज यहां कूड़े के पहाड़ नहीं खड़े होते। रेखा ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) व दिल्ली भर में विभिन्न परियोजनाओं में लैंडफिल स्थल से अपशिष्ट का उपयोग करने में केंद्र सरकार की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। रेखा ने कहा कि एलजी सक्सेना ने राजधानी दिल्ली के कायाकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका नेतृत्व एक ढाल की तरह रहा है, जिसने दिल्ली शहर की हर क्षण रक्षा की। सीएम ने आश्वासन दिया कि भलस्वा लैंडफिल स्थल पर पौधारोपण अभियान की प्रगति की हर महीने गहराई से निगरानी की जाएगी।

**विशेष सत्र की गरिमा भी की जाएगी बहाल, बजट सत्र में प्रश्नकाल भी होगा शुरू**

# अब सदन का नियमानुसार होगा सत्रावसान, पहले की तरह नहीं चलेगा टुकड़ों में : गुप्ता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**



अब दिल्ली विधानसभा के सदन का नियमानुसार सत्रावसान किया जाएगा, पहले की तरह एक ही सत्र को अलग-अलग टुकड़ों में साल भर नहीं चलाया जाएगा। यह बात मंगलवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा सत्र की समाप्ति पर आयोजित प्रैसवार्ता में कही। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सत्रावसान नहीं है तो सरकार कोई ऑर्डिनेंस नहीं ला सकती है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को अचानक कोई फैसला लेना हो तो वह ऑर्डिनेंस नहीं ला सकती है। लेकिन सदन का सत्रावसान होगा तो सरकार फैसला ले सकती है। वहीं अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मैं संविधान के प्रावधानों तथा सदन की प्रक्रिया नियमों के अनुसार सदन को निष्पक्ष और सकारात्मक ढंग से चलाना चाहता हूं। पिछले दस वर्षों के दौरान जो भी गलत परिपाटी बनी हैं उन सबको दूर किया जएगा। विशेष सत्र की गरिमा बहाल की जाएगी। अध्यक्ष ने कहा कि आपातकालीन और विशेष परिस्थितियों में ही विशेष सत्र बुलाया जाएगा। विधानसभा सत्र की अपनी गरिमा और मर्यादा होती है, जिसका पालन किया जाएगा। बजट सत्र से प्रश्नकाल भी शुरू होगा, जिसे पिछली सरकार के दौरान लगभग बंद ही कर दिया गया था। सदन की कार्यवाही के दौरान पक्ष और विपक्ष को समान महत्व दिया जाएगा लेकिन नियमों का उल्लंघन किए जाने पर समुचित कार्यवाही भी की जाएगी।

### विधानसभा को पूरी तरह से कंप्यूटराइज्ड करने के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाएंगे

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विधानसभा को कागज रहित बनाने के लिए ई-विधान प्रोजेक्ट लगभग दस वर्षों से लंबित है। इस प्रोजेक्ट को लागू करने और दिल्ली विधानसभा को पूरी तरह से कंप्यूटराइज्ड करने के लिए इस दिशा में जल्दी से जल्दी आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि पुराने सचिवालय को राष्ट्रीय स्मारक और प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेंगे।

### पांच दिनों के सत्र में 126 सदस्यों ने सदन में अपने विचार रखे

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि पांच दिन चले सत्र में 126 सदस्यों ने सदन में अपने विचार व्यक्त किए। विधानसभा के पहले ही सत्र में इतने सदस्यों को बोलने का अवसर मिलना किसी रिकॉर्ड से कम नहीं है। गुप्ता ने बताया कि आठवीं विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी 2025 को शुरू हुआ और 3 मार्च को अनिश्चितकाल के स्थगित हुआ। सदन की बैठकें 24, 25, 27, 28 और 3 मार्च को आयोजित की गई। इन पांच बैठकों के दौरान कुल 18 घंटे 18 मिनट तक सदन की कार्यवाही चली। वहीं विशेष उल्लेख नियम 280 के तहत 109 नोटिस प्राप्त हुए। तीन दिनों में 42 मामलों को सदन में उठाया गया।

# ईडब्ल्यूएस बच्चों के प्रवेश का ड्रा आज : आशीष सूद

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

- कोई भी अभिभावक इस ड्रॉ प्रक्रिया को अपनी आंखों से देख सकता है, लगेगी टीवी स्क्रीन

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में शिक्षा विभाग मिशन मोड में काम कर रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत आज, 5 मार्च को दोपहर 2:30 बजे शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए इकोनॉमिकल वीकर सेक्शन (ईडब्ल्यूएस) के बच्चों के एडमिशन हेतु कम्प्यूटर के माध्यम से पहले ड्रॉ ऑफ लॉट्स की प्रक्रिया शिक्षा विभाग के कॉन्फ्रेंस रूम, पुराना सचिवालय में की जाएगी। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और इसे अभिभावकों व मीडिया के सामने संपन्न किया जाएगा। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि कोई भी अभिभावक इस ड्रॉ प्रक्रिया को अपनी आंखों से देख सकता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि ड्रॉ स्थल की जगह सीमित होने के कारण, अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई टीवी स्क्रीन भी लगाई जाएंगी। मंत्री सूद ने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली सरकार हर क्षेत्र में पारदर्शी और त्वरित तरीके से कार्य कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम शीघ्र दिखाई देंगे।

### ग्रामीण क्षेत्र में कम से कम कीटनाशक दवाईयों का किया जाए छिड़काव : डीसी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र में कम से कम कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जाए। नरेला जोन के उपायुक्त (डीसी) पवन यादव ने मंगलवार को नरेला के पंजाबी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में आयोजित नरेला जोन के विभिन्न एमटीएस (पीएच) जैसे डीबीसी कर्मचारी और फील्ड वर्कर कर्मियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान यह निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न एमटीएस (पीएच) को घरों में मच्छरों की उत्पत्ति होने वाली जगहों के बारे में जानकारी दी गई एवं उत्पत्ति को रोकने के लिए छिड़की जाने वाली कीटनाशक दवाइयों के बारे में बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 300 एमटीएस (पीएच) कर्मियों ने भाग लिया। यहां उपायुक्त ने बताया कि इस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम हर वर्ष नरेला जोन में किया जाता है ताकि सभी कर्मियों को मच्छरों की उत्पत्ति रोकने के लिए किए जा रहे नवीनतम पद्धति एवं दवाइयों के बारे में जानकारी दी जा सके। कार्यक्रम में जोन के उप-स्वास्थ्य अधिकारी अजय हांडा ने बताया कि इस वर्ष डेंगू के मामले दिल्ली में अन्य क्षेत्र से बहुत कम नरेला जोन में दर्ज हुए। हमारे विभाग के कर्मचारी प्रशंसा के पात्र है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र दिल्ली के बॉर्डर पर होने के बावजूद भी यहां मच्छरों की उत्पत्ति अच्छी तरह से नियंत्रित की जाती है एवं कुछ स्थानों पर हरियाणा सरकार में कार्यरत मलेरिया कर्मियों के साथ मिलकर भी कार्य किया जाता है।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को दोपहर बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के बाद विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस बात की जानकारी एक्स पर देते हुए कहा कि दिल्ली विधान सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने दिल्ली आवास पर भेंट की। विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ ही उन्हें कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। आशा है कि प्रदेश की विधायी प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में आप पूर्ण सामर्थ्य से अपनी भूमिका निभाएंगे।

### करोड़ों खर्च के बाद भी जीटीबी अस्पताल में नहीं हुआ नए ब्लॉक का निर्माण : सीएम रेखा

नई दिल्ली। करोड़ों खर्च के बाद भी गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में नए ब्लॉक का निर्माण नहीं हुआ। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार जीटीबी अस्पताल का औचक निरीक्षण के दौरान कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल का जाएजा लिया और मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान वेंटिलेटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, पीपीई किट और अन्य वस्तुओं सहित कई चिकित्सा उपकरण बिना किसी कवर/उचित भंडारण के रखे गए। अस्पताल में अभी तक पुरानी सिटी स्कैन मशीन से लोगों की जांच की जा रही है। और अस्पताल में 40 प्रतिशत डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी भी देखी गई। कोरोना काल में 7 अस्पताल शुरू होने वाले थे लेकिन एक काम भी पूरा नहीं हुआ। पिछली सरकार ने 1200 करोड़ के अस्पतालों के ढांचे मिट्टी में मिला दिए हैं। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी अस्पताल के अंदर नए ब्लॉक का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है। लेकिन हमारी सरकार राजधानी के लोगों को 24 घंटे विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करेगी और जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। और पिछली सरकार द्वारा रोकी गई आयुष्मान योजना को हमारी सरकार द्वारा लागू किया जाएगा। साथ ही अस्पतालों से सम्बंधित लंबित परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि जीटीबी अस्पताल में बिस्तरों की क्षमता 1400 है और प्रतिदिन लगभग 6000-8000 ओपीडी मरीज आते हैं।



**आप ने प्रदर्शन कर भाजपा को दिलाई वादे की याद**

# आठ मार्च में अब चार दिन शेष खाते में कब आएंगे 2500 रुपए




**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को प्रदर्शन कर भाजपा को उसके वादे की याद दिलाई। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष आतिशी के नेतृत्व में महिलाएं हाथों में 'बस चार दिन और' लिखा प्लेकार्ड लेकर मंडी हाउस पहुंची। जिन पर लिखा था कि पूछा कि 8 मार्च में अब चार दिन और शेष हैं, उनके खाते में 2500 रुपए कब आएंगे? इस दौरान विधायक कुलदीप कुमार समेत आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

इस दौरान आतिशी ने कहा कि भाजपा ने वादा किया कि 8 मार्च को दिल्ली की महिलाओं के खाते में 2500 रुपए की पहली किस्त आएगी। आठ मार्च में अब सिर्फ 4 दिन और बचे हैं। हम इंतजार कर रहे हैं कि चार दिन के अंदर दिल्ली की सभी महिलाओं के खाते में 2500 रुपए की पहली किश्त मिलेगी।

### महिलाओं को 2500 रुपए देने का वादा कहीं जुमला न बन जाए : कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता प्रश्न पूछा है कि क्या अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 8 मार्च को दिल्ली की महिलाओं के खातों में 2500 रुपये देने का वादा कहीं जुमला तो नहीं बन जाएगा। क्योंकि इस मुद्दे पर खुद रेखा गुप्ता महिला होने के बावजूद इसे लागू करने में असहाय दिख रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल के भ्रष्टाचार से त्रस्त दिल्ली ने भाजपा को बहुत उम्मीद के साथ बहुमत दिया था कि सरकार बनने पर भाजपा नेता केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की सभी 14 सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा पटल पर रखेगी।



**खबर संक्षेप**

## विनय सिंह क्षत्रिय गौरव सम्मान से अलंकृत



**फरीदाबाद।** प्रोत्साहन मंच के राष्ट्रीय महासचिव विनय प्रताप सिंह को अखिल भारतीय राजपूत एकता मिशन द्वारा क्षत्रिय गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्हें यह सम्मान अखिल भारतीय राजपूत एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस के सिंह, यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. आरएन सिंह तथा राजस्थान क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि रामदेव सिंह शेखावत ने संयुक्त रूप से प्रदान किए।

## 689 ग्राम गांजा सहित आरोपी को किया काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर- 48 की टीम ने गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।



आरोपी हबीब वासी संजय कॉलोनी फरीदाबाद का रहने वाला है। तलाशी लेने पर आरोपी से 689 ग्राम गांजा बरामद किया है। उसके खिलाफ थाना सारन में नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि वह 700 ग्राम गांजा को दिल्ली में किसी व्यक्ति से 5000 रुपए में खरीद कर लाया था। आरोपी पर पूर्व में भी नशा तस्करी के 2 मामले दर्ज है।

## अवैध हथियार सहित 3 को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस और उंचा गांव की टीम ने आरोपी मोहम्मद मोइन खान, सहजाद और अमनदीप को गिरफ्तार किया है।फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं ने कार्रवाई करते हुए 3 देसी कट्टे व 2 कारतूस बरामद करके तीन आरोपियो को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने मोहम्मद मोइन को सिकरौना-फतेहपुर तगा रोड नजदीक सिकरोना से काबू कर देसी कट्टा व एक कारतूस बरामद किया गया है।



# यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन की हो रही है निगरानी

अवैध खनन रोकने व बिना ई रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ निगरानी की जा रही है। नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी की जा रही है

**खनन अधिकारी कर रहे लगातार निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा फरीदाबाद जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ निगरानी की जा रही है। जिला में दिन रात खनन विभागीय टीम जहां सड़कों पर बिना ई रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही है वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। खनन विभाग के महानिदेशक के.एम.पांडुरंग के आदेशानुसार विभागीय टीम पूरी सजगता व मुस्तैदी से अपना दायित्व निभाते हुए हर पहलू पर फोकस कर रही है।



### निगरानी के दौरान अभी तक अवैध खनन होना नहीं पाया गया

जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान स्वयं जिला से निकल रही यमुना नदी के हर हिस्से का निरीक्षण करते हुए अवैध खनन रोकने में सक्रियता बरत रही हैं वहीं उन्होंने बताया कि विभाग की टीम द्वारा निरन्तर जिला में अवैध खनन न हो इसकी जांच की जा रही है। साथ ही जिला से निकलने वाले राष्ट्रीय व राज्य मार्गों सहित अन्य संपर्क मार्गों पर निगरानी दस्ता द्वारा खनिज वाहनों की जांच भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान फिलहाल कहीं भी कोई अवैध खनन होना नहीं पाया गया है और यदि कहीं नियमों की अवहेलना पाई जाती है तो वे तुरन्त प्रभाव से आगामी आवश्यक कार्रवाई अमल में लाएगी।

### अवैध खनन को रोकने के लिए हरियाणा सरकार दृढ़संकल्पित

जिला खनन अधिकारी बिधलान ने कहा कि पूरे प्रदेश में खनन विभाग की ओर से महानिदेशक केएम पांडुरंग के निर्देशों की अनुपालना करते हुए चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत अवैध खनन न हो इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। वहीं कोई भी खनिज वाहन बिना ई रवाना बिल के सड़कों से न निकले इसकी पूरी निगरानी हो रही है। दिन रात विभाग की टीम सक्रियता से कार्य कर रही हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत शहर के चौराहों पर की जा रही पेंटिंग

# निजी सेफ्टी टैंकर वालों पर खुले में या ड्रेन में गंदगी डालने पर लगेगा जुर्माना

नगर निगम ने कहा है कि ड्रेन और खुले नाले में सेफ्टी टैंकर के द्वारा गंदा पानी डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम ने ऐसे लोगों के खिलाफ पांच हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान किया है। इस सबंध में एडिशनल कमिशनर ने बैठक की

*स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश*

*शहर को सुंदर बनाने की दिशा में निरंतर किए जा रहे कार्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्वच्छता सर्वेक्षण के नियमों को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद नगर निगम द्वारा ड्रेन और खुले नाले में सेफ्टी टैंकर के द्वारा गंदा पानी डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने ऐसे निजी सेफ्टी टैंकर वालों के खिलाफ पांच हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान किया है। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर एडिशनल कमिशनर गौरव अंतिल ने बैठक की।

बैठक में जॉइंट कमिश्नर द्विजा एक्सपर्ट अनिल मेहता, एक्सपर्ट आश्रय और मुख्यालय बिशन सिंह तेवतिया भी मौजूद रहे। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए किए जा रहे कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। स्वच्छ भारत मिशन की आईईसी एक्सपर्ट कल्पना सिंह मंडल ने जानकारी दी है कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी जो शहर को गंदा करने और प्रकृति को नुकसान पहुंचाते हैं। कल्पना सिंह ने बताया कि निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर स्वच्छता सर्वेक्षण को मद्देनजर रखते हुए इस तरीके की कार्रवाई शुरू की गई है और उनके आदेशों पर शहर को सुंदर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।



### पेंटिंग में सुंदरता के साथ स्वच्छता के संदेश

शहर के मुख्य चौराहों पर पेंटिंग कर सुंदरता के साथ साथ स्वच्छता के संदेश दिए जा रहे हैं। नगर निगम फरीदाबाद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत शहरवासियों के लिए हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया गया है जिस पर आमजन अपनी स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित सुझाव भी दे सकेंगे।उन्होंने कहा कि निजी सेफ्टी टैंकर बादशाहपुर में चलाए जा रहे एसटीपी में ये गंदा पानी ले जा सकेंगें।

### खुले में शौच करते पाए गए तो होगा चालान

इसके अलावा खुले में शौच करते हुए पाए जाने वाले लोगो के भी 200 रुपए के चालान किए जाएंगे। क्योंकि फरीदाबाद निगम एरिया में सभी सामुदायिक सार्वजनिक शौचालय सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। निगम की तरफ से यह अपील की गई है कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलायें और अपने शहर को स्वच्छ रखें में सहयोग करें।

स्पेशल ड्राइव चलाने के निर्देश

# प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने पर होगी सीलिंग की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम के अतिरिक्त कमिश्नर स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सभी जेडटीओ और अन्य अधिकारियों के साथ निगम सभागार में प्रॉपर्टी टैक्स सहित विभिन्न विषयों से बैठक ली। बैठक सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र में प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वालों को नोटिस जारी कर प्रॉपर्टी टैक्स समय रहते जमा करने के लिए कहे।

नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर पहले चरण में अधिकतम प्रॉपर्टी टैक्स होल्डर्स पर कार्यवाही शुरू की थी जिसमें कुछ ही लोगों ने टैक्स जमा कराया था। काफी लोगों की प्रॉपर्टी को सील भी किया गया है।

लेकिन एडिशनल कमिश्नर स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी और सभी जोन में स्पेशल ड्राइव चलाया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वह समयानुसार अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। ताकि वह निगम द्वारा की जाने वाली आगामी कार्यवाही से बच सके।

### सेल्फ सर्टिफाइड करवाने के निर्देश

इसके अलावा उन्होंने लाल डोरा आबादी के अंतर्गत आने वाली प्रॉपर्टी को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार सभी जेडटीओ अपने अपने क्षेत्रों में लाल डोरा, आबादी वाली प्रॉपर्टी का सेल्फ सर्टिफाइड करवाना भी सुनिश्चित करें।

केनरा बैंक Canara Bank (A Govt. of India Undertaking)

**Recovery Section, Regional Office**
Plot no. 39, 1st Floor, Near Bohra Hyundai, Neelam-Bata Road, Faridabad

**NOTICE TO OUR CUSTOMER**

We would like to inform our customer **M/s Matharu Auto Parts,** ( Prop. Sh. Sukhdyal Singh) regarding collection of Inventory Items at their Residential property (Details mentioned below) has been sealed with your household items inside ( inventory list mentioned below) and you were informed vide our letter Ref. No. RO/FBD/MATHARU/24-25/IN dated **16.01.2025, 30.01.2025 and 13.02.2025** and paper publication date **17.01.2025, 01.02.2025** and **15.02.2025** you have failed to collect your house hold items from your property sold under E-Auction and physical possession of the same has been taken by us on **15.10.2024**
We once again inform you that we were forced to handing over the property to the Auction purchaser on **25.02.2025**, and shift your house holc items for safekeeping so you are instructed to collect your items within 7 days of the receipt of this notice, after duly paying the freight and storage charges incurred, failing which we shall be compelled to deal with the items as per extant guidelines.

**Description of property**

All that part and parcel of the property consisting of Residential House at MCF no 287/1 New, (old 23 & 24),Rect 68 Killa no. 18, 17/2, Near VM Public school, Jawahar Colony, Faridabad 121001. Bounded as under North – Rasta 15 Feet, South– Other' Land, East- Property of Gyan sarup, West- Kamlesh

**Inventory List**

3 Ceiling Fan, 2 Steel Almirah, 1 Double Bed, 1 Sandook, 2 Sofa Chair, 2 table, 1 Cooler, 1 Fridge, Kelvinator, 1 Single Bed, 1 Desktop Computer, with Computer Table, 1 Gas Choolah, 1 Washing Machine, 1 Ceiling Fan, 1 Folding, 1 Komaki Electric Bike, 1 Vikrant Bike, 2 Water Tanki & Rest items are as per photography and videography.

**Date:** 05-03-2025, **Place:** Faridabad **Authorised Officer,Canara Bank**

# 9 मार्च को गाजियाबाद में होगा कश्यप निषाद संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कश्यप-निषाद समाज की ओर से 09 मार्च 2025 को राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन गाजियाबाद के गोल्डन व्यू रिजॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। कार्यक्रम सुबह करीब 10 बजे से लेकर शाम को 5 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम का मकसद कश्यप-निषाद समाज के लोगों को एकजुट करने के साथ ही संगठन को मजबूत बनाने का रहेगा। वहीं वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश चुनाव को लेकर भी इसमें महत्वपूर्ण रणनीति बनाई जाएगी। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र भारत राज्य मंत्री और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप भी तमाम विषयों पर विचार रखेंगे।



गौरतलब है कि नरेंद्र कश्यप, कश्यप-निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की वजह से इस पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में स्वागत के बाद उनका मुख्य संबोधन होगा और कार्यक्रम समापन पर भी वह अपने विचार व्यक्त करेंगे।

# मेरठ रोड पर अवैध औद्योगिक इकाइयों पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का बुलडोजर मंगलवार को परिवर्तन जॉन 3 में अवैध रूप से बनाए जा रहे औद्योगिक इकाइयों पर चला। जिनमें कई औद्योगिक इकाइयों को ध्वस्त कर दिया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में राजेश व सरिता, कुलदीप सहगल तथा सुनील त्यागी द्वारा मोरटा औद्योगिक क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से निर्मित की जा रही औद्योगिक ईकाइयों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/ निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया, परंतु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गई कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों में भूखण्डों का क्रय, विक्रय न करें। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियंतागण एवं समस्त सुपरवाइजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहे।



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई/स्टेशन के सेक्शन में दिल्ली मुख्य स्टेशन के 1 से 16 तक विभिन्न पीएफ के कॉलम पेडेस्टल की मरम्मत पीएफ सतह पीएफ शेल्टर फाउंडेशन का उन्नयन और मरम्मत। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.99,98,040.30 (रुपये निन्यानवे लाख अट्ठानवे हजार चालीस और तीस पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,00,000/– (रुपये दो लाख मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 26.03.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 04–410–32 |

- ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
- **निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/49–2024–25/डब्लू–3**

**दिनांक : 04.03.2025**

692/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 84 बीएनएसएस देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू उर्फ खटीक पुत्र साबिर आलम, पताः 658/10, आई–2 ब्लॉक, संगम विहार, नई दिल्ली ने एफआईआर सं. 857/2023 दिनांक 22.09.2023 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः हज़रत निज़ामुद्दीन, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजू उर्फ खटीक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजू उर्फ खटीक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 857/2023 दिनांक 22.09.2023 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः हज़रत निज़ामुद्दीन, दिल्ली **के उक्त राजू उर्फ खटीक** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**कार्तिक तापड़िया**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**साउथ ईस्ट, कोर्ट नं–512**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/2573/SE/2025

# नाबालिग छात्रा को ब्लैकमेल कर 80 लाख वसूलने का एक आरोपी गिरफ्तार

फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दादी के अकाउंट से लिए थे रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दसवीं की छात्रा को ब्लैकमेल कर 80 लाख रुपये वसूलने के एक आरोपी को सेक्टर-10 थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से 5.13 लाख रुपए व पीड़िता का डेबिट कार्ड बरामद किया है। पुलिस मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है और लगभग 36 लाख रुपए रिकवर कर चुकी है।



सेक्टर-10 थाना पुलिस में 21 दिसंबर 2024 को एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसके बैंक खाते में जमीन के अधिग्रहण करने पर रुपये आए थे। महिला के बैंक खाता की ऑनलाइन बैंकिंग को उसकी 15 वर्षीय पोती चलाती है। महिला ने शिकायत दी थी कि कई युवकों ने उसकी पोती का अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर व ब्लैकमैल करके 80 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराए हैं। जबकि महिला को रुपए ट्रांसफर किए जाने के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने छह युवकों व एक युवती के खिलाफ मामला दर्ज करके दिसंबर माह में ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें सुमित कटारिया व कुशा निवासी हयातपुर, गुरुग्राम, सुमित तंवर निवासी खुडाना, महेंद्रगढ़ व अमित निवासी गढ़ी हरसरू शामिल थे।

इनके अलावा इस मामले में आदित्य व नवीन के अलावा एक युवती फरार थे। जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान नवीन कुमार (28 वर्ष) निवासी न्यू कॉलोनी हयातपुर रोड गांव गढ़ी हरसरू, गुरुग्राम के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि नाबालिग छात्रा को ब्लैकमेल करके 80 लाख रुपए ट्रांसफर कराने के मामले में पुलिस अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार की चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, ताकि अन्य आरोपियों को पकड़ा जा सके और मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों के बारे में पता चल सके।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank **पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 15 मार्च 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962005358 | कुलदीप सिंह |
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362005244 | सुरेन्द्र ना |
| शाखा का नाम : अम्बाला – अनाज मण्डी | |
| 432962000505 | राज कुमार दुग्गल |
| शाखा का नाम : अम्बाला कैंट | |
| 049862004995 | आदित्य जैन |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072962002931 | सुरेन्द्र सुरेन्द्र |
| शाखा का नाम : बिलासपुर – सरस्वती मार्केट | |
| 383362000361 | नितिन कुमार |
| शाखा का नाम : चीका | |
| 086062006911 | रकम सिंह |
| शाखा का नाम : धारूहेड़ा | |
| 162962001872 | मंगल सिंह |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद | |
| 661362602857 | मोहम्मद सर्वर |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-35 | |
| 085762003104 | रेनुका रेनु |
| शाखा का नाम : घरौंडा, हरियाणा | |
| 359962003004 | पूनम पूनम |
| शाखा का नाम : गोहाना | |
| 062762003057 | रविन्दर सिंह |
| 062762002801 | संदीप कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-23ए | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 091062002743 | शंकर चौधरी |
| 091005003330 | ममता राज |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-86 | |
| 489562000021 | गगन चतुर्वेदी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – रत्नगार्डन | |
| 106962003149 | ब्रजेश कुमार |
| 106905003297 | जतिन पाहूजा |
| शाखा का नाम : हरियाणा-रेवाड़ी | |
| 062662002771 | विशाल सतीजा |
| 062662002773 | सोनू सोनू |
| शाखा का नाम : होडल | |
| 775262000385 | रविन्द्र |
| शाखा का नाम : इन्द्री, हरियाणा | |
| 359662002980 | चतर सिंह |
| शाखा का नाम : झज्जर | |
| 140262002206 | सुखबीर सुखबीर |
| शाखा का नाम : जीन्द | |
| 050362003597 | राहुल कुमार |
| 050362003615 | रणबीर रणबीर |
| 050362004071 | पुनीत पुनीत |
| 050362004072 | पुनीत पुनीत |
| शाखा का नाम : कालांवाली, हरियाणा | |
| 359862001155 | गुरमीत सिंह |
| शाखा का नाम : मदीना गिंधरान | |
| 366462000268 | विपिन विपिन |
| शाखा का नाम : महम | |
| 382562001371 | उषा उषा |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562002187 | मि. जतिन |
| 219562002214 | मि. संदीप |
| 219562002495 | मि. सूनवीर |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862005326 | सुखपाल कौर |
| 197862006897 | राजिन्दर कौर |
| 197862006899 | सेवक सिंह |
| शाखा का नाम : नीमरीवाली | |
| 453762000054 | राकेश कुमार |
| शाखा का नाम : पलवल | |
| 073462003780 | राजेश कुमार |
| शाखा का नाम : पंचकूला – अर्बन एस्टेट | |
| 093562001588 | चिराग भसीन |
| शाखा का नाम : पिपली | |
| 093462005025 | रजत सैनी |
| शाखा का नाम : रेवाड़ी | |
| 662062600796 | विनय कुमार |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073162004002 | मंदीप सिंह |
| शाखा का नाम : सिरसा | |
| 073362002708 | रिंकू रिंकू |
| शाखा का नाम : उचाना | |
| 377262001168 | रामदिया रामदिया |
| 377262001183 | विकाश विकाश |
| शाखा का नाम : दिल्ली-नरेला | |
| 092962001532 | नीरू कांगड़ा |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – शालीमार बाग | |
| 036962004478 | कमलजीत कमलजीत |

दिनांक : 05.03.2025
स्थान : गुरुग्राम, हिसार, जीन्द, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, कैथल, अम्बाला, फरीदाबाद, भिवानी, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, झज्जर, पलवल, महेन्द्रगढ़, यमुनानगर, रेवाड़ी

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **(1) नियांग,** पत्नी ऑस्टिन, **(2) कृष्ण कुमार माथुर,** पुत्र प्रताप सिंह, निवासी- परिसर प्लॉट नंबर 34 के सामने, खसरा नंबर 8/25, ब्लॉक बी, कुतुब विहार फेज II, नजफगढ़, नई दिल्ली 110071 ने **सीटी केस नंबर 636/2020 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम थाना छावला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) नियांग (2) कृष्ण कुमार माथुर** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) नियांग (2) कृष्ण कुमार माथुर** फ़रार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) नियांग (2) कृष्ण कुमार माथुर, सीटी केस नंबर 636/2020 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम थाना छावला, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 04.04.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री विनोद कुमार मीना**
जिला एवं सत्र न्यायाधीश
विद्युत अधिनियम विशेष न्यायालय, दिल्ली

**DP/2714/DW/2025**

## फतेहपुर बेरी इलाके के फार्म हाउस में चल रहा था बुटीक

# बूटीक से दो करोड़ रुपए के परिधान लूटने वाले दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ दो नाबालिग और उनकी महिला मित्र पकड़ी

फतेहपुर बेरी इलाके में एक प्रसिद्ध बुटीक में दो करोड़ के सामान की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सिलसिले में दो नाबालिगों की जोड़ी और एक महिला को पकड़ा गया है। पुलिस ने लूट का सारा सामान बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 1 मार्च को लगभग दो बजे फतेहपुर बेरी में महंगे डिजाइनर दुल्हन के परिधानों की लूट के संबंध पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। तुरंत पुलिस कर्मचारी मौके पर फार्म हाउस पहुंचे। फार्म हाउस के गार्ड ने बताया कि वह रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक ड्यूटी पर था। वहां पर अंदर ही एक बुटीक चल रहा था। रात करीब 11:15 बजे एक महिला दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ वहां पहुंची। उसने खुद को मालिक का रिश्तेदार बताया। गार्ड का विश्वास हासिल करके उसने वॉशरूम का उपयोग करने के बहाने शोरूम में प्रवेश का अनुरोध किया। अचानक दो नकाबपोश लोगों ने गार्ड को बंधक बना लिया। उसके हाथ पैर बांध दिए और शोरूम में रखे सभी डिजाइनर दुल्हन के कपड़े लूट फरार हो गये थे। जांच के दौरान टीम को पता चला कि आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी चुरा लिया था। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि वह सुल्तानपुर क्षेत्र में रहता है और बुटीक का काम करता है। वह एक शानदार जीवन जीना चाहता था, इसलिए उसने अपने नाबालिग दोस्त और उसकी महिला मित्र के साथ मिलकर बुटीक को लूटने की साजिश रची थी। वह दुल्हन के परिधानों की कीमत जानता था।

# प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच गोलीबारी में पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ उत्तर पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर की घटना

उत्तर पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में दो समूहों के बीच सोमवार रात हुई गोलीबारी की घटना में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटनास्थल की जांच जिले की क्राइम और फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम द्वारा की गई। मौके से कई खोखे और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। ज्योति नगर थाने में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब नौ बजे ज्योति नगर थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके बेटे को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी है। पुलिस मौके पर पहुंची और गोलीबारी में शामिल संदिग्धों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कई टीमें गठित कर जांच शुरू की गई। पुलिस अफसरों का कहना है कि गोलीबारी का मकसद अभी पता नहीं हो पाया है। पुलिस गिरोहों के बीच प्रतिद्वंद्विता या व्यक्तिगत दुश्मनी की आशंका को लेकर मामले की जांच कर रही है। सुराग के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। इस बीच स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए आसपास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने लोगों से भी जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है।

## उच्च रिटर्न का झांसा देकर फ्रॉड करने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** टेलीग्राम पर अधिक रिटर्न के बहाने लोगों से उनकी गाढ़ी कमाई ठगने वाले जालसाज को द्वारका साइबर टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी विवेक शेखर निवासी वीसी टावर, पार्ट-1, इंदौर, मध्य प्रदेश ने धोखाधड़ी की रकम प्राप्त करने के लिए एक ऑनलाइन वॉलेट भी संचालित किया था। आरोपी को राजस्थान की एक अन्य साइबर फ्रॉड की शिकायत में भी संलिप्त पाया गया है। पुलिस के अनुसार शबनम नामक महिला की शिकायत पर साइबर थाना, द्वारका में केस दर्ज किया गया था। महिला ने आरोप लगाया था कि उन्हें निवेश योजना के लिए टेलीग्राम एप से मैसेज प्राप्त हुआ था। बाद में उससे 82 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। उसकी निवेश राशि पर अधिक ब्याज का झांसा दिया गया था। बैंक खाते की जांच और उससे जुड़े मोबाइल नंबरों के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंच सकी।

# दिल्ली पुलिस फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड से हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस को फिक्की होमलैंड सुरक्षा सम्मेलन 2025 में स्मार्ट पुलिसिंग स्पेशल जूरी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। दिल्ली पुलिस फोरेंसिक इनोवेशन में अग्रणी है। अपराध का पता लगाने से लेकर फोरेंसिक जांच मौजूदा समय की मांग है। यहीं कारण है कि फोरेंसिक क्षमताओं को बढ़ावा देने के मकसद से ही दिल्ली पुलिस ने तीन और मोबाइल फोरेंसिक वाहन बेड़े में जोड़े है।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल सीपी संजय भाटिया के अनुसार मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने फेडरेशन हाउस में होमलैंड सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस और प्रदर्शनी 2025 की मेजबानी की। सम्मेलन में पुलिसिंग में उभरती चुनौतियों से निपटने और अगली पीढ़ी के सुरक्षा समाधान तलाशने के लिए शीर्ष पुलिस अधिकारियों, प्रौद्योगिकी हस्तियों और उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच पर साथ लाया गया। 16 राज्य पुलिस बलों और 6 सीएपीएफ और केंद्रीय एजेंसियों सहित 23 संगठनों द्वारा प्रस्तुत 129 उत्कृष्ट प्रविष्टियों के पूल से फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड्स की सम्मानित जूरी ने दिल्ली पुलिस को सीसीटीएनएस में ई-फॉरेंसिक मॉड्यूल के अग्रणी एकीकरण के लिए विशेष जूरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार अत्याधुनिक फोरेंसिक तकनीक के माध्यम से अपराध जांच को आधुनिक बनाने के लिए दिल्ली पुलिस की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उधर अपराध जांच में एक और बड़ा कदम उठाते हुए पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) से प्राप्त तीन मोबाइल फोरेंसिक वाहनों (एमएफवी) का उद्घाटन भी किया। ये वाहन वास्तविक समय में अपराध स्थल की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इससे त्वरित साक्ष्य संग्रह और फोरेंसिक विश्लेषण सुनिश्चित हो सकेगा।

## नरेला जोन वार्ड समिति की बैठक में पार्षदों ने उठाई समस्याएं

# पार्षदों ने चेताया, नहीं हटा सड़कों से अतिक्रमण तो नपेंगे अधिकारी

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद आगामी अप्रैल में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भी भाजपा के महापौर बनने की प्रबल संभावना को देखते हुए भाजपा पार्षदों में भी जोश का माहौल देखा जा रहा है। इसी माहौल का असर मंगलवार को नरेला जोन की वार्ड समिति की बैठक में नजर आया। यहां जोन अध्यक्ष पवन सहरावत की अध्यक्षता में आयोजित वार्ड समिति की बैठक में भाजपा पार्षदों ने कहा कि नरेला जोन क्षेत्र स्थित कई मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण इस कदर बढ़ गया है कि लोगों को घंटों जाम का सामना करना पड़ रहा है। बवाना चौक को लेकर जोन अध्यक्ष पवन सहरावत, पार्षद जयभगवान यादव, मनोनीत निगम पार्षद विनोद सहरावत ने कहा कि यहां और अन्य इलाकों में जहां जहां भी सड़कों, फुटपाथों पर अतिक्रमण है, उसे खत्म किया जाए और यदि ऐसा नहीं होता है तो संबंधित निगम अधिकारियों पर नियमानुसार एक्शन लिया जाए। बैठक में पार्षद जनता देवी, नेहा, अंजू अमन, बबीता दीपक डबास, योगेश राणा और मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य ने दिल्ली सरकार और निगम की नालियों की सफाई नहीं होने और खुले में फैले कूडे कचरे से संबंधित मामले उठाए। बैठक में जोन उपायुक्त पवन यादव ने पार्षदों को आश्वासन देते कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी पार्षदों के द्वारा उठाए गए मुद्दों को हल करे।



### निगम जोन में सिर्फ स्टीकर वाले वाहनों को दिया जाए प्रवेश

जोन उपायुक्त कार्यालय परिसर में खड़े वाहनों को लेकर बैठक में पार्षदों ने कहा कि बैठक के दौरान जोन परिसर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं मिलती है और इसके चलते कुछ ऐसी व्यवस्था की जाए कि पार्षदों को जोन में आते समय गेट पर प्रवेश के समय रूकना ना पड़े। पार्षदों ने निगम उपायुक्त को सलाह देते हुए कहा कि परिसर में सिर्फ उन्हीं वाहनों का प्रवेश दिया जाए जिन पर निगम का स्टीकर लगा हो। जल्द ही ऐसे स्टीकर देने के लिए व्यवस्था की जाए।

### उठाने थे आवारा पशु, उठा ली पालतू गाय

वार्ड समिति बैठक में पार्षदों ने ऐसा मामला भी उठाया जिसके चलते अधिकारी को चेतावनी दी गई कि भविष्य में सिर्फ उन्हीं पशुओं को उठाया जाए जो जनता के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। होलंबी मेट्रो विहार वार्ड तीन से पार्षद नेहा ने कहा कि उन्होंने शिकायत की थी जन शौचालय परिसर में आवारा पशुओं की समस्या है, उन्हें उठाया जाए। इसके बाद निगम के पशु विभाग के अधिकारी ने एक विधवा महिला की पालतु गाय उठा ली जिसके आसपास के लोगों ने भी कई पार्षदों से संपर्क किया लेकिन पालतु गाय को नहीं छोड़ा गया।

# सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

द्वारका सेक्टर छह में मंगलवार सुबह एक कार के पेड़ से टकरा जाने के कारण दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस की तरफ से घायलों के नशे में होने की बात से इंकार किया है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**02883/02884 राँची जं. – गोरखपुर जं. – राँची जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 02883 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02884 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:55 | राँची जं. | 05:30 | -- |
| 11:45 | 11:58 | वाराणसी जं. | 18:15 | 18:25 |
| 19:50 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 11:00 |

चलने की तिथि : 02883 राँची जं. से दिनांक 12.03.2025 (बुधवार) को एवं 02884 गोरखपुर जं. से दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, गोमो जं., कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑन सोन, सासाराम, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं. एवं देवरिया सदर स्टेशन।

**07707/07708 चर्लपल्ली – हज़रत निज़ामुद्दीन – चर्लपल्ली होली स्पेशल रेलगाड़ी — 6 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 07707 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07708 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 20:45 | चर्लपल्ली | 09:30 | -- |
| 01:30 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 03:15 |

चलने की तिथि : 07707 चर्लपल्ली से दिनांक 06.03.25, 12.03.25 एवं 16.03.2025 को एवं 07708 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 08.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, रानी कमलापति, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई (झाँसी) एवं आगरा कैंट स्टेशन

**01707/01708 जबलपुर जं. – आनन्द विहार टर्मिनल – जबलपुर जं. होली एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी — 6 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01707 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01708 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 20:20 | जबलपुर जं. | 10:00 | -- |
| 16:45 | -- | आनन्द विहार टर्मि. | -- | 18:05 |

चलने की तिथि : 01707 जबलपुर जं. से दिनांक 08.03.25, 12.03.25 एवं 15.03.2025 को एवं 01708 आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 09.03.25, 13.03.25 एवं 16.03.2025 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी) शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: कटनी जं., मैहर, सतना, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., अलीगढ जं. एवं गाजियाबाद जं. स्टेशन।

**05734/05733 कटिहार जं. – अमृतसर जं. – कटिहार जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 8 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05734 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05733 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 11:40 | कटिहार जं. | 15:00 | -- |
| 00:10 | -- | अमृतसर जं. | -- | 04:20 |

चलने की तिथि : 05734 कटिहार जं. से दिनांक 06.03.2025 से 27.03.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को) एवं 05733 अमृतसर जं. से दिनांक 08.03.2025 से 29.03.2025 तक (प्रत्येक शनिवार को)।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: नौगछिया, थाना बिहपुर जं., मानसी जं., खगड़िया जं., बेगू सराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., छपरा जं., सिवान जं., डोरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., इटावा, अलीगढ जं., खुर्जा जं., हापुड़ जं., मेरठ सिटी जं., मुज़फ्फरनगर सहारनपुर जं., अम्बाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर सिटी जं. एवं ब्यास जं. स्टेशन।

**09075/09076 मुंबई सेन्ट्रल – काठगोदाम – मुंबई सेन्ट्रल सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी — 32 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09075 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09076 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 11:00 | मुंबई सेन्ट्रल | 20:55 | -- |
| 14:30 | -- | काठगोदाम | -- | 17:30 |

चलने की तिथि : 09075 मुंबई सेन्ट्रल से दिनांक 12.03.2025 से 25.06.2025 (प्रत्येक बुधवार को) एवं 09076 काठगोदाम से दिनांक 13.03.2025 से 26.06.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को)।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना जं., वडोदरा, रतलाम, डकनिया तालाव, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बदाऊँ, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्जतनगर जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन।

**09101/09102 वडोदरा जं. – हरिद्वार – वडोदरा जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 8 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09101 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09102 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 19:00 | वडोदरा जं. | 11:25 | -- |
| 14:30 | -- | हरिद्वार | -- | 17:20 |

चलने की तिथि : 09101 वडोदरा जं. से दिनांक 08.03.25, 15.03.25, 22.03.25 एवं 29.03.2025 (प्रत्येक शनिवार को) एवं 09102 हरिद्वार से दिनांक 09.03.25, 16.03.25, 23.03.25 एवं 30.03.2025 (प्रत्येक रविवार को)।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., कोटा जं., गंगापुर सिटी, मथुरा जं., हज़रत निजामुद्दीन, गाजियाबाद जं., मेरठ नगर जं., मुज़फ्फर नगर, टपरी जं. एवं रूड़की स्टेशन।

**04064/04063 नई दिल्ली– गया जं. – नई दिल्ली सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी — 8 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04064 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04063 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:30 | नई दिल्ली | 23:35 | -- |
| 01:50 | -- | गया जं. | -- | 06:40 |

चलने की तिथि : 04064 नई दिल्ली से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 (सोमवार एवं गुरूवार को) एवं 04063 गया जं. से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 (मंगलवार एवं शुक्रवार को)।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम जं. एवं डेहरी ऑनसोन स्टेशन।

**04070/04069 आनन्द विहार टर्मि. – राजगीर – आनन्द विहार टर्मि. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी — 8 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04070 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04069 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 00:20 | आनन्द विहार टर्मि. | 19:00 | -- |
| 19:50 | -- | राजगीर | -- | 23:30 |

चलने की तिथि : 04070 आनन्द विहार टर्मि. एवं 04069 राजगीर से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. एवं सामान्य।
ठहराव: गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, आरा आरा जं., पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन।

**04018/04017 आनन्द विहार टर्मि. – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – आनन्द विहार टर्मि. आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04018 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04017 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मि. | 06:00 | -- |
| 06:00 | -- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | -- | 07:30 |

चलने की तिथि: 04018 आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.2025 (प्रत्येक गुरूवार को) एवं 04017 मुज़फ़्फ़रपुर जं. से दिनांक 07.03.25, 14.03.25 एवं 21.03.2025 (प्रत्येक शुक्रवार को)।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शहाजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतीहारी स्टेशन।

**04066/04065 नई दिल्ली – सहरसा जं. – नई दिल्ली आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी — 8 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04066 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 21:35 | नई दिल्ली | 23:30 | -- |
| 22:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 23:55 |

चलने की तिथि : 04066 नई दिल्ली से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 एवं 04065 सहरसा जं. से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: चिपयाना बुजुर्ग, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं, दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन।

**04030/04029 आनन्द विहार टर्मि. – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – आनन्द विहार टर्मि. होली स्पेशल रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04030 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04029 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मि. | 06:00 | -- |
| 06:00 | -- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | -- | 07:30 |

चलने की तिथि : 04030 आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 08.03.25, 11.03.25, 15.03.25 एवं 18.03.2025 को एवं 04029 मुज़फ्फरपुर जं. से दिनांक 09.03.25, 12.03.25, 16.03.25 एवं 19.03.2025 को।
स्थान: 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शहाजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतीहारी स्टेशन।

**04062/04061 दिल्ली जं. – पटना जं. – दिल्ली जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 24 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04062 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04061 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:55 | दिल्ली जं. | 10:25 | -- |
| 16:40 | -- | पटना जं. | -- | 17:50 |

चलने की तिथि : 04062 दिल्ली जं. से दिनांक 06.03.2025 से 17.03.2025 तक (प्रतिदिन) एवं 04061 पटना जं. से दिनांक 07.03.2025 से 18.03.2025 तक (प्रतिदिन) स्थान: 3 टियर वाता. एवं इकोनॉमी।
ठहराव: गाजियाबाद, चिपयाना बुजुर्ग, कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं. एवं दानापुर स्टेशन

**04602/04601 अमृतसर जं. – सहरसा जं. – अमृतसर जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04602 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04601 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 20:10 | अमृतसर जं. | 18:20 | -- |
| 05:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 10:00 |

चलने की तिथि : 04602 अमृतसर जं. से दिनांक 08.03.25, 12.03.25 एवं 16.03.2025 को एवं 04061 सहरसा जं. से दिनांक 10.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., लुधियाना, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

**04502/04501 सरहिंद जं. – जय नगर जं. – सरहिंद जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04502 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04501 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 13:00 | सरहिंद जं. | 05:15 | -- |
| 19:45 | -- | जय नगर जं. | -- | 23:30 |

चलने की तिथि : 04502 सरहिंद जं. से दिनांक 07.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 को एवं 04501 जय नगर जं. से दिनांक 8.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: राजपुरा, अंबाला कैंट, बराड़ा, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या धाम, मानकापुर जं., बस्ती, गोरखपुर, छपरा जं., हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

**04302/04301 योग नगरी ऋषिकेश – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04302 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04301 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 08:10 | -- |
| 07:30 | -- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | -- | 09:00 |

चलने की तिथि : 04302 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 को एवं 04301 मुजफ्फरपुर जं. से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को। स्थान: 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता. शयनयान।
ठहराव: हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपु, सिवान, छपरा एवं हाज़ीपुर स्टेशन।

**05082 बनारस – सिकन्दराबाद जं. वन वे होली स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05082 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| बनारस | -- | 18:00 |
| वाराणसी जं. | 18:15 | 18:25 |
| सिकन्दराबाद जं. | 22:30 | -- |

चलने की तिथि : 05082 बनारस से दिनांक 05.03.25 को। स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: वाराणसी जं., प्रयागराज छिवकी जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., इटारसी जं, घोड़ाडोंगरी, बैतूल, नागपुर जं., सेवाग्राम जं., चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपूरकागजनगर, बेल्लमपल्ली, मंचेरियाल, रामगुंडम, पेद्दपल्ली जं., जम्मीकुटा एवं काजीपेट जं. स्टेशन।

**03697/03698 गया जं. – दिल्ली जं. – गया जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस होली स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन) — 44 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 03697 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03698 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:15 | गया जं. | 00:30 | -- |
| 07:45 | -- | दिल्ली जं. | -- | 08:55 |

चलने की तिथि : 03697 गया जं. से दिनांक 06.03.2025 से 31.03.2025 तक (रविवार को छोड़कर) एवं 03698 दिल्ली जं. से दिनांक 07.03.2025 से 01.04.2025 तक (सोमवार को छोड़कर)
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑनसोन, सासाराम जं., भभुआ रोड, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**04014/04013 नई दिल्ली – जय नगर – नई दिल्ली आरक्षित होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04014 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04013 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 05:00 | नई दिल्ली | 19:55 | -- |
| 12:00 | -- | जय नगर | -- | 17:00 |

चलने की तिथि : 04014 नई दिल्ली से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 एवं 01413 जय नगर से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को
स्थान: 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, राय बरेली, अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम, वाराणसी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., दानापुर, पाटलिपुत्र, हाज़ीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं. एवं सीतामढ़ी जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

**04028/04027 आनन्द विहार टर्मि. – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मि. आरक्षित होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04028 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04027 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मि. | 12:25 | -- |
| 03:00 | -- | जोगबनी | -- | 09:45 |

चलने की तिथि : 04028 आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.2025 को एवं 04027 जोगबनी से दिनांक 08.03.25, 15.03.25 एवं 22.03.2025 को
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली,शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, सदर, सिवान जं. छपरा जं., सोनपुर जं., हाज़ीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एएसआई को 10 तारीख तक देना होगा जवाब

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल मस्जिद को 'विवादित ढांचा' किया घोषित

हिंदुओं के लिए एक महत्वपूर्ण जीत में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 4 मार्च (मंगलवार) को संभल में जामा मस्जिद की दीवार पर "विवादित संरचना" का उल्लेख करने की अनुमति दी, क्योंकि मुस्लिम समिति ने संरचना की सफेदी पर आपत्ति जताई थी।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

न्यायालय ने जामा मस्जिद को विवादित संरचना माना, क्योंकि एएसआई ने दावा किया था कि दूसरा पक्ष मस्जिद की दीवारों को रंगने के लिए दबाव डाल रहा था और हिंदुओं द्वारा मंदिर के इतिहास को सफेद करने का प्रयास करने की दलील दी गई थी। अदालत 10 मार्च को मामले की सुनवाई करने वाली है।

**मस्जिद समिति और भारत सरकार के बीच समझौता**-हिंदू पक्ष ने स्मारक/संरचना के रखरखाव के संबंध में मस्जिद समिति और भारत सरकार के बीच 1927 के समझौते को चुनौती दी। मस्जिद समिति ने 28 फरवरी की एएसआई रिपोर्ट पर आपत्ति जताई, जिसके बाद अदालत ने मस्जिद समिति की आपत्तियों पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए एएसआई को 10 मार्च तक का समय दिया।



### संभल को लेकर विधानसभा में बोले सीएम योगी

#### जो हमारा है हमें मिल जाना चाहिए

सीएम योगी ने संभल का जिक्र करते हुए कहा कि जो हमारा है, हमें मिल जाना चाहिए। इससे इतर कुछ नहीं। सीएम योगी ने कहा कि एक शरारत के तहत संभल के 68 तीर्थों और 19 कूपों की निशानी मिटाने की कोशिश की गई। उसको खोजना हमारा काम था। हमने 54 तीर्थ खोजे और 19 कूपों को भी पाया।

#### मंदिर में सुबह की आरती

मंदिर में सुबह की आरती की गई, जिसमें भगवान हनुमान की मूर्ति और एक शिवलिंग है। अधिकारियों ने कहा कि शाही जामा मस्जिद के पास स्थित मंदिर की खोज अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान हुई थी। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि सांप्रदायिक दंगों के कारण क्षेत्र में हिंदू समुदाय के विस्थापन के बाद 1978 से मंदिर बंद पड़ा था।

#### इर्द-गिर्द केंद्रित दावे

यह विवाद इस दावे के इर्द-गिर्द केंद्रित है कि शाही जामा मस्जिद ऐतिहासिक हरिहर मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी, जिसके बारे में कई लोगों का मानना है कि यह मूल रूप से इस स्थल पर था। पिछले साल 24 नवंबर को मस्जिद का कोर्ट के आदेश पर सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण के बाद हिंसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप चार लोगों की मौत हो गई और घटना की गहन जांच शुरू हो गई। पिछले साल दिसंबर में, उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक प्राचीन मंदिर को फिर से खोल दिया गया, जो शहर में सांप्रदायिक दंगों के बाद 1978 से बंद था।

## खबर संक्षेप

### पूर्व एमएलसी सपा नेता बासुदेव यादव गिरफ्तार



**वाराणसी।** सपा के नेता पूर्व एमएलसी व पूर्व शिक्षा निदेशक बासुदेव यादव को विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। वाराणसी की विजिलेंस टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ जार्जटाउन स्थित आवास से बासुदेव यादव को गिरफ्तार किया और वाराणसी लेकर आई है।

### ई-लॉटरी के मध्यम से मिलेंगी शराब दुकानें



**महोबा।** ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से शराब दुकानों का आवंटन किया जाएगा। जिले में इसके लिए 1559 लोगों ने आवेदन किए है। 6 मार्च को प्रक्रिया के तहत दुकानों का व्यवस्थापन कराया जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि देशी शराब की 132, विदेशी मदिरा व बीयर की 54 व भांग की आठ फुटकर बिक्री की दुकानों का आवंटन किया जाना है।

### सदन में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# महाकुंभ में 33 करोड़ महिलाएं आईं पर एक भी अपराधिक घटना नहीं हुई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार विधानसभा में विपक्ष को घेरते हुए कहा कि सपा उन देवताओं में विश्वास नहीं रखती, जिनमें भारत की आस्था जुड़ी हुई है। साथ ही मुख्यमंत्री ने ये भी दावा किया कि महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए थे।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

बजट सत्र में सीएम योगी ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि आप भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करते हैं। आपने कहा कि हमारी सोच सांप्रदायिक है लेकिन आप हमें बताएं कि हम कैसे सांप्रदायिक हो सकते हैं?

**कुल जीडीपी में यूपी देश में दूसरे स्थान पर**

हम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं। 45 दिनों के आयोजन ने भारत की विरासत और विकास की एक अनुपम छाप न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में छोड़ी है। महाकुंभ का आयोजन हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी। इसमें केंद्र और राज्य सरकारें खरी उतरीं। महाकुंभ 33 करोड़ महिलाएं आईं पर एक भी अपराधिक घटना नहीं हुई।

**8 वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी दोगुना से अधिक**



इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की गूंज दुनिया में लंबे समय तक सुनाई देगी। ये हमारे सनातन धर्म के लिए गौरव की बात है। ये सिर्फ आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है बल्कि इस आयोजन से हमारी अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ होने की उम्मीद है।

#### महाकुंभ से अर्थव्यवस्था को 3.5 लाख करोड़ का लाभ

सीएम योगी ने बताया कि महाकुंभ सिर्फ एक आध्यात्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी ऐतिहासिक साबित हुआ। महाकुंभ का आयोजन हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी। इसमें केंद्र व राज्य सरकारें खरी उतरीं। आयोजन से यूपी की अर्थव्यवस्था को लगभग 3.5 लाख करोड़ का लाभ होने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों, नाविकों और विभिन्न सेवाओं से जुड़े लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष फायदा हुआ।

**विधायक से वसूलों पैसा**

### यूपी विधानसभा में पान मसाला थूकने पर भड़के सतीश महाना

उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सदन के बाहर गेट पर पान मसाला थूकने की गंदगी देख विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भड़क गए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों से विधायक की पहचान तो कर ली लेकिन उनका नाम नहीं बताया ताकि विधायक अपमानित न महसूस करें। महाना ने खड़े होकर पान मसाला के थूक को विधानसभा के स्टाफ से साफ करवाया। अध्यक्ष ने आदेश दिया कि वहां पर नई कालीन बिछाई जाए और उसके पैसे की वसूली थूकने वाले विधायक से की जाए। इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

### सीएम नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान

# चुनाव से पहले 50 लाख युवाओं को नौकरी व रोजगार का वादा



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा ऐलान किया। उन्होने कहा कि हम लोग चुनाव तक राज्य के 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दे देंगे। सीएम नीतीश ने कहा कि वर्ष 2020 में हमलोगों ने जो घोषणा की थी, उससे अधिक 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार इस साल तक दे देंगे। 10 लाख की जगह 12 लाख नौकरी और 10 लाख की जगह 38 लाख रोजगार चुनाव तक युवाओं को दे देंगे।

#### पंचायती राज और नगर निकाय में 50% महिलाओं को आरक्षण

मुख्यमंत्री ने बताया कि दस लाख नौकरी में 935000 नौकरी दी जा चुकी है। अब इसे 12 लाख कर दिया गया है। 38 लाख रोजगार करने का लक्ष्य रखा है। दोनों मिलकर 50 लाख कर दिया गया है। उन्होने कहा कि पंचायती राज और नगर निकाय में 50% महिलाओं को आरक्षण दिया। 2013 में महिला पुलिस को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया। बिहार में महिला पुलिस की जितनी संख्या है, पूरे देश में किसी राज्य में इतनी संख्या नहीं है। स्वयं सहायता समूह का गठन किया जिसका नाम जीविका रखा।

#### विपक्ष ने कर दिया वॉकआउट

वहीं जब जल-नल के बारे में जब मुख्यमंत्री कहने लगे तो विपक्ष ने कहा कि नल का टोंटी टूट गया है। तेज प्रताप यादव ने इशारा किया सब विरोध करो तब पूरा विपक्ष विरोध में खड़ा होकर विरोध करने लगा। नारेबाजी करते हुए विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोग तो भाग गया क्यों कि इन लोगों को समझ में कुछ आ रहा है? चुनाव में इन लोगों को कुछ मिलने वाला नहीं है।

## पेज एक का शेष

### शावकों को पिलाया दूध...

सर्जरी होते हुए भी देखी। वनतारा पहुंचने के दौरान प्रधानमंत्री ने शेर, बाघ, जिराफ, हाथी और तोते समेत कई जानवरों के साथ वक्त बिताया। पीएम मोदी ने यहां अलग-अलग प्रजाति के शावकों को दूध पिलाया। उन्होंने जिन शावकों के साथ वक्त गुजारा, उनमें एशियाई शावक, सफेद शेर, काराकल शावक और क्लाउडेड तेंदुए के शावक शामिल हैं। पीएम मोदी जिस सफेद शेर के बच्चे को दूध पिलाते दिखे, उसकी मां को रेस्क्यू करके वनतारा में लाया गया था। काराकल शेर कभी भारत में काफी संख्या में थे, लेकिन अब दुर्लभ होते जा रहे हैं। वनतारा में काराकल शेरों के प्रजनन के बाद उन्हें जंगल में छोड़ दिया जाता है।

### एमआरआई रूम...

टाइगर और 4 स्नो टाइगर्स को देखा। पीएम मोदी ने एक ओकापी को थपथपाया और चिंपैंजी से भी मिले। ओरंगुटान के साथ प्यार से खेले। इसके बाद पीएम ने एक दरियाई घोड़े को करीब से देखा।

### बदलावों को सनातन ...

निर्माण को बढ़ावा देना आवश्यक है। आज विश्व भारत की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहा है। भारत ने सदैव सत्य के मार्ग पर चलते हुए अपने मूल्यों को बनाए रखा है, और यह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यदि समाज में परिवर्तन लाना है, तो सबसे पहले व्यक्ति में परिवर्तन लाना होगा। उन्होंने विद्या भारती की इस दिशा में भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि हमें ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करनी होगी, जो व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सहायक हो। उन्होंने पंच परिवर्तन, विमर्श परिवर्तन, और सज्जन शक्ति जागरण को संघ के आगामी कार्यक्रमों का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। इस अवसर पर संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, विद्या भारती के अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव, महामंत्री अवनीश भटनागर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में अवनीश भटनागर ने अतिथियों का परिचय कराया, जिसके उपरांत अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव ने शिविर की संकल्पना प्रस्तुत की।

### सपा नेता आजमी...

नहीं था। जो बातें इतिहास में लिखी हुई हैं, उन्हें मिटाया नहीं जा सकता, एक फिल्म के जरिए इतिहास को उल्टा-सीधा बताने का काम किया जा रहा है और ऐसा नहीं होना चाहिए। मसूद ने कहा कि औरंगजेब 49 साल तक हिंदुस्तान का बादशाह रहा, उसे कैसे अत्याचारी बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब के राज में जीडीपी बहुत ज्यादा थी। जिस अखंड भारत की बात की जाती है, वह अखंड भारत औरंगजेब के जमाने में ही था। चीन और अफगानिस्तान से लेकर बर्मा तक भारत औरंगजेब के जमाने में ही था।

### औरंगजेब ने कई मंदिर....

सवाल के जवाब में कि क्या छत्रपति संभाजी महाराज के खिलाफ औरंगजेब ने जो किया, वह कार्रवाई क्रूर था या नहीं, आजमी ने कहा कि यह सत्ता की लड़ाई थी और हिंदू और मुसलमान के बीच का संघर्ष नहीं था।

### औरंगजेब की कब्र ...

तरह से औरंगाबाद का नाम बदलकर हमारे भगवान संभाजी महाराज के नाम पर रखा गया, उसी तरह औरंगजेब की कब्र को भी तोड़ दिया जाना चाहिए।

### बिहार भाजपा के अध्यक्ष पद...

के नेतृत्व में ही आगामी विधानसभा का चुनाव होगा। संपूर्ण एनडीए गठबंधन पार्टियां भाजपा के साथ मजबूती से चुनाव लड़ेगी और बिहार की जनता से आशीर्वाद से हम फिर से चुनाव जीतेंगे।

**जयसवाल के नेतृत्व में बीजेपी और आगे बढ़ेगी** : भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि दिलीप जयसवाल प्रदेश अध्यक्ष बन गये हैं और उनके नेतृत्व में बीजेपी और आगे बढ़ेगी। नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में यहां एनडीए की सरकार बनेगी। लोगों में काफी उत्साह है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज संगठन का चुनाव था, हमारा संगठन महोत्सव आज समाप्त हुआ। हमारे प्रदेश में डॉ. दिलीप जयसवाल पार्टी अध्यक्ष बने, उनके नेतृत्व में संगठन आगे बढ़ेगा। राज्य अक्टूबर-नवंबर के महीने में विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि भाजपा सर्वसम्मति से चुने गए अपने नए अध्यक्ष के नेतृत्व में बिहार प्रदेश संगठन पर्व मना रही है। आज बिहार को एक ऐसा अध्यक्ष मिला है जो अनुभवी, सरल स्वभाव वाला और मेहनती है। भाजपा नेता ने कहा कि हमें प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ दिलीप जयसवाल मिले हैं। 2025 में भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। बीजेपी नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि दिलीप जयसवाल प्रदेश अध्यक्ष बन गये हैं और उनके नेतृत्व में भाजपा और आगे बढ़ेगी।

### कश्मीर, मणिपुर पर यूएन...

विविधता, खुलेपन की संस्कृति को समझना जरूरी : बागची ने अपने जवाब की शुरुआत करते हुए कहा, क्योंकि भारत का नाम लेकर टिप्पणियां की गई हैं। इसलिए मैं सबसे पहले जोर देकर यह कहना चाहूंगा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है। जो एक स्वस्थ, जीवंत और बहुलवादी समाज बना हुआ है। हम हमारे देश की विविधता और खुलेपन की सभ्यता कालीन संस्कृति को बेहतर ढंग से समझने का अनुरोध करेंगे। यह हमारे मजबूत और ज्यादातर शोरगुल वाले नागरिकों के स्थान को परिभाषित करता है।भारत की आम जनता ने हमारे बारे में की जाने वाली ऐसी सभी चिंताओं को हर बार गलत साबित किया है। उन्होंने एक बुनियादी ढांचे के रूप में भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसकी सबसे बड़ी ताकत देश का लोकतंत्र और संस्थान हैं।

**कश्मीर नहीं, जम्मू-कश्मीर कहिए** : भारत के राजदूत ने वोल्कर टर्क के जम्मू-कश्मीर को महज कश्मीर कहकर संबोधित करने को एक विडंबना करार दिया और कहा यह वैश्विक अपडेट में हुई एक गलती है। मौजूदा वर्ष 2025 क्षेत्र में शांति और समावेशी प्रगति के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है। जिसमें प्रांतीय चुनावों में मतदाताओं द्वारा बढ़चढ़कर की गई भागीदारी, पर्यटन उद्योग में तेजी से लेकर तीव्र गति से होता विकास मुख्य रूप से शामिल है।

### यह है टर्क का ...

दिया। साथ ही जम्मू-कश्मीर को सिर्फ कश्मीर के रूप में संबोधित करने पर ऐतराज जताते हुए कहा कि वह कश्मीर व अन्य जगहों पर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, स्वतंत्र पत्रकारों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कानूनों के जरिए लगाई जाने वाली रोक और उत्पीड़न से चिंतित हैं।

### अकादमिक और उद्योग जगत...

सहित मंत्रालय व उससे जुड़े हुए विभिन्न संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

**अंतरराष्ट्रीय सोच संग सभी आगे बढ़ें** : राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य इस सदी के पहले भाग के अंत से पहले भारत को एक विकसित देश बनाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों और विद्यार्थियों से जुड़े सभी हितधारकों को वैश्विक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। अंतरराष्ट्रीयकरण के प्रयासों और सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से युवा विद्यार्थी 21वीं सदी की दुनिया में अपनी और अधिक प्रभावी पहचान बना सकेंगे। जिससे हमारे उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षा की उपलब्धता से विदेश में जाकर पढ़ाई करने की प्रवृत्ति में कमी आएगी और हमारी युवा प्रतिभाओं का राष्ट्र निर्माण में बेहतर उपयोग हो सकेगा।

**लचीली शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विद्यार्थियों की विशेष प्रतिभा और आवश्यकताओं के हिसाब से व्यवस्था आधारित व लचीली शिक्षा प्रणाली का होना अत्यंत आवश्यक और चुनौतीपूर्ण है। इस मामले पर लगातार सजग और सक्रिय रहने की जरूरत है। अनुभव के हिसाब से बदलाव होते रहने चाहिए, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को सशक्त बनाना होना चाहिए।

**चरित्रवान युवाओं से बनेगा विकसित भारत** : उन्होंने कहा कि चरित्रवान, समझदार और योग्य युवाओं के बल पर ही कोई देश सशक्त और विकसित बनता है। शिक्षण संस्थानों में हमारे युवा विद्यार्थियों के चरित्र, विवेक और क्षमता का विकास होता है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुख अवश्य ही उच्च शिक्षा के आदर्शों को हासिल करेंगे और भारत माता की युवा संततियों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करेंगे। सम्मेलन में शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में लचीलापन, कई बार प्रवेश और निकास संबंधी विकल्पों के साथ क्रेडिट शेयरिंग, क्रेडिट ट्रांसफर, अंतरराष्ट्रीयकरण संबंधी प्रयास व सहयोग, अनुसंधान-नवाचार को उपयोगी उत्पादों, सेवाओं में परिवर्तित करने, एनईपी के तहत विद्यार्थियों के चयन की प्रभावी प्रक्रिया-पसंद का सम्मान जैसे विषयों पर विचार-विमर्श कर इनके निष्कर्षों को राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### भारतीय रेलवे के 7 अजूबे...

सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में से एक, आईआरएफसी की यात्रा में नवरत्न का दर्जा मिलना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। 12 दिसंबर, 1986 को 100% सरकारी स्वामित्व वाली इकाई के रूप में स्थापित कंपनी भारतीय रेल के विस्तार और आधुनिकीकरण के वित्तपोषण में सहायक रहा है। 31 मार्च, 2024 तक 26 हजार 600 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व और 6 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक के कर भुगतान पश्चात लाभ के साथ आईआरएफसी अब भारत में तीसरी सबसे बड़ी सरकारी बन गई है।

**रेलवे के नौ रतन** : कांकोर को जुलाई 2014 में, आरवीएनएल को मई 2023, इरकोन व राइट्स को अक्टूबर 2023 में, रेलटेल को अगस्त 2024 और अब आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को यह दर्जा मिला है। रेल मंत्री ने इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेलवे क्षेत्र में परिवर्तन के प्रति केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने इस अवसर पर वित्त मंत्री का भी आभार व्यक्त किया।

### नवरत्न दर्जा मिलने के बाद...

पर रखना शामिल है। ऐसी कंपनियां वैश्विक विस्तार की ओर कदम बढ़ाने के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश कर सकते हैं, रणनीतिक गठबंधन बना सकते हैं और सख्त नौकरशाही बाधाओं के बिना वैश्विक स्तर पर विस्तार कर सकते हैं। नवरत्न कंपनियों को वित्तीय रूप से स्थिर माना जाता है और वे निवेशकों का अधिक विश्वास आकर्षित करती हैं। उनका मजबूत वित्तीय प्रदर्शन उन्हें शेयरधारकों के लिए बेहतर रिटर्न प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

### झारखंड की सोरेन सरकार का खुलासा

# 8 हजार सरकारी स्कूलों में एक शिक्षक, कुल 3.81 लाख बच्चे



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने कहा है कि राज्य में करीब 8 हजार स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं, जबकि इनमें 3.81 लाख बच्चे पढ़ते हैं। झारखंड के शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक सवाल के जवाब में चौंकाने वाला खुलासा किया।

झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने मंगलवार को कहा कि राज्य में 7,930 सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जिनमें केवल एक-एक शिक्षक ही कार्यरत है। शिक्षकों के संकट पर विधानसभा में भाजपा विधायक राज सिन्हा के प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में 3.81 लाख छात्र दाखिल हैं। बाद में सदन में सोरेन ने कहा कि 103 स्कूल ऐसे हैं जिनमें कोई छात्र नहीं है और उनमें 17 शिक्षक कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हमने 'स्कूल चलो अभियान' जैसी मुहिम शुरू की है, जो खासतौर पर उन इलाकों में चलाई जा रही है जहां स्कूलों में बच्चे नहीं आ रहे हैं, ताकि छात्रों को फिर से स्कूल लाया जा सके। मंत्री ने कहा कि 26,000 सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रक्रियाधीन है।

#### आरटीई के तहत दाखिले के लिए पोर्टल

शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत रांची जिले के निजी स्कूलों में ऑनलाइन आवेदन नए पोर्टल के माध्यम से होगा। पोर्टल का शुभारंभ डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में किया। मंगलवार से अभिभावकों ने बच्चों के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया।

### अन्य राज्यों के 9235 वाहनों का पंजीकरण

# एनजीटी की सख्ती, वाहन चलाने की अनुमति हुई खत्म

एजेंसी ▶▶ अमरोहा

दिल्ली समेत दूसरे राज्यों से अपनी अवधि पूरी कर चुके 9235 वाहनों को अमरोहा एआरटीओ में पंजीकरण हुआ है। यह सभी वाहन दस साल पुराने डीजल और पंद्रह साल पुराने पेट्रोल के हैं। सभी की एनओसी दिल्ली एनसीआर समेत दूसरे राज्यों से ट्रांसफर होकर आई थी। अमरोहा में पंजीकरण होने के बाद इन वाहनों की उम्र पांच साल बढ़ गई है।

दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, राजस्थान और मेरठ समेत यूपी के कई जिलों में दस साल से अधिक के डीजल और पंद्रह साल के पेट्रोल वाहन का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। ऐसा करने पर पुलिस प्रशासन को वाहन को सील करने का अधिकार है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सख्ती के बाद दिल्ली एनसीआर के उम्र निकले अधिकांश डीजल और पेट्रोल के वाहन मालिकों ने अपने क्षेत्र के एआरटीओ कार्यालयों से एनओसी लेकर अमरोहा में पंजीकरण कराया है।जिससे वाहन की पांच साल की उम्र बढ़ गई हैं। बीते पांच सालों में 9235 वाहन ऐसे हैं, जिनका अमरोहा एआरटीओ कार्यालय में पंजीकरण हुआ है। जिसमें दिल्ली एनसीआर के डीजल वाहनों की संख्या अधिक रही है।



#### फिटनेस पास होने पर मिलती एनओसी

जिन वाहनों का प्रदूषण, बॉडी या अन्य कोई आपत्ति नहीं होती है। उसी वाहन की फिटनेस तैयार होती है। फिटनेस प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही एनओसी जारी होती है। जिसके बाद अन्य किसी स्थान पर पंजीकरण कराया जा सकता है।

### छात्रों ने पीएम के संज्ञान में लाने की चेतावनी दी

# एएमयू में होली मिलन समारोह आयोजन की अनुमति नहीं

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा हिंदू छात्रों को होली मिलन समारोह के आयोजन की अनुमति नहीं देने पर मंगलवार को हिंदू छात्रों ने नाराजगी जताई है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में एएमयू को मिनी इंडिया बताया था। एएमयू प्रशासन हिंदू छात्रों के साथ भेदभाव की नीति अपना रहा है। हिंदू छात्रों को किसी मजहब के धार्मिक आयोजनों से कोई आपत्ति नहीं है, जबकि एएमयू परिसर के हाल में रोजा इफ्तार पार्टी करने के साथ चेहल्लुम का आयोजन करने के



अलावा ताजिये निकाले जाते हैं। छात्रों ने होली मिलन समारोह की अनुमति नहीं मिलने पर पूरा मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संज्ञान में लाने की चेतावनी दी है।

एएमयू के मास्टर्स के छात्र अखिल कौशल ने बताया कि हिंदू छात्रों ने 25 फरवरी को एएमयू के प्रॉक्टर को वाइस चांसलर के नाम पत्र सौंप कर आगामी 9 मार्च को एएमयू के एनआरएससी क्लब में होली मिलन समारोह आयोजन करने की अनुमति मांगी थी। इसको लेकर वाइस चांसलर ने प्रोफेसरों, डीन की मीटिंग बुलाई। इस संबंध में छात्र दोबारा जब प्रॉक्टर प्रोफेसर वसीम अली से मिले, तो प्रॉक्टर ने बताया मीटिंग में होली मिलन समारोह के आयोजन के बारे में चर्चा होने के उपरांत निर्णय लिया गया कि होली मिलन समारोह आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

#### एएमयू में अन्य धर्म के धार्मिक आयोजन

मीटिंग में जिस तरह की चर्चा हुई है, उसके ऑडियो और वीडियो हमारे पास मौजूद हैं, अगर हमको अनुमति नहीं दी गई तो हम उन ऑडियो वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करेंगे। एएमयू में अन्य धर्म के धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। हालांकि हिंदू छात्रों को उनसे कोई आपत्ति नहीं है तो फिर हिंदू छात्रों को होली मिलन समारोह के आयोजन से क्यों रोका जा रहा है, जबकि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में एएमयू को मिनी इंडिया बताया था।

## सीहोर के कुबेरेश्वर में रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# राष्ट्र निर्माण में संतों और गुरुओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जीवन-मृत्यु व्यक्ति के हाथ में नहीं है, लेकिन संत लोगों को धर्म की राह दिखाकर सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर उनके जीवन को सार्थक बनाते हैं। सांस्कृतिक, धार्मिक मूल्यों की स्थापना तथा समाज और राष्ट्र के निर्माण में संतों और गुरुओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. प्रदीप मिश्रा लोगों में ईश्वर के प्रति आस्था और भक्ति जागृत कर लोगों का धार्मिक, आध्यात्मिक उत्थान कर रहे हैं। पं. मिश्रा ने भोपाल के निकट सीहोर में कुबेरेश्वर धाम की स्थापना कर इस क्षेत्र को एक नई धार्मिक पहचान दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सोमवार को कुबेरेश्वर धाम सीहोर में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल होकर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के दो सौ से अधिक देशों में भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और सबसे बड़े देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज कुंभ में गगा स्नान कर देश की सनातन संस्कृति के प्रति देशवासियों की अटूट आस्था का संदेश दिया है।




### प्रदेश सरकार को सभी संतों का मार्गदर्शन मिला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार को सभी संतों का मार्गदर्शन मिला है। समय-समय पर हम और हमारी सरकार उनसे कई अवसरों पर विचार-विमर्श भी करती है। संतों से हमें सरकार चलाने का नैतिक बल मिलता है, जिससे हम अधिक मजबूती के साथ प्रदेश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में गौ-शालाओं का निर्माण किया है और गौ-शालाओं में गौ-माता के लिए बेहतर परिवेश उपलब्ध करा रहे हैं।

### सभी बड़ी नगर निगमों में बनेंगी 10 हजार क्षमता की गो-शालाएं



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-माता परमात्मा की हम पर असीम कृपा है। गो-माता प्रकृति और परमात्मा के बीच संबंध का सूत्र है। बेसहारा, अशक्त और वृद्ध गो-माताओं के आश्रय के लिए भोपाल सहित सभी बड़ी नगर निगमों में 10 हजार क्षमता की गौ-शालाएं बनाई जाएगी। दुग्ध उत्पादन पर भी प्रोत्साहन स्वरूप बोनस प्रदान किया जाएगा। दस से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जाएगा। गांव-गांव में गोपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। गो-शाला चलाने वालों को प्रति गाय 20 रुपए के स्थान पर 40 रुपए का अनुदान देकर गो-शालाओं को सक्षम बनाया जाएगा।

### विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के भी काम कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के भी काम कर रही है। कल्याणी बहनों के पुनर्विवाह के लिए दो लाख रुपए प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण धार्मिक एवं तीर्थ-स्थानों का विकास किया जाएगा। वहीं क्षिप्रा को पूरे साल प्रवाहमान बनाए रखने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाने की योजना बनाई है।

## खबर संक्षेप

### आठ महीने से 12 लाख कर्मचारी महंगाई भत्ते के इंतजार में

**भोपाल।** आठ महीने से इंतजार कर रहे कर्मचारियों को बकाया तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता व महंगाई राहत जुलाई 2024 से प्रदान किया जाए। यह मांग तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में की है। तिवारी ने ब्बताया कि प्रदेश के 12 लाख कार्यरत सेवा निवृत कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत आठ महीने से नहीं दी जा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग है कि परीक्षा के बाद स्कूल कॉलेज शुरू होंगे उसमें बहुत अधिक खर्च कर्मचारी परिवारों पर आता है। उसको देखते हुए तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता व सेवानिवृत कर्मचारियों को महंगाई राहत जुलाई 2024 से प्रदान की जाए।

### सोलह हजार किसानों ने कराया समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने रजिस्ट्रेशन

**भोपाल।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं सहित अन्य फसलों को खरीदने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। खाद्य विभाग इस बार भी 80 केंद्रों पर गेहूं खरीदी कराएगा। इससे पहले किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा रहा है। जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर का कहना है कि अब तक 16 हजार किसानों ने पंजीयन करवा लिया है। 17 मार्च से गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए 80 केंद्र बनाए गए हैं, इनमें 60 गोदाम, नौ सायलो और बाकि समिति के पास रहेंगे। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

### नक्सलियों ने की पूर्व विधायक के रिश्तेदार की हत्या

**सुकमा।** जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के ग्राम पेंटापाड़ में रहने वाले पूर्व विधायक के छोटे ससुर की बीती रात नक्सलियों ने हत्या कर दी। घटना के बाद से इलाके में दहशत फैल गई, वहीं इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के ग्राम पेंटापाड़ में नक्सलियों ने

## सीएम ने किया मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जागरुकता कार्यशाला का शुभारंभ

# जीरो टॉलरेंस नीति से प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में गिरावट आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में गिरावट आई है। यह स्पष्ट रूप से राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का परिणाम है। हम सुरक्षा, सशक्तिकरण और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ कर रहे हैं, जिससे अपराधों पर अंकुश लगा है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कही। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि, पिछले वर्षों में महिला एवं बाल अपराधों के प्रति सरकार की सख्ती स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध गंभीर अपराधों के दोषियों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। न्यायालयों द्वारा 48 प्रकरणों में मृत्युदंड के निर्णय दिए जा चुके हैं। सरकार और समाज मिलकर महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अत्याचारों के प्रति जागृति लाएं। इस कार्य में बाल संरक्षण आयोग की भूमिका भी अहम है। सरकार आयोग के सुझावों को अमल में लाने के लिए संकल्पित है।



### बच्चों और किशोरों में अपार क्षमता और ऊर्जा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रामायण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों और किशोरों में अपार क्षमता और ऊर्जा विद्यमान रहती है। इसीलिए महर्षि विश्वामित्र ने असुरों का विनाश करने के लिए महाराज दशरथ से बचपन में प्रभु श्रीराम और श्री लक्ष्मण को मांगा था। प्रभु श्रीराम ने अपने पुरुषार्थ के बल पर असुरों का सर्वनाश किया। भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण का बाल्य स्वरूप सद्मार्ग पर चलने के लिए समाज को भिन्न-भिन्न रूप से प्रेरित करता है।

### प्रदेशभर के विभागीय अधिकारी, सीडब्ल्यूसी सदस्य

कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों से विभिन्न विभागों के अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य समेत अन्य सदस्यों ने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009, पॉक्सो अधिनियम-2012 तथा किशोर न्याय अधिनियम-2015 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, सदस्य बाल संरक्षण आयोग मेघा पवार और डॉ. निवेदिता शर्मा, डॉ. निशा सक्सेना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### विश्व में भारत की ख्याति फैल रही है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश, स्वर्णिम काल में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विश्व में भारत की ख्याति फैल रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में प्रत्येक व्यक्ति निरंतर समर्थ हो रहा है। भारत बाहरी दुश्मनों से निपटने में सक्षम होने के साथ-साथ आंतरिक चुनौतियों का भी प्रभावी रूप से सामना कर रहा है।

### जरूरतमंद बच्चे जो आप तक नहीं आ पाए, उन तक आप पहुंचें : मंत्री भूरिया

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा की बच्चों के विकास की पहली शर्त उनका संरक्षण है और मुझे गर्व है कि डॉ. यादव के नेतृत्व में बच्चों के संरक्षण के लिये विभाग और प्रशासन सजग है। मंत्री भूरिया ने उपस्थित बाल कल्याण आयोग और किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष/सदस्यों से आग्रह किया कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वो बहुत महत्वपूर्ण है और बच्चों को न्याय दिलाने के लिये है। समाज सेवा का ऐसा अवसर बार-बार नहीं मिलता इसलिये पूरी सजगता से बच्चों का संरक्षण सुनिश्चित हो इसका ध्यान रखें। आज अनाथ बच्चा किस संस्था में जायेगा या उसका पुनर्वास कहां होगा ये अधिकार आपके पास है और किसी के पास नहीं। तो इस अधिकार से बच्चों के प्रति संरक्षण के दायित्व मानकर उपयोग करें और कोशिश करें कि जरूतमंद बच्चे जो आप तक नही आ पाये उन तक आप पहुंचें। बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं, बच्चे देश का भविष्य हैं और यदि हमें प्रधानमंत्री मोदी के विजन अनुसार देश का भविष्य स्वर्णिम बनाना है तो आज के बच्चों और युवाओं के वर्तमान को भी संवारना होगा, संरक्षित करना होगा और मुझे खुशी है कि आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में न केवल बच्चों के वर्तमान को मजबूत बनाया जा रहा है वरन उन्हें सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि उनके व्यक्तित्व का अधिकतम विकास हो।



### पत्रकार, साहित्यकार प्रदीप सरदाना को 'अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक सम्मान'

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ लेखक, पत्रकार, कवि और फिल्म समीक्षक प्रदीप सरदाना को प्रतिष्ठित 'अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। हिन्दी भवन, दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साहित्योत्सव के दौरान प्रदीप सरदाना को यह सम्मान प्रसिद्ध कथाकार चित्रा मुद्गल और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र एवं पूर्व सांसद सुनील शास्त्री ने प्रदान किया। इस अवसर पर 'अभ्युदय' की अध्यक्ष इन्दु झुनझुनवाला सहित देश-विदेश से आयीं साहित्यिक दुनिया की कई हस्तियाँ मौजूद थीं। बरसों से देश के लगभग सभी बड़े और प्रतिष्ठित प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक और डिजिटल मीडिया संस्थानों से जुड़े प्रदीप सरदाना जहां कला एवं फिल्म समीक्षक के रूप में विख्यात हैं। वहाँ साहित्य, राजनीति, स्वास्थ्य, संचार, परिवहन, पर्यटन, कृषि, शिक्षा, धर्म, आध्यात्म और सम सामयिक विषयों पर भी उनका लेखन सुर्खियों में रहता है। मात्र 14 बरस की आयु में लेखन पत्रकारिता की शुरुआत करने वाले प्रदीप सरदाना भारत के सबसे कम उम्र के संपादक-प्रकाशक भी हैं। महान कवि और लेखक डॉ हरिवंश राय बच्चन के शिष्य प्रदीप सरदाना ने जहां इस बरस गणतन्त्र दिवस पर प्रसारित 'आकाशवाणी' के प्रतिष्ठित सर्वभाषा कवि सम्मेलन में भी कविता पाठ किया। वहाँ श्री सरदाना की कहानी विश्व की चुनिन्दा कहानियों पर बने दूरदर्शन धारावाहिक 'झरोखा' में भी प्रसारित हो चुकी है।

उत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र
संदर्भः (i) निविदा सूचना क्रमांक 73/2024-2025 दिनांक 19.11.2024
(ii) निविदा संख्या 15245006 24.03.2025 को देय है।
01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 04.03.2025 से बढ़ाकर 24.03.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
697/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र
विज्ञापित निविदा सूचना सं. 128-डब्ल्यू/280/एनआईटी-44/2024-25/डब्ल्यू-3 दिनांक 19.02.2025 को जो एक निविदा यानी ''सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में दिल्ली मुख्य स्टेशन के 1 से 16 तक विभिन्न प्लेटफार्म के स्तंभ पीठ की मरम्मत और सुधार। ₹99,98,017.90/- तथा EMD of ₹2,00,000/- को प्रशासनिक आधार पर IREPS से हटा दिया गया है।
सं. 128-डब्ल्यू/280/एनआईटी-44/2024-25/डब्ल्यू-3
दिनांक 04.03.2025
689/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 सीआरपीसी देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेन्द्र प्रसाद पुत्र शम्भू प्रसाद निवासी म.नं. जी–16, भूतल, टाईप–।।, मिरदर्द रोड, नई दिल्ली** ने case **FIR No. 82/2019 U/s 498A IPC, थाना आईपी एस्टेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है **राजेन्द्र प्रसाद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेन्द्र प्रसाद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 82/2019 U/s 498A IPC, थाना आईपी एस्टेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेन्द्र प्रसाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **20.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।
आदेशानुसार
सुश्री शायना गोयल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–01
कमरा नं. 343
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/2670/CD/2025(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीतीश कुमार पुत्रः** सुरेश मंडल **पताः** सी–60/57, प्रिया दर्शनी कॉलोनी, रेलवे लाइन, कुतुब रोड, सदर बाजार, दिल्ली, ने **FIR No. No. 622/2023 U/s 33 D.E. ACT थानाः सदर बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीतीश कुमार,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीतीश कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. No. 622/2023 U/s 33 D.E. ACT थानाः सदर बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नीतीश कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
जेएमएफसी–06, कमरा नंबर 247
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/2747/N/2025
(Court Matter)

## जुआ, सट्टा या अन्य अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ मैदान में उतरा पुलिस विभाग

# शराब मुहैया कराने वालों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

▶▶ बलौदाबाजार-भाटापारा

पुलिस द्वारा 'आपरेशन विश्वास' के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है।

इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 08 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। पकड़े गए सभी 08 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है। इस दौरान थाना सिमगा द्वारा 05 एवं थाना कसडोल द्वारा 03 आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। यह समाचार जिले में शराब से संबंधित अवैध गतिविधियों पर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण है। पुलिस ने 'आपरेशन विश्वास' के तहत होटल, ढाबा, ठेला, और चखना सेंटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है, जो अवैध रूप से शराब पिलाने और शराब की अन्य सुविधाएं प्रदान कर रहे थे। हालांकि, कुछ सवाल उठ रहे हैं कि पुलिस केवल छोटे-छोटे आरोपियों को ही पकड़ रही है, जबकि मुख्य शराब माफिया और उनके गुर्गे जो शराब की पेटियां सप्लाई कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि बड़े माफिया और उनके नेटवर्क से जुड़ी गतिविधियां अक्सर छिपी रहती हैं और पुलिस कार्रवाई के बावजूद इन्हें पकड़ पाना कठिन होता है। हालांकि, इस तरह की कार्रवाई छोटे स्तर पर भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे शराब की अवैध आपूर्ति पर नियंत्रण पाया जा सकता है।






### दो सजायाफ्ता कैदियों पर इनाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

केंद्रीय जेल से पैरोल लेकर बाहर आए दो सजायाफ्ता कैदी फरार होने के मामले में दुर्ग पुलिस अधीक्षक ने सुराग नहीं मिलने पर इनका सुराग बताने वाले को 10-10 हजार का इनाम की घोषणा की है। दुर्ग शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि किसी बंदी को पैरोल पर छोड़ा जाता है जिसके बाद निश्चित समय अवधि में वापस नही आते है संबंधित थाना क्षेत्र मामला दर्ज किया जाता है। वही पद्मनभापुर पुलिस ने दोनो कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही है। दुर्ग केंद्रीय जेल आजीवन कारावास की सजा काट रहे ग्राम पथर्रा निवासी नाहुस भारती (36 वर्ष) को हत्या के मामले में आजीवन कारावास मिला था। तब से दुर्ग की सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था। जिसे कोर्ट से 21 मई 2022 को उसे 14 दिन की पैरोल मिली। जिसे 7 जून 2022 तक उसे जेल में लौटना था।

## उज्जैन के मेडिकल डिवाइस पार्क में इकाई लगाने के लिए दिया प्रस्ताव

# दक्षिण कोरिया का ईसीडीएस ग्रुप प्रदेश में मेडिकल डिवाइस में करेगा निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि साउथ कोरियन ज्वाइंट वेंचर ग्रुप प्रदेश में बने बेहतर औद्योगिक वातावरण को देखते हुए से मेडिकल उपकरणों, मेडिकल एआई, नैनो टेक्नोलॉजी, बायो पॉलीमर और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश का इच्छुक है। सोमवार को मंत्रालय में साउथ कोरिया के ईसीडीएस ग्रुप के निवेशकों और शोधार्थियों ने मुख्यमंत्री से भेंट की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा में प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि उनका समूह उज्जैन के मेडिकल डिवाइस पार्क में शोध और निर्माण पर केंद्रित इकाई स्थापना की दिशा में पहल कर रहा है। इस इकाई में यूरिन परीक्षण से कैंसर के लक्षणों की पहचान करने के लिए किट निर्मित करने की योजना है। इससे प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान कर तत्काल इलाज आरंभ करने में मदद मिलेगी।

### खास बातें

- कैंसर की यूरिन टेस्ट से पहचान के लिए बनाएंगे किट
- मुख्यमंत्री से साउथ कोरिया के ईसीडीएस ग्रुप के सदस्यों ने मंत्रालय में की भेंट
- ग्रुप की एविएशन और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भी निवेश करने की योजना



### समूह की कौशल उन्नयन तकनीक और विशेषज्ञता साझा करने में भी रुचि

समूह प्रदेश में एविएशन सेमीकंडक्टर आदि क्षेत्र में भी निवेश का इच्छुक है। इसके साथ ही समूह ने कौशल उन्नयन के लिए तकनीक और विशेषज्ञता साझा करने में भी रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से डॉ. वुंग कवांग यांग, डॉ. युंगहून लिम, डॉ. सिओक किम जोंग शिओल जंग, जेली शिओन, वू सिओक शुंग तथा राजेश भारद्वाज ने भेंट की। मुख्य सचिव अनुराग जैन, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

MUNICIPAL CORPORATION BHILAI
E-Procurement Tender Notice
Main Portal https://eproc.cgstate.gov.in
J.P./N.P.N./464/351
Bhilai/Dated : 04/03/2025
Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "F" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Sr. No. | Tender No. | Name of work | Probable amount of contract (in lacs) | Earnest Money (in lacs) | Completion Period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाउनलोड की अंतिम दिनांक | Call | Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 1 | 165445 | Construction Testing, Commissioning of all the Components of Bhilai Sewage Master Plan Including Fifteen Years Operation & Maintenance of Entire System | 20780.13 lacs | 103.91 lacs | 27 month | 04/03/2025 | 17/03/2025 | Third Call | Form F |

NOTE :- 1. For other details visit Gov. e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in 2. Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document 3. For more details please download NIT details.
Executive Engineer

## चिंतन

# किफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करें सरकारें

भारत को अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देनी होगी। इसे निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ना आमजन की सेहत से खिलवाड़ होगा। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा है कि 'राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए। यह केंद्र सरकार के लिए आईना है। सरकारों का लोक कल्याण संवैधानिक दायित्व है, जिसमें सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करना शामिल है। स्वास्थ्य सेवा राज्यों की जिम्मेदारी रही है, लेकिन राज्य सरकारों ने इसे प्राथमिकता के स्तर पर नहीं लिया, जिसके चलते निजी क्षेत्र में चिकित्सा मुनाफे का व्यवसाय बन कर रह गई। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी परिदृश्य पर चिंता जताई है। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने कहा, 'यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो'। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि निजी अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है और मांग की गई थी कि इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से गाइडलाइन जारी करने को कहा है, जिससे निजी अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें। कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा है कि वे निजी अस्पतालों को नियंत्रित करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों को नोटिस भेजा था। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु और राजस्थान समेत कई राज्यों ने जवाब दाखिल किए थे। दवाइयों की कीमतों के मुद्दे पर राज्य केंद्र सरकार के मूल्य नियंत्रण आदेश पर निर्भर हैं। केंद्र सरकार ही तय करती है कि किस दवा की क्या कीमत होगी। देश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कई सारी अनियमितताएं हैं। जनसंख्या के अनुपात में अस्पतालों, दवाओं, चिकित्सकों, नर्सों, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सा उपकरणों, जांच उपकरणों आदि की कमी हैं। लचर सरकारी स्वास्थ्य सेवा के चलते निजी क्षेत्र को सेवा के नाम पर मनमानियों का अवसर मिलता है। दवाओं की कीमतें भी लागत व मुनाफे के अनुपात में अत्यधिक होती हैं। इसमें सरकार लचर साबित हुई है। सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को रेगुलेट करने के लिए केंद्र सरकार को सेबी, ट्राई, इरडा की तरह तत्काल एक नियामक बनाना चाहिए। स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाना चाहिए, बीमा के नाम पर अस्पतालों में फिजूल बिलिंग पर रोक लगनी चाहिए। बजट, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, चिकित्सा पेशेवरों की कमी, अनुसंधान, उपचार से जुड़े डेटा, चिकित्सा की क्वालिटी, स्वास्थ्य सेवाओं में भ्रष्टाचार, अनैतिकता, जवाबदेही की कमी आदि समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करने की जरूरत है। भारत युवा के साथ बुजुर्ग आबादी वाला देश भी है, इस क्षेत्र में रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं। भारत में किफायती स्वास्थ्य सेवा में ग्लोबल लीडर बनने की क्षमता है, इसलिए सरकार को इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करना चाहिए। सालाना सरकारी स्वास्थ्य वर्ल्ड क्लास का बनाया जाना चाहिए।



अर्थव्यवस्था
योगेश कुमार गोयल

# मजबूत अर्थव्यवस्था के कमजोर बाजार

> निरंतर पांच महीने की गिरावट ने निवेशकों की चिंता और अनिश्चितता बढ़ा दी है। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट का सामना कर रहे हैं, जिससे निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई है। 27 सितंबर 2024 को जो सेंसेक्स 85978 के रिकॉर्ड शिखर पर था, वह 28 फरवरी तक ही 12780 अंक टूट चुका है। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट के साथ बंद हो रहा है और यह पिछले पांच महीनों में ही 12 प्रतिशत नीचे आ चुका है। करीब 28 वर्ष पूर्व भी शेयर बाजार के ऐसे ही हालात देखने को मिले थे, जब निफ्टी लगातार 5 महीने तक टूटा था। 1996 के बाद यह पहली बार है, जब बाजार लगातार पांच महीने गिरावट के साथ बंद हुआ है।

भारतीय शेयर बाजार इस समय कठिन दौर से गुजर रहा है, जो पिछले कुछ महीनों से लगातार गिरावट के दौर से गुजर रहा है। निरंतर पांच महीने की गिरावट ने निवेशकों की चिंता और अनिश्चितता बढ़ा दी है। बाजार के जानकार इसे एक 'डेंजर जोन' की तरह देख रहे हैं। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट का सामना कर रहे हैं, जिससे निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई है। 27 सितंबर 2024 को जो सेंसेक्स 85978 के रिकॉर्ड शिखर पर था, वह 28 फरवरी तक ही 12780 अंक टूट चुका है। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट के साथ बंद हो रहा है और यह पिछले पांच महीनों में ही 12 प्रतिशत नीचे आ चुका है। करीब 28 वर्ष पूर्व भी शेयर बाजार के ऐसे ही हालात देखने को मिले थे, जब निफ्टी लगातार 5 महीने तक टूटा था। 1996 के बाद यह पहली बार है, जब बाजार लगातार पांच महीने गिरावट के साथ बंद हुआ है। हालांकि अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच निफ्टी करीब 12 प्रतिशत टूटा है लेकिन इस दौरान निवेशकों का बहुत बड़ा नुकसान हो चुका है। 30 सितंबर 2024 को बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 474 लाख करोड़ रुपये था, जो 28 फरवरी 2025 तक घटकर 384 लाख करोड़ रुपये रह गया, जिसका सीधा सा अर्थ है कि केवल पांच महीनों में ही निवेशकों की 90 लाख करोड़ की संपत्ति डूब चुकी है। शेयर बाजार में गिरावट का यह सिलसिला अभी थमने की भी उम्मीद नहीं जताई जा रही। ऐसे में शेयर बाजार में मचे इस हाहाकार के कारण क्या हैं, इसकी पड़ताल करना बहुत जरूरी हो जाता है।

बाजार के कुछ जानकारों के मुताबिक, उच्च स्तरों पर मुनाफा वसूली के कारण भी बाजार में गिरावट आई है, जो एक सामान्य प्रक्रिया मानी जाती है, जहां निवेशक लाभ कमाने के लिए अपने निवेश को बेचते हैं, जिससे बाजार में अस्थायी गिरावट होती है। कई बार नकारात्मक खबरों और बाजार की अस्थिरता के कारण निवेशक घबराहट में अपने शेयर बेचने लगते हैं, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ता है और बाजार में तेजी से गिरावट आती है। हालांकि शेयर बाजार में इस गिरावट के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं, जिनमें वैश्विक आर्थिक मंदी का प्रभाव, भारतीय बैंकों की कमजोर कमाई की अफवाहें, एमएससीआई और घरेलू निवेशकों की ऊहापोह की स्थिति, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि, विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर बिकवाली, एफआईआई की चीन में रुचि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नीतिगत फैसले, घरेलू आर्थिक संकेतकों में कमजोरी, कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी डॉलर की मजबूती, तकनीकी सुधार और मुनाफा वसूली इत्यादि प्रमुख हैं। भारतीय बैंकों की कमजोर कमाई की अफवाहों से बाजार में नकारात्मक धारणा बनी और बिकवाली का दबाव बढ़ा, वहीं वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में वृद्धि और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि के कारण भी विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं।

भारतीय बाजार से विदेशी निवेशक अपना धन निकालकर चीन की ओर मोड़ रहे हैं, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ा है। चीन के बाजारों में मजबूत रिकवरी से भारतीय शेयर बाजार में गिरावट बढ़ रही है। एफआईआई




फ्लो में आए बड़े बदलाव को इसी से समझा जा सकता है कि भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों का निवेश दो वर्ष के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। अक्टूबर 2024 के बाद से भारत का मार्केट कैप जहां करीब एक ट्रिलियन डॉलर कम हो गया है, वहीं चीन का मार्केट कैप 2 ट्रिलियन डॉलर बढ़ गया है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न होते व्यवधान के चलते भारतीय कंपनियों के लिए निर्यात और आयात में चुनौतियां बढ़ रही हैं, जो भारतीय शेयर बाजार में नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोरी देखी जा रही है, जिससे आयातित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है। इससे मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा है और भारतीय कंपनियों की लाभप्रदता प्रभावित हुई है।

उच्च मुद्रास्फीति के कारण भारतीय रिजर्व बैंक पर ब्याज दरों में वृद्धि का दबाव बढ़ रहा है। ब्याज दरों में वृद्धि से उधारी की लागत बढ़ेगी, जिससे कंपनियों की लाभप्रदता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस संभावना के कारण भी निवेशकों में चिंता बढ़ी है, जिससे बाजार में बिकवाली का दबाव देखा गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के नीतिगत फैसलों के अंतर्गत अमेरिका द्वारा व्यापार शुल्क बढ़ाने और चीन पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की घोषणाओं के कारण भी वैश्विक बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। भारत पर भी अमेरिका द्वारा आयात शुल्क बढ़ाए जाने की संभावनाओं के चलते इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर पड़ा है। वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका और अमेरिका तथा यूरोप में आर्थिक गतिविधियों की सुस्ती ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाया है, जिससे निवेशकों में भय का माहौल बना है। इस वैश्विक अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पूंजी निकाल रहे हैं, जिससे बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। घरेलू मोर्चे पर भी आर्थिक संकेतकों में कमजोरी देखी जा रही है। महंगाई दर में वृद्धि, औद्योगिक उत्पादन में सुस्ती और बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी जैसी समस्याओं ने बाजार पर नकारात्मक असर डाला है। इन आर्थिक चुनौतियों के कारण निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है, जिससे बाजार में गिरावट देखी गई है। शेयर बाजार की गिरावट का असर लगभग सभी सेक्टरों पर पड़ा है। आईटी, ऑटो, मीडिया, टेलीकॉम सहित बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर में 20-25 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। कंपनियों की पिछली तिमाही के परिणाम भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे, जिससे निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है और उसके कारण भी शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। बाजार में लार्ज-कैप और मिड-कैप स्टॉक्स के ओवर वैल्यूएशन के कारण तथा बढ़ी हुई अस्थिरता के चलते बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।

हालांकि, बाजार के कुछ जानकारों का मानना है कि यदि दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और बाजार में मौजूदा गिरावट को एक अवसर के रूप में भी देखा जा सकता है, जहां निवेशक कम कीमतों पर अच्छे शेयर खरीद सकते हैं। बहरहाल, शेयर बाजार में मचे हाहाकार के इस दौर में धैर्य रखना और दीर्घकालिक निवेश दृष्टिकोण अपनाना सबसे उचित रणनीति हो सकती है। ऐसे माहौल में यह जिम्मेदारी सरकार और वित्तीय संस्थानों की ही है कि वे बाजार में स्थिरता लाने के लिए ठोस कदम उठाएं और निवेशकों का भरोसा बनाए रखने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करते हुए नीतिगत फैसले लें। निवेशकों को भी धैर्य बनाए रखना होगा और बाजार के उतार-चढ़ाव को समझते हुए रणनीतिक रूप से निवेश करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



मोटापा
डॉ. मोनिका शर्मा

# शारीरिक स्थूलता से जूझती स्त्रियां

मोटापा, शारीरिक बनावट भर बिगाड़ने से कहीं बढ़कर अपने आप में व्याधि बन चुका है। स्वास्थ्य से जुड़ी अनगिनत समस्याओं को न्योता देने वाली ओबेसिटी के घेरे में भी महिलाएं अधिक हैं। असल में स्वास्थ्य सम्बन्धित कुछ अलग पहलुओं के कारण महिलाओं में मोटापे की संभावना पुरुषों की तुलना में थोड़ी अधिक होती है। हार्मोन असंतुलन, गर्भावस्था, घरेलू व्यस्तता में उचित शारीरिक गतिविधियों का अभाव और मानसिक तनाव जैसे कारण आधी आबादी में शारीरिक स्थूलता के आंकड़े बढ़ा रहे हैं। हमारे देश में 10 करोड़ से ज्यादा लोग मोटापे से जूझ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट मुताबिक वैश्विक स्तर पर हर 8 में से 1 व्यक्ति मोटापे की जद में है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 24 प्रतिशत भारतीय महिलाओं और 23 प्रतिशत भारतीय पुरुषों का वजन अधिक है। कुछ समय पहले द लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार भारत में महिलाओं में मोटापे की दर 1990 में 1.2 प्रतिशत थी। वर्ष 2022 में महिलाओं में शारीरिक स्थूलता की यह दर 9.8 फीसदी हो गई। वहीं, पुरुषों में मोटापे की दर 1990 में 0.5 प्रतिशत से 2022 में 5.4 फीसदी तक पहुंची है। चिंतनीय यह भी है कि नई पीढ़ी को भी मोटापा अपनी गिरफ्त में ले रहा है। इस अध्ययन के अनुसार 1990 में लड़कियों में 0.1 फीसदी रही मोटापे की दर 2022 तक बढ़कर 3.1 फीसदी हो गई है। मौजूदा दौर के खानपान और रहन-सहन को देखते हुए तकलीफदेह यह है कि कम उम्र में बढ़ते वजन की समस्या भी एक तरह का कुपोषण ही है। बीते दिनों मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भी गंभीर स्वास्थ्य संकट बनते मोटापे को लेकर कहा था 'मोटापे से निपटना केवल व्यक्तिगत चुनाव नहीं है, बल्कि परिवार के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।' महिलाएं तो हमारी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी हैं।



व्याधियों की जड़ मानी जाने वाली स्थूलता से बिगड़ता आधी आबादी का स्वास्थ्य चिंता ही चिंतन का भी विषय है। विचारणीय है कि महिलाओं के शरीर और मनःस्थिति से जुड़े कई कारण मोटापा बढ़ा रहे हैं। ध्यातव्य है कि पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जैसी परेशानी प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं में हार्मोन असंतुलन से जुड़ा अहम विकार है। लगभग 15 से 45 वर्ष की आयु वर्ग में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम पीड़ित अधिकांश महिलाओं में मोटापे की समस्या भी होती है। इसी के चलते किशोरियां और युवतियां भी ओबेसिटी की मुसीबत से जूझ रही हैं। इतना ही नहीं, रजोनिवृत्ति के बाद भी उम्रदराज महिलाओं में शारीरिक स्थूलता तेज़ी से बढ़ती है। चिंतनीय है कि अपनों की सेहत संभालने वाली स्त्रियों में शारीरिक स्थूलता दूसरे रोगों का जोखिम भी बढ़ा रही हैं। मोटापे की शिकार महिलाओं में हृदय रोग, मधुमेह, स्तन कैंसर, हड्डियों से जुड़ी व्याधियां, उच्च रक्तचाप और गर्भधारण में परेशानी होने की संभावना स्वस्थ वजन वाली स्त्रियों की तुलना में अधिक होती है। दरअसल भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी स्त्रियों में मोटापे के आंकड़े बढ़ रहे हैं। द लैंसेट में छपे अध्ययन के मुताबिक ब्रिटेन में महिलाओं में मोटापे की दर 1990 में 13.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 28.3 फीसदी तक जा पहुंची है। वहीं अमेरिका में आधी आबादी में शारीरिक स्थूलता की दर 1990 में 21.2 फीसदी से बढ़कर 2022 में 43.8 फीसदी हो गई। स्पष्ट है कि संसार के हर हिस्से में ही तकनीकी विस्तार और शारीरिक निष्क्रियता के चलते साल-दर-साल मोटापे के आंकड़े बढ़ ही रहे हैं। असल में आयु और लिंग भेद से परे स्वस्थ-सक्रिय जीवनशैली से ही स्वस्थ वजन पाया जा सकता है। हर साल 4 मार्च को मनाये जाने वाले विश्व मोटापा दिवस पर स्वस्थ-सधी जीवनचर्या अपनाने को लेकर जागरूकता लाने का प्रयास किया जाता है। मोटापे के जोखिमों को कम करने के लिए सजगता लाने की कवायद की जाती है। वर्ष 2025 में विश्व मोटापा दिवस की थीम 'चेंजिंग सिस्टम्स, हेल्दीयर लाइव्स' है। यानि समग्र व्यवस्था के बदलाव से ही स्वस्थ जीवन पाया जा सकता है। मोटापे को केवल व्यक्तिगत परेशानी मानने के बजाय स्वास्थ्य सेवाओं, सार्वजनिक नीतियों, सामाजिक संरचनाओं और भोजनशैली की प्रणालियों में व्यापक बदलाव की दरकार है। बदलावों की इस बुनियाद पर ही स्वस्थ भविष्य पाया सकता है। खान-पान हो या सक्रिय दिनचर्या, सेहत सहेजने वाली आदतों से घर के हर सदस्य को जोड़ने स्त्रियां स्वयं भी अपने वजन को लेकर सजग हों।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## महाशिवरात्रि ...



मंडी में मंगलवार को महाशिवरात्रि उत्सव के उपलक्ष्य में देवता के सेवकों ने नाटी (लोक नृत्य) प्रस्तुत किया।

## आज की पाती

### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है।

*– राकेश गुप्ता, महासमुंद*

## ट्रेंड

### स्टॉकर को बधाई



महामहिम क्रिश्चियन स्टॉकर को ऑस्ट्रिया के संघीय चांसलर के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। भारत-ऑस्ट्रिया संवर्धित भागीदारी आने वाले वर्षों में निरंतर प्रगति करने के लिए तैयार है। मैं आपके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूँ।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सौतेला रवैया



भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### सूचना का अधिकार कानून



एक तरफ़ भ्रामक और दुष्प्रचार में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ़ मोदी सरकार कांग्रेस-संप्रग द्वारा लागू किए गए सूचना का अधिकार कानून को, डेटा संरक्षण कानून लाकर कमज़ोर करने पर तुली हुई है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### अनंत अस्तित्व की स्वीकृति



पश्चिमी मन आस्था के विचार को समझ नहीं पाता, यह आस्था को केवल धर्म के रूप में देखता है। हमारे लिए आस्था हमारे कोशिका-सत्ता के मूल से लेकर उस विशाल अनंत अस्तित्व की स्वीकृति की भावना तक फैली हुई है जिसे हम ब्रह्माण्ड कहते हैं।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# दक्षिणी गोलार्द्ध का सबसे बड़ा मंदिर होगा बीएपीएस


अबूधाबी के बाद अब जोहानिसबर्ग के सबसे व्यस्त और खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में 37,000 वर्ग मीटर में फैले बीएपीएस मंदिर और सांस्कृतिक परिसर के निर्माण के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है और अगले तीन साल में तैयार होने वाला यह दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर होगा। पिछले साल फरवरी में अबूधाबी में मध्य पूर्व के पहले अलंकृत नक्काशीदार हिंदू मंदिर के उद्घाटन के बाद बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में इस मंदिर पर युद्धस्तर पर काम शुरू किया। पिछले महीने मंदिर के 33,000 वर्ग मीटर में फैले सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन मौजूदा गुरू महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में हुआ और अब दूसरे चरण में 2,500 वर्ग मीटर के परिसर वाले पारंपरिक मंदिर पर काम शुरू होगा। खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में बन रहे इस मंदिर को बहुसांस्कृतिक विनिमय, विभिन्न धर्मों के बीच संवाद और दक्षिण अफ्रीका में बीएपीएस के मानवीय कार्यों का केंद्र बनाया जाएगा।




## ऑफ बीट

# हर चार व्यक्ति में से एक खून की कमी से प्रभावित

एनीमिया या खून की कमी स्वास्थ्य संबंधी एक अहम समस्या है जिससे दुनिया भर में कम से कम दो अरब लोग प्रभावित हैं। यह दुनिया भर में लोगों में पाई जाने वाली आम समस्याओं मसलन कमर के निचले हिस्से में दर्द, मधुमेह या बेचैनी और अवसाद आदि से भी आम है। इसके बावजूद पिछले कुछ दशकों में एनीमिया को कम करने की दिशा में किए गए वैश्विक निवेश भी इसे दूर करने में सफल नहीं हो पाए हैं। किसी व्यक्ति में एनीमिया तब होता है जब उसके रक्त में पूरे शरीर में ऑक्सीजन ले जाने के लिए पर्याप्त स्वस्थ लाल रक्त कणिकाओं की कमी हो जाती है। शरीर के अंगों में कम ऑक्सीजन पहुंचने से एनीमिया के कई आम लक्षण दिखाई देने लगते हैं जिनमें थकान होना, सांस ठीक से नहीं ले पाना, चक्कर आना, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और रोजमर्रा के काम करने में मुश्किलें आना शामिल हैं। स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इन प्रभावों के अलावा एनीमिया के कारण बच्चों के मस्तिष्क के विकास पर भी असर पड़ सकता है। खून की कमी की वजह से वयस्कों में स्ट्रोक आने, हृदय से जुड़े रोग, मनोभ्रंश और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। गर्भावस्था के दौरान एनीमिया होने से महिला में चिंता और अवसाद की समस्या हो सकती है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का अधिकारियों को निर्देश

# शिकायतों पर तुरंत होगी कार्रवाई, 31 मार्च तक रिपोर्ट पेश करें

### राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक की जाए, मुद्दों को हल भी करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने अपनी पूरी मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सियासी दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्रक्रिया के मुताबिक सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है। आयोग ने राज्य चुनाव अधिकारियों के एक सम्मेलन में यह निर्देश दिया है। सम्मेलन के पहले दिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य चुनाव अधिकारियों को 31 मार्च तक मुद्दावार कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शी तरीके से काम करने और सभी वैधानिक दायित्वों को मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार पूरी लगन से पूरा करने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ और उत्तरदायी होने का निर्देश दिया।

*आयोग ने कहा- मतदाताओं के प्रति विनम्र व्यवहार करें*

*राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ और उत्तरदायी भी बनें*

*अधिकारी अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजग रहें*

चुनाव आयोग ने राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सियासी दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्रक्रिया के मुताबिक सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है

**केंद्रीय और राज्य अधिकारी अपनी भूमिका का सही निर्वहन करें**



मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी दलों की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह सजग रहना होगा।

### टीएमसी के आरोपों को नकारा

टीएमसी ने आरोप लगाया है कि कई राज्यों के मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र एक ही नंबर के हैं। आयोग ने कहा कि कुछ मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान पत्र के नंबर एक समान हो सकते हैं। मगर जनसांख्यिकी, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र अलग-अलग होंगे। रविवार को चुनाव आयोग ने कहा था कि इस समस्या को ठीक करेगा। वह अपने तकनीकी प्लेटफॉर्म को भी अपडेट करेगा। आयोग ने कहा कि डुप्लीकेट नंबर का मतलब यह जरूरी नहीं है कि मतदाता नकली हों।

### टीएमसी ने आयोग का स्पष्टीकरण किया खारिज

टीएमसी ने चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है। पार्टी का कहना है कि दो वोटर आईडी कार्ड के नंबर एक नहीं हो सकते हैं। पार्टी का आरोप है कि मतदाता पहचान पत्र जारी करने में घोटाला हुआ है। टीएमसी ने अपने दावे के समर्थन में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को दी जाने वाली आयोग की पुस्तिका के कुछ अंशों को साझा किया और कहा कि पुस्तिका के मुताबिक वोटर आईडी कार्ड के नंबर एक समान नहीं हो सकते हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को बतौर मतदाता पंजीकृत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के अधिकारियों को मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करना चाहिए। उनके इसका प्रशिक्षण भी दिया जाए।


## खबर संक्षेप

### पिता ने गुटखा को नहीं दिए 10 रु. तो सिर काटा



**मयूरभंज।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अपने 70 साल के पिता की सिर्फ 10 रुपए नहीं देने पर बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने अपने पिता बैधार सिंह की तेज हथियार से हत्या कर दी और फिर कटा हुआ सिर लेकर सीधे पुलिस स्टेशन पहुंच गया।

### खाटूश्यामजी मेले की दुकान में लगी आग



**सीकर।** खाटू मेला 2025 के दौरान मंगलवार को खाटूश्यामजी के मुख्य बाजार में एक दुकान में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग से अन्य दुकानों को भी नुकसान पहुंचने का खतरा उत्पन्न हो गया।स्थानीय लोग और दुकानदार मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचित किया।

### एक ही परिवार के तीन लोग मृत मिले



**कोलकाता।** कोलकाता के कस्बा इलाके में मंगलवार को एक बच्चे समेत एक परिवार के तीन सदस्य अपने घर में मृत पाए गए। मृतकों की पहचान सोमनाथ रॉय (40), उनकी पत्नी सुमित्रा (35) और उनके ढाई साल के बेटे रुद्रनील के रूप में हुई है। घर से कथित तौर पर रॉय द्वारा लिखा गया एक नोट बरामद किया गया है।

### भाजपा नेता अवधेश ने पंखे से लटककर दी जान



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व जोन चेयरमैन ठाकुर अवधेश कुमार ने यमुना विहार स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा घटना के वक्त कोई कार्यालय में नहीं था। भजनपुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीटीबी अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## पीएम मोदी ने पोस्ट-बजट वेबिनार को किया संबोधित, बोले

# उद्यम क्षेत्रों की संख्या बढ़कर हो गई 6 करोड़ के पार, रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे 'अपार'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**लोन वितरण के लिए नए तरीके अपनाने की जरूरत पर जोर दिया**

पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि देश में एमएसएमई की संख्या आज बढ़कर 6 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है। इसी के साथ करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। रोजगार में अपार संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं।

पीएम मोदी ने पोस्ट-बजट वेबिनार के मंच से सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 2020 में हमने एमएसएमई की परिभाषा में संशोधन किया। यह 14 साल बाद किया गया। इससे यह डर दूर हो गया कि बढ़ते कारोबार से सरकारी लाभ खत्म हो जाएंगे। एमएसएमई को निरंतर आगे बढ़ते रहने का आत्मविश्वास मिले, इसके लिए इस बजट में एमएसएमई की परिभाषा का विस्तार किया गया है। उन्होंने लोन वितरण के लिए नए तरीके अपनाने की जरूरत पर जोर दिया।



**कम लागत और समय पर लोन मिलना सुनिश्चित होगा**

उन्होंने कहा कि नए तरीकों के साथ एमएसएमई को कम लागत और समय पर लोन मिलना सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने उद्योगों को एमएसएमई को सहयोग देने के क्रम में मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू करने को कहा। बजट में एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया था।

### 14 सेक्टर्स को पीएलआई योजना का लाभ

उन्होंने कहा कि आज 14 सेक्टर्स को पीएलआई योजना का लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत 7.5 करोड़ यूनिट को मंजूरी दी गई है। इससे देश में 1.5 लाख करोड़ रुपएसे ज्यादा का निवेश आया है और 13 लाख करोड़ से ज्यादा का उत्पादन हुआ है। इसी के साथ 5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निर्यात हुआ है।

**'आत्मनिर्भर' से सुधार**

### भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन

*उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया और सुधारों की अपनी गति को और तेज किया। हमारे प्रयासों से अर्थव्यवस्था पर कोविड का प्रभाव कम हुआ। इससे भारत को तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिली। उन्होंने कहा की जब कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो गई तो भारत ने वैश्विक विकास को गति दी। यह आसानी से नहीं हुआ। हमने अपने सुधारों की गति को तेज किया और आत्मनिर्भर भारत के विजन की दिशा में काम किया। हमारे प्रयासों से कोविड-19 का हमारी अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। आज भी भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन है।*

### *भारत की मैन्युफैक्चरिंग में रिसर्च और डेवलपमेंट को और गति देनी होगी*

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी इकोनॉमिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से इस पार्टनरशिप का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने भारत की मैन्युफैक्चरिंग यात्रा में रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के अहम योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इसे आगे बढ़ाने और गति देने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि आरएंडडी से हम इनोवेटिव प्रोडक्ट्स पर फोकस कर सकते हैं और साथ ही प्रोडक्ट्स में वैल्यू एडिशन कर सकते हैं।



## सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# महिला की याचिका खारिज की, कानूनी प्रक्रिया का 'गलत इस्तेमाल' बताया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक रिटायर्ड सेना अधिकारी को राहत देते हुए उनके खिलाफ रेप का केस निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि इसी तरह का आरोप लगाते हुए 8 दूसरे लोगों पर भी लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवा रखी है। कोर्ट ने महिला को नोटिस भेज कर अपना पक्ष रखने का मौका दिया था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।कई किताबें लिख चुके सेना के सेवानिवृत्त कैप्टन राकेश वालिया पर 39 साल की महिला ने 2021 में दिल्ली के महरौली थाने में बलात्कार की शिकायत दर्ज करवाई थी। महिला ने आरोप लगाया था कि उसे नशीली चीज खिला कर उसके साथ रेप किया गया। याचिकाकर्ता ने इसे पैसे की उगाही का हथकंडा बताते हुए दिल्ली हाई कोर्ट से मामला रद्द करने की मांग की थी, लेकिन हाई कोर्ट ने उन्हें राहत नहीं दी थी।

### एफआईआर करवाई तो जांच में सहयोग क्यों नहीं किया?

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की तरफ से बताया गया कि महिला ने एफआईआर तो दर्ज करवा दी, लेकिन कभी भी जांच में सहयोग नहीं किया। सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि इस महिला ने अलग-अलग थानों में 8 लोगों के खिलाफ इसी तरह की एफआईआर दर्ज करवा रखी है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सभी बातों पर गौर करने के बाद कहा कि यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट से ही राहत मिल जानी चाहिए थी। इस टिप्पणी के बाद जजों ने रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त कर दी।

### सुशील को दिल्ली हाई कोर्ट ने दी जमानत



दिल्ली हाई कोर्ट ने पहलवान सुशील कुमार को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने राजधानी के छत्रसाल स्टेडियम में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या से जुड़े मामले में सुशील को जमानत दे दी है? पहलवान सुशील और अन्य पर संपत्ति विवाद में धनखड़ और उनके दोस्तों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। अभियोजन पक्ष ने 200 गवाहों का हवाला दिया है, जबकि अब तक केवल 31 की ही गवाही हुई है।

## मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सचिवों से मांगे सुझाव

# कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, बुनियादी ढांचे और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित होगा बजटः नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए आगामी राज्य बजट विकासोन्मुखी होगा, जिसमें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, बुनियादी ढांचे और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि बजट राज्य की प्रगति के लिए एक मजबूत आधारशिला रखेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने में अहम योगदान देगा। सैनी मंगलवार को पंचकूला में विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिवों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 7 मार्च, 2025 से आरम्भ होना है। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सैनी ने प्रशासनिक सचिवों से राज्य बजट के लिए सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि बजट प्रक्रिया में प्रशासनिक सचिवों की अहम भूमिका होती है।

**समाज के सभी वर्गों पर केंद्रित कई नई पहल होंगी**



*मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी बजट में समाज के सभी वर्गों के कल्याण पर केंद्रित कई नई पहल की जाएंगी। सैनी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार विभिन्न सुधारों के माध्यम से लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले दस वर्षों में शासन व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव किए है, जो एक दशक से अधिक समय में सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन है। उन्होने कहा कि नागरिक अब घर बैठे आराम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर लोगों को घर बैठे वृद्धावस्था भत्ता मिलना आरंभ हो जाता है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को बड़ा लाभ मिल रहा है।*

### गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने पर जोर

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर विशेष जोर दिया है और इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। छात्र-शिक्षक अनुपात सुनिश्चित करने के अलावा, सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया गया है। लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 20 किलोमीटर के दायरे में नए कॉलेज स्थापित किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूलों और कॉलेजों में ई-लाइब्रेरी खोलने की योजना बना रही है, जिससे युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

### हरियाणा खेलों की महाशक्ति के रूप में उभरा

*मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा खेलों की महाशक्ति के रूप में उभरा है। राज्य के खिलाड़ियों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में अपनी योग्यता साबित की है और देश और राज्य दोनों को गौरवान्वित किया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और राज्य सरकार की खेल नीति को दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की खेल नीति की पूरे देश में सराहना हो रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मजबूत खेल बुनियादी ढांचा और बेहतरीन कोचिंग सुविधाएं प्रदान करके खिलाड़ियों के प्रयासों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। विभिन्न अस्पतालों की बिस्तर क्षमता में वृद्धि की गई है, साथ ही टैस्ट सुविधाएं और दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में किए गए वादे को पूरा करते हुए वर्तमान सरकार ने राज्य भर के सरकारी अस्पतालों में किडनी रोगियों के लिए निःशुल्क डायलिसिस सुविधा शुरू की है।*

# नई दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ की जिम्मेदारी तय, नपे डीआरएम

### *रेल मंत्री ने पदमुक्त का फैसला किया*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों के बीच मची भगदड़ में 18 मौतों की जिम्मेदारी अंततः उत्तर रेलवे के डीआरएम सुखविंदर सिंह पर आई। उन्हें पदमुक्त करने का कड़ा निर्णय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने लिया। लंबे समय के बाद रेलवे में किसी हादसे की जिम्मेदारी संबंधित डिविजन के सर्वोच्च अधिकारी पर तय की गई। अभी तक छोटे मोटे पदों पर कार्य कर रहे कर्मचारी पर कार्रवाई पर मंत्रालय संतुष्ट रहता था। मौका चूंकि कुंभ का था। व्यवस्था पर सीधे पीएम नरेंद्र मोदी की नजर थी, लिहाजा सरकार के नाक के नीचे नई दिल्ली स्टेशन पर हुए भगदड़ से जाने गई तो केंद्र के 'नाक' पर बन आई। जाहिर है इस बार बड़े 'विकेट' गिरने तय थे। डीआरएम सुखविंदर सिंह को उनके पद से हटा कर कहाँ नियुक्ति दी गई इस बारे में मंत्रालय मौन है। लेकिन सुखविंदर सिंह की जगह पुष्पेश आर त्रिपाठी की नियुक्ति तय कर दी गई।

दिल्ली डिविजन के नये डीआरएम अब पुष्पेश होंगे। उन्हें उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले प्रयागराज में कुंभ मेले के अवसर पर बेहतर मैनेजमेंट के लिए रेलमंत्री ने पुरस्कृत किया, उन्हें दिल्ली जैसे बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण डिविजन का डीआरएम बनाया गया। इसके पहले पुष्पेश त्रिपाठी उत्तर मध्य रेलवे के डीआरएम थे।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए मिशन संचालन समूह की 9वीं बैठक की अध्यक्षता की

# जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के लिए क्षमता निर्माण की आवश्यकता हैः नड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के मिशन संचालन समूह (एमएसजी) की नौवीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव और अनुप्रिया पटेल, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी, नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल भी उपस्थित थे।

मिशन संचालन समूह एनएचएम के तहत सर्वोच्च नीति-निर्माण और संचालन संस्था है, जो स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए व्यापक नीति निर्देश और शासन प्रदान करती है। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, आयुष, पेयजल एवं स्वच्छता, पंचायती राज, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के सचिवों के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, शिक्षा, आवास एवं शहरी मामले, व्यय विभाग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अधिकारी, विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के सचिव, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा सहित उच्च केंद्र बिंदु वाले राज्यों के स्वास्थ्य सचिव, नीति आयोग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। नड्डा ने बैठक को संबोधित करते हुए एनएचएम की उपलब्धियों की सराहना की और विभिन्न पहलों और योजनाओं के परिणाम सुनिश्चित करने में एमएसजी की भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने 'मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की क्षमताओं को बढ़ाने, मजबूत करने' और 'प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण की आवश्यकता' का सुझाव दिया ताकि उनकी क्षमताओं का सर्वोत्तम संभव तरीके से उपयोग किया जा सके। यह जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवा योजनाओं के अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**भारत में शिशु मृत्यु दर में 69 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई**



बैठक में उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (एनएचपी) के तहत प्रति एक लाख जीवित जन्में बच्चों में मातृ मृत्यु दर 100 का लक्ष्य हासिल कर लिया है। 1990 से 2020 के बीच भारत में एमएमआर में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो वैश्विक एमएमआर गिरावट से कहीं ज़्यादा है। इस अवधि के दौरान भारत में शिशु मृत्यु दर में 69 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि वैश्विक शिशु मृत्यु दर में 55 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 75 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि वैश्विक गिरावट दर 58 प्रतिशत है। एसआरएस 2020 के अनुसार, 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने सतत विकास लक्ष्य हासिल कर लिया है। कुल प्रजनन दर 1992-93 में 3.4 से घटकर 2019-21 में 2.0 हो गई। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5), 2019-21 के अनुसार 31 राज्यों ने प्रजनन क्षमता का प्रतिस्थापन स्तर हासिल कर लिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 15.05.2015 को भारत को मातृ एवं नवजात टिटनेस उन्मूलन के लिए प्रमाणित किया।

### ट्रैकोमा पूरी तरह समाप्त

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 8 अक्टूबर 2024 को, घोषणा की कि भारत सरकार ने ट्रैकोमा को जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त कर दिया है। 28 फरवरी 2025 तक, कुल संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में से 85 प्रतिशत में सेवाओं का विस्तारित पैकेज उपलब्ध है। आज देश में 1.76 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यरत हैं। पिछले 5 वर्षों में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आने वाले मरीजों की वार्षिक संख्या 2019-20 के 13.49 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 121.03 करोड़ हो गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए आयोजित सत्रों की संख्या 2019-20 के 0.11 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 1.54 करोड़ हो गई है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2015-23 के दौरान टीबी के मामलों में 18 प्रतिशत की कमी देखी गई, जो वैश्विक कमी से दोगुनी से भी अधिक है, जबकि मृत्यु दर में 21 प्रतिशत की कमी देखी गई। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों तथा 748 जिलों को कवर किया गया है। इस योजना में 26.97 लाख रोगियों को कवर किया गया है तथा कुल 3.27 करोड़ सत्र आयोजित किए गए हैं।

# सेंसेक्स 73,000 अंक से नीचे फिसला

## निफ्टी में लगातार दसवें दिन गिरावट

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में नुकसान में रहा और यह 96 अंक की गिरावट के साथ 73,000 अंक के नीचे बंद हुआ। शुल्क युद्ध को लेकर चिंता गहराने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के बीच वैश्विक बाजारों में गिरावट का असर स्थानीय बाजार पर भी पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 96.01 अंक गिरावट के साथ 72,989.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 452.4 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 18 नुकसान में, जबकि 12 लाभ में रहे। एनएसई के मानक सूचकांक निफ्टी में लगातार 10वें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 36.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,082.65 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 22,000 अंक के नीचे 21,974.45 अंक पर खुला लेकिन बाद में इसने कुछ नुकसान की भरपाई कर ली। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मास्युटिकल्स, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी इंडिया, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, जोमैटो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।



**व्यापार तनाव बढ़ने से गिरावट**

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू बाजार आज के निचले स्तर से ऊपर आने में सफल रहा लेकिन वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से संबंधित प्रतिकूल संकेतों के कारण यह गिरावट के साथ बंद हुआ।"

# सेबी की कुल आय 48 फीसदी बढ़कर 2,075 करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी की कुल आय वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 48 प्रतिशत बढ़कर 2,075 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। शुल्क और सदस्यता से आय बढ़ने से कुल आमदनी बढ़ी है।सेबी के मंगलवार को सार्वजनिक किए गए वर्ष 2023-24 के वार्षिक खातों के विवरण के अनुसार, कुल आय में से, नियामक ने 1,851.5 करोड़ रुपये की शुल्क आय अर्जित की, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में अर्जित 1,213.22 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। इसके अतिरिक्त, निवेश से होने वाली आय 161.42 करोड़ रुपये से बढ़कर 192.41 करोड़ रुपये हो गई और अन्य आय 15 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 18 करोड़ रुपये हो गई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने माना कि शुल्क और सदस्यता इसकी आय के प्रमुख स्रोत हैं। आय की इस श्रेणी में वार्षिक शुल्क और सदस्यता से होने वाली आय, स्टॉक एक्सचेंजों से सूचीबद्धता शुल्क का योगदान, कंपनियों और बाजार अवसंरचना संस्थानों द्वारा दाखिल पंजीकरण, नवीनीकरण, आवेदन और प्रस्ताव दस्तावेजों से होने वाली आय शामिल है।

**पिछले वित्त वर्ष में 1404.36 करोड़ रही**

वार्षिक खातों से पता चला कि कुल मिलाकर, बाजार नियामक की कुल आय 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में बढ़कर 2,075 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 1,404.36 करोड़ रुपये थी। यह 48 प्रतिशत की वृद्धि है।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरवरी 2025 में 4,22,449 यूनिट्स बेचीं

**रायपुर।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज फरवरी 2025 के अपने बिक्री आंकड़े जारी किए। फरवरी 2025 में कंपनी की कुल बिक्री 4,22,449 यूनिट्स रही। इसमें 3,83,918 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 38,531 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। यह उल्लेखनीय है कि HMSI की वित्त वर्ष 2025 (अप्रैल 2024 - फरवरी 2025) की अब तक की कुल बिक्री 54,04,216 यूनिट्स तक पहुंच गई है, जिसमें 49,25,241 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 4,78,975 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

**मुख्य उपलब्धियां:** प्रोडक्ट: HMSI ने उन्नत नए फीचर्स के साथ OBD2B अनुकूलित Shine 125 और Hornet 2.0 के अपडेटेड वर्जन पेश किए। इसके अलावा, कंपनी ने OBD2B कंप्लायंट इंजन और अपग्रेडेड इक्विपमेंट के साथ बिल्कुल नया NX200 लॉन्च किया। बिजनेस: HMSI ने दक्षिण भारत में 2 करोड़ बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया और मध्य प्रदेश में Shine 125 और SP125 की 10 लाख यूनिट्स की संचयी बिक्री पूरी कर ली, जो कंपनी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।सड़क सुरक्षा: भारत में सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से HMSI ने देशभर में 10 स्थानों – मथुरा (उत्तर प्रदेश), सापुतारा (गुजरात), अमरावती (महाराष्ट्र), अमृतसर (पंजाब), अंगुल (ओडिशा), बल्लारी (कर्नाटक), जबलपुर (मध्य प्रदेश), काकीनाडा (आंध्र प्रदेश), दरभंगा (बिहार) और गोवा में अभियान चलाए। इसके अलावा, HMSI ने मुंबई (महाराष्ट्र) में स्कूल प्राचार्यों के साथ ₹माइंडसेट डेवलपमेंट फॉर आवर फ्यूचर जेनरेशन प्रोजेक्ट के तहत एक रोड सेफ्टी कन्वेंशन आयोजित किया।

## रोजगार का बाजार चार प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** भारत में कार्यालय रोजगार का बाजार फरवरी के दौरान सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़ गया जिसका मुख्य कारण कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन लर्निंग (एमएल) और आतिथ्य क्षेत्र में भर्तियां रहीं। नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू नौकरी बाजार ने जनवरी और फरवरी दोनों महीनों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2025 की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की है। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, 'पिछले साल फरवरी में आई आठ प्रतिशत की गिरावट को देखते हुए इस साल का आंकड़ा और भी आशाजनक लग रहा है।

# सरकार ने रिलायंस की इकाई पर लगाया जुर्माना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई पर बैटरी सेल संयंत्र स्थापित करने की समयसीमा को पूरा करने में विफल रहने के लिए जुर्माना लगाया है। इसके लिए उसे उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन दिए गए थे।

कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी बैटरी स्टोरेज लिमिटेड को तीन मार्च को भारी उद्योग मंत्रालय से एक पत्र मिला, जिसमें एक जनवरी, 2025 से प्रत्येक दिन की देरी के लिए प्रदर्शन सुरक्षा (50 करोड़ रुपये) की 0.1 प्रतिशत की दर से क्षतिपूर्ति वसूलने का निर्देश दिया गया है। इसमें कहा गया है कि यह जुर्माना उन्नत रसायन सेल के लिए प्रदर्शन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदान की गई पांच गीगावाट घंटा विनिर्माण क्षमता के संबंध में मंत्रालय के साथ निष्पादित कार्यक्रम समझौते के तहत माइलस्टोन-1 को हासिल करने में देरी के लिए लगाया गया है।

तीन मार्च, 2025 तक की गणना के अनुसार यह क्षतिपूर्ति या जुर्माना 3.1 करोड़ रुपये था।




**इन कंपनियों ने जीती थी बोलियां**

आरएनईबीएसएल के अलावा, राजेश एक्सपोर्ट्स और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की इकाई ने भी बैटरी सेल संयंत्र बनाने के लिए बोलियां जीती थीं। विनिर्माता इस परियोजना के लिए लक्ष्य पूरा करने पर 181 करोड़ रुपये के उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन के लिए पात्र थे, जिसका उद्देश्य उन्नत रसायन सेल बैटरी भंडारण की संचयी 30 गीगावाट घंटा क्षमता का निर्माण करना था।

आरएनईबीएसएल ने उक्त माइलस्टोन-1 की के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया है। हालांकि, फर्म ने न तो देरी के कारणों का और न ही लक्ष्य को पूरा करने की नई समयसीमा का खुलासा किया।

# व्यापार युद्ध की चिंता में सोना 1,100 और चांदी में 1,500 रुपए का उछाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने तथा मजबूत वैश्विक रुख के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर 89,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

■ सोना बढ़कर 89,000 रुपए के स्तर पर पहुंचा

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर 88,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 87,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मंगलवार से कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क की पुष्टि के बाद सराफा की कीमतों में उछाल आया। चीन और कनाडा ने भी अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की घोषणा की, जिससे उत्तरी अमेरिका में व्यापार तनाव बढ़ गया। औद्योगिक मांग और सोने में तेजी के चलते चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सोमवार को चांदी की कीमत 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी मोर्चे पर, अप्रैल अनुबंधों के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 32.70 डॉलर बढ़कर 2,933.80 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 2,921.42 डॉलर प्रति औंस हो गया।



**कमजोर आंकड़ों से सोने में आया उछाल**

गांधी ने कहा कि यह पिछले सप्ताह के कमजोर आवासीय आंकड़े, बढ़ते बेरोजगारी के दावों और उपभोक्ता खर्च में गिरावट के मद्देनजर आया है। आंकड़े जारी होने से इस बात की संभावना बढ़ी है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व उम्मीद से पहले ब्याज दरों में कटौती करेगा।

## अरामको का मुनाफा 2024 में 12 प्रतिशत घटा

**दुबई।** सऊदी अरब की सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल कंपनी अरामको का मुनाफा 2024 में 12 प्रतिशत घटकर 106.25 अरब डॉलर रहा। रियाद के तदावुल शेयर बाजार को दी सूचना में औपचारिक रूप से सऊदी अरब ऑयल कंपनी के रूप में पहचानी जाने वाली तेल कंपनी की आमदनी 2024 में 436 अरब डॉलर थी। अरामको ने 2023 में 121 अरब डॉलर का वार्षिक लाभ दर्ज किया, जो कम ऊर्जा कीमतों के कारण 2022 के मुनाफे से कम है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS LPT1412 REG. NO. HR38AD9777-YOM- 2022
2) TATA MOTORS LPT1412 ENG. NO. HR38AD8591-YOM-2022
1) TATA MOTORS LPT1412 REG. NO. HR38AD5783-YOM-2022
4) TATA MOTORS LPT1412 REG. NO. HR38AD1943-YOM-2022
5) TATA MOTORS LPT1412 REG. NO. HR38AD8780-YOM- 2022
6) TATA MOTORS LPT1412 REG.NO. HR38AD6868-YOM- 2022
7) TATA MOTORS LPT1412 REG. NO. HR38AD9066-YOM -2022
8) TATA MOTORS LPT1412 REG. NO. HR38AD8516-YOM-2022
9) TATA MOTORS T1918COGD REG. NO. HR38AC6059-YOM-2021
10) TATA MOTORS T1918CBCN REG. NO. HR38AD8026-YOM-2022
11) TATA MOTORS T1918CBCN REG. NO. HR38AD5004-YOM-2022
12) TATA MOTORS LPT1412 REG. NO. HR38AD5399-YOM -2022
13) TATA MOTORS LPT1412 REG. NO. HR38AD8707-YOM-2022
14) TATA MOTORS LPT1412 REG. NO. HR38AD3809-YOM-2022
15) TATA MOTORS T1918COGD REG. NO. HR38AC5143-YOM -2021
16) TATA MOTORS T1918COGD REG. NO. HR38AC2704-YOM -2021
17) TATA MOTORS T1918COGD REG. NO. HR38AC8365-YOM -2021
18) TATA MOTORS T1918COGD REG. NO. HR38AC4399-YOM -2021
19) TATA MOTORS T1918CBCN REG. NO. HR38AD1372-YOM-2022
20) T1615 REG. NO. NL01AC3752-YOM -NA
21) T1615 REG. NO. NL01AC3758-YOM NA
22) T1615 REG. NO. NL01AC3757-YOM NA
23) T1615 REG. NO. NL01AC3754-YOM- NA

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL –raman.ahuja@kotak.com

**चिकित्सा**

बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

हमराज़ क्लीनिक

11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

# इस्पात की मांग बढ़ती रहेगी: टाटा संस चेयरमैन

**जमशेदपुर।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद इस्पात की मांग बढ़ेगी। चंद्रशेखरन ने टाटा स्टील के संस्थापक जेएन टाटा की 186वीं जयंती पर आयोजित समारोह में कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 'इस्पात की मांग बढ़ती रहेगी और ऐसी स्थिति का सामना करने का सबसे अच्छा तरीका दक्षता और लागत प्रबंधन के साथ तैयार रहना और उत्पादकता बढ़ाना है।' उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी को प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए सरकार, उसकी नीतियों, कर्मचारियों और श्रमिक संघों की मदद की जरूरत होगी। चंद्रशेखरन ने कहा, 'प्रबंधन को विस्तार करने, दक्षता बनाए रखने, लागत प्रबंधन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए साहसी होना होगा।



**सूचना**

हम, राज सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह एवं संतोष देवी पत्नी राज सिंह निवासी मकान नंबर-158, गांव सिंघु, दिल्ली-110040 बयान करते है कि हमारा पुत्र युगल व हमारी पुत्रवधु तनुष्का और हमारा पोता पार्थ हमारे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, दशरथ बरार पुत्र खरेया बरार स्थाई पता ग्राम चिरवारी नौगांव चुरवर छत्तरपुर मध्यप्रदेश - 471111 , बयान करता हूं कि मैं अपने पुत्र भान सिंह को गलत चाल चलन, व्यवहार को देखते हुए मैंने दो साल पहले घर से निकाल दिया था और अब कानूनी प्रणाली के तहत पुत्र भान सिंह से संबंध विच्छेद करता हूं, यदि इसके साथ कोई भी व्यक्ति भविष्य में किसी भी तरह का लेन-देन व संबंध रखता है तो वह इसका स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 1.65 अरब डॉलर जुटाए**

नई दिल्ली। भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 8.32 करोड़ डॉलर के औसत मूल्यांकन पर कुल 1.65 अरब डॉलर (लगभग 14,418 करोड़ रुपये) का वित्तपोषण जुटाया। ट्रैक्सन के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे चालू वित्त वर्ष (2024-25) में फरवरी में कुल वित्तपोषण 2,200 चरण में 25.4 अरब डॉलर हो गया है।

# वाहन कलपुर्जा निर्यात 100 अरब होने की उम्मीद : रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के वाहन कलपुर्जा उद्योग को अगले सात-आठ साल में 100 अरब डॉलर के निर्यात की उम्मीद है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में देश का वाहन कलपुर्जा निर्यात 21.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2018-19 में 2.5 अरब डॉलर के घाटे में था। वाहन कलपुर्जा कंपनियों के संगठन एक्मा के सहयोग से तैयार इस रिपोर्ट में निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक व्यापक, बहुआयामी रणनीति पेश की गई है। भारतीय वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एक्मा) की अध्यक्ष श्रद्धा सूरी मारवाह ने कहा, ''हमने न केवल सकारात्मक व्यापार संतुलन हासिल किया है, बल्कि व्यापार अधिशेष लगभग 50-150 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है।''



■ वित्त वर्ष 2023-24 में देश का वाहन कलपुर्जा निर्यात 21.2 अरब डॉलर रहा

**भारतीय कंपनियों को निर्यात बढ़ाना होगा**

*मारवाह ने कहा, "हम इस वृद्धि चक्र को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अगले सात-आठ वर्षों में निर्यात में 100 अरब डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।" एक्मा के महानिदेशक विन्नी मेहता ने कहा कि इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रमुख भारतीय कंपनियों को अपना निर्यात पांच से 10 गुना बढ़ाने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में गहरी पैठ हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए।*

# खाने के तेल की कीमतों में लगी आग, आयात ड्यूटी बढ़ाई गई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पिछले साल सितंबर के महीने में खाने के तेल के इंपोर्ट पर ड्यूटी में इजाफा किया गया था। उसका असर लगातार देखने को मिला। अगर मौजूदा साल की बात करें तो खाने के तेल में 3 रुपए से लेकर 11 रुपए का इजाफा देखने को मिला है। वहीं दूसरी ओर देखने को मिली है। फरवरी के महीने में खाने के तेल का इंपोर्ट 4 साल के लोअर लेवल पर पहुंच गया है। जानकारों के अनुसार खाने के तेल के इंपोर्ट कम होने का प्रमुख कारण इंपोर्ट ड्यूटी ज्यादा होगा। आने वाले दिनों में इंपोर्ट ड्यूटी में और इजाफे के संकेत मिलते है। इंपोर्ट ड्यूटी में इजाफे का मकसद लोकल फार्मर्स को सपोर्ट करना है।



मौजूदा साल में खाने के तेल के इंपोर्ट में भी गिरावट

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1 ) MAH FURIO14FBT REG. NO. UP14HT8814-YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 5,22,059.188

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 19-03-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY). BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : PUNIT PARASHAR KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377905498 EMAIL–punit.parshar@kotak.com

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5797



**बाएँ से दाए-**


1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

**शब्द पहेली -5796 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5807

★★★★☆ कठिन


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5806 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |




# कोहली के करिश्मे के साथ ऑस्ट्रेलिया से हिसाब बराबर, भारत चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा

## ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराया, चेज मास्टर कोहली के 84 रन, फाइनल 9 को दुबई में ही

भाषा ▶▶| दुबई

सोलह महीने पहले वनडे विश्व कप फाइनल में और चौदह साल से आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिली हर हार का बदला चुकता करते हुए भारत ने मंगलवार को आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर पांचवीं बार चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया और एक बार फिर जीत के नायक रहे विराट कोहली। भारत की जीत के साथ ही यह भी तय हो गया कि चैम्पियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को दुबई में ही खेला जायेगा जिसमें भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका या न्यूजीलैंड से होगा। अगर आस्ट्रेलिया जीतती तो फाइनल लाहौर में खेला जाना था। आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टीव स्मिथ (73) और एलेक्स कैरी (61) के अर्धशतकों के दम पर 48.1 ओवर में 264 रन बनाये जिसके जवाब में भारत ने 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। 'प्लेयर आफ द मैच' कोहली ने 98 गेंद में पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाये। 19 नवंबर 2023 को कप्तान रोहित शर्मा समेत करोड़ों क्रिकेटप्रेमियों की आंखों में आंसू थे जब अहमदाबाद में आस्ट्रेलियाई टीम ने भारत का विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा था। इसके अलावा भी आईसीसी नॉकआउट टूर्नामेंटों में आस्ट्रेलिया भारत के लिये 'अभेद किला' साबित होता रहा है जिसमें आखिरी बार हम 2011 वनडे विश्व कप में ही सेंध लगा पाये थे। उन सभी नाकामियों से मिले हर जख्म पर मरहम लग गया जब केएल राहुल ने 49वें ओवर की पहली गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल को छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। कोहली को श्रेयस अय्यर से पूरा सहयोग मिला जिन्होंने 45 रन बनाये और तीसरे विकेट के लिये 91 रन की साझेदारी भी की। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा (28) और शुभमन गिल (नौ) सस्ते में आउट हो गए थे।

बल्लेबाजी की मददगार पिच पर कोहली का बल्ला खूब चला और बड़े शॉट खेलने की बजाय उन्होंने संयम से अपनी पारी को आगे बढाया। वनडे पारियों में स्पिनरों के खिलाफ पिछले कुछ अर्से में नाकाम साबित होते आये कोहली ने यहां आस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा को बखूबी खेला। उन्होंने अपनी पारी में शानदार पूल और ड्राइव लगाये। अय्यर और अक्षर पटेल (27) एक के बाद एक विकेट गंवा बैठे लेकिन कोहली ने 53 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्हें स्पिनर कूपर कोनोली की गेंद पर मैक्सवेल से जीवनदान भी मिला जब उनका स्कोर 51 रन था। लेकिन जम्पा की गेंद पर लांग आन के पास बेन ड्वारशुइस को कैच देकर वह उस समय आउट हुए जब भारत को 40 रन की जरूरत थी। राहुल (नाबाद 42) और हार्दिक पंड्या (28) ने आक्रामक शॉट्स खेलकर भारत को जीत तक पहुंचाया। वैसे इस जीत में श्रेय भारतीय गेंदबाजों का भी है।



### स्ट्राइक रोटेट करना पारी का सबसे सुखद हिस्सा रहाः कोहली

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मैच जिताने वाली पारी की तुलना पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक से करते हुए कहा कि यहां के हालात में मिली सफलता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू स्ट्राइक रोटेट करना रहा। कोहली फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके लेकिन 98 गेंद में 84 रन बनाकर भारत की जीत तय कर दी। पाकिस्तान के खिलाफ मैच की ही तरह उन्होंने तेजी से इक्के दुक्के रन निकाले और अपनी पारी में सिर्फ पांच चौके लगाये। प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार जीतने के बाद उन्होंने कहा, '' यह पारी पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई पारी जैसी थी। यह हालात को समझने और स्ट्राइक रोटेट करने की बात थी क्योंकि इस पिच पर साझेदारियां अहम थीं।'' कोहली ने अपनी पारी में 56 सिंगल लिये और चार बार दो दो रन निकाले।

### छह गेंदबाजी विकल्प चाहता थाः रोहित शर्मा



**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आस्ट्रेलिया पर चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मिली जीत के बाद मंगलवार को कहा कि वह बल्लेबाजी की गहराई से समझौता किये बिना छह गेंदबाजी विकल्प टीम में चाहते थे। जीत के लिये 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने विराट कोहली के 84 रन और श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या की पारियों के दम पर 11 गेंद बाकी रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। रोहित ने पुरस्कार समारोह में कहा, '' मैं सचमुच टीम में छह गेंदबाजी विकल्प चाहता था और यह भी चाहता था कि आठवें नंबर तक बल्लेबाजी भी रहे। हमने टीम बनाते समय इस पर बात की थी। टीम तैयार करने में शामिल हर व्यक्ति को इसका श्रेय जाता है।'' उन्होंने कहा, '' हमें लगा था कि यह अच्छा स्कोर है और हमें अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी जो हमने की। हम शांत होकर खेले और विकेट भी अच्छी थी।'' रोहित ने कहा, '' हम अच्छा क्रिकेट खेलना चाहते हैं और पिच को लेकर ज्यादा नहीं सोचते।'' उन्होंने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा, '' वह इतने साल से हमारे लिये यह कर रहा है। हम निश्चिंत थे। हम वहीं बड़ी साझेदारी चाहते थे जो विराट और श्रेयस ने की।

### आस्ट्रेलिया-264/10 (49.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का गिल बो वरूण | 39 |
| कूपर कोनोली का राहुल बो शमी | 0 |
| स्टीव स्मिथ बो शमी | 73 |
| मार्नस पगबाधा बो जडेजा | 29 |
| इंगलिस का कोहली बो जडेजा | 11 |
| एलेक्स कैरी रन आउट | 61 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो पटेल | 7 |
| ड्वारशुइस का अय्यर बो वरूण | 19 |
| एडम जम्पा बो पंड्या | 7 |
| नाथन एलिस का कोहली बो शमी | 10 |
| तनवीर संघा नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : सात रन
योगः 49.3 ओवर में 264 रन
विकेट पतन : 1-4, 2-54, 3-110, 4-144, 5-198, 6-205, 7-239, 8-249, 9-262
गेंदबाजीः शमी 10-0-48-3, पंड्या 5.3-0-40-1, कुलदीप 8-0-44-0, वरूण 10-0-49-2, अक्षर 8-1-43-1, जडेजा 8-1-40-2

### विराट कोहली बने मैन ऑफ द मैच

### भारत- 267/6(48.1)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा पगबाधा बो कोनोली | 28 |
| शुभमन गिल बो ड्वारशुइस | 8 |
| कोहली का ड्वारशुइस बो जम्पा | 84 |
| श्रेयस अय्यर बो जम्पा | 45 |
| अक्षर पटेल बो एलिस | 27 |
| केएल राहुल नाबाद | 42 |
| पंड्या का मैक्सवेल बो एलिस | 28 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 2 |

अतिरिक्तः तीन रन
योगः 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन
विकेट पतन : 1-30, 2-43, 3-134, 4-178, 5-225, 6-259
गेंदबाजीः ड्वारशुइस 7-0-39-1, एलिस 10-0-49-2, कोनोली 8-0-37-1, जम्पा 0-0-60-2, संघा 6-0-41-0, मैक्सवेल 6.1-0-35-0, हेड 1-0-6-0

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो के बिना अल-नासेर ने एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला

**तेहरान।** दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गये।

### पाकिस्तान के मुख्य कोच बने रहेंगे आकिब जावेद

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व तेज गेंदबाज और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद को न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे तक अंतरिम मुख्य कोच बने रहने के लिये कहा है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड दौरे के बीच समय कम होने के कारण आकिब मुख्य कोच बने रहेंगे। उन्होंने कहा पीसीबी ने इस बीच नये मुख्य कोच को तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# द.अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच महामुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा सेमीफाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच आज 5 मार्च बुधवार को खेला जाएगा। कीवी टीम ने अपने ग्रुप चरण के 2 मैच जीतते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया। अब मिचेल सेंटनर की कप्तानी में न्यूजीलैंड टीम ये महामुकाबला जीतने की कोशिश करेगी। हालांकि, उनके सामने दक्षिण अफ्रीका की चुनौती आसान नहीं रहने वाली है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला मैच आज लाहौर के गद्दाफी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### मैच लाहौर के गद्दाफी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दोपहर 2:30 बजे से



### न्यूजीलैंड के खिलाफ अफ्रीका का पलड़ा रहा है भारी

दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे मुकाबला साल 1992 में खेला गया था। अब तक दोनों के बीच 73 मुकाबले खेले गए हैं। 42 मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और 26 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं। 5 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। पाकिस्तान के गद्दाफी स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच 1 वनडे मुकाबला खेला गया है। इस मैच को कीवी टीम ने अपने नाम किया था।

## ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा के सामने शैंकलैंड की चुनौती



**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा एक दिन के विश्राम बाद प्राग मास्टर्स के छठे दौर में बुधवार को अमेरिका के सैम शैंकलैंड से भिड़ेंगे। प्रज्ञानानंदा हाल ही फिडे की रैंकिंग में अपना सर्वश्रेष्ठ आठवां स्थान हासिल करने के बाद बढ़े हुए हौसले के साथ इस मुकाबले में उतरेंगे। वह हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स की तालिका में शीर्ष स्थान पर है। दोनों खिलाड़ियों ने पांचवें दौर में एक-दूसरे का सामना किया था और यह मुकाबला बराबरी पर छूटा था। दोनों के नाम संभावित पांच में 3.5-3.5 अंक हैं। चिदंबरम के सामने वियतनाम के अनुभवी क्वांग लीम की चुनौती होगी। इन दोनों भारतीयों के बाद चार खिलाड़ी 2.5 अंक के साथ तालिका में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। इसमें अनीश गिरी और क्वांग लीम ने अपने सभी मैच ड्रॉ खेले है। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। अरविंद अब तक टूर्नामेंट सबसे प्रभावित करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। ज्यादातर लोगों को इस पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन से टूर्नामेंट के मध्य में शीर्ष पर रहने की उम्मीद नहीं थी।

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड दौरे की कमान सौंपी सलमान को, बाबर-रिजवान बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 मार्च से शुरू हो रही वनडे और टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टी-20 में आघा सलमान को नया कप्तान चुना गया है। इस टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान नहीं हैं। वनडे टीम में रिजवान की कप्तानी में दल को ऐलान किया गया है। शाहीन अफरीदी वनडे का हिस्सा नहीं हैं।

### ऐसी है पाकिस्तान की टीम

ऐसी है पाकिस्तान की टी-20 टीमः हसन नवाज, ओमैर यूसुफ, मोहम्मद हारिस, अब्दुल समद, आघा सलमान (कप्तान), इरफान नियाजी, खुशदिल शाह, शादाब खान, अब्बास अफरीदी, जहांदाद खान, मोहम्मद अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद और उस्मान खान। ऐसी है पाकिस्तान की वनडे टीमः मोहम्मद रिजवान (कप्तान), आघा सलमान, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आकिफ जावेद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, इमाम उल हक, खुशदिल शाह, मोहम्मद अली, मोहम्मद वसीम जूनियर, इरफान नियाजी, नसीम शाह, सुफियान मुकीम और तय्यब ताहिर।

### टी-20 सीरीज 16 से और वनडे सीरीज 29 मार्च से



### टी-20 में पाक के लिए सलमान के आंकड़े नहीं

*पाकिस्तान के नए कप्तान सलमान ने अब तक सिर्फ 6 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इसकी 5 पारियों में 10 की औसत से सिर्फ 50 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 32 रन रहा है। गेंदबाजी में उनके नाम 2 विकेट है। टी-20 क्रिकेट की बात करें तो इस खिलाड़ी ने अब तक 82 मुकाबले खेले हैं और 116.13 की स्ट्राइक रेट और 18.95 की औसत के साथ 1,137 रन बनाए हैं। उनके नाम 40 विकेट भी है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी-20 मुकाबला हेगले ओवल में 16 मार्च को खेला जाएगा।*

## भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली।** भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है। एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा।



**आयोजन प्राचीन ज्ञान का उत्सव है : मनसुख मांडविया**
खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, '' योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा, '' हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

1. **कार्य का नामः** एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस खंड में फुट ओवर ब्रिज के प्रक्षेपित/कैंटिलीवर भाग की मरम्मत।
2. **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** ₹ 99,97,034.48/- (रूपये निन्यानवे लाख सत्तानबे हजार चौंतीस और अड़तालीस पैसे मात्र)
3. **बयाना राशि (रुपये):** ₹ 2,00,000/- (रूपये दो लाख मात्र)
4. **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये):** ₹ 0.00/-
5. **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समयः** 26.03.2025 को 15:00 तक।
6. **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध।
7. **आवंटनः** 04-310-32

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/45/2024-25/W-3 दिनांक: 04.03.2025 690/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई खंड में एसएसई/पीवे/डीएलआई और एसएसबी के अधीन टीआरआर (एस)–4.2 किमी. टीएफआर–41.783 किमी और ग्लूड जोड़ नवीकरण 144 संख्या का कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | ₹ 2,59,28,619.06 (रूपये दो करोड़ उनसठ लाख अट्ठाईस हजार छह सौ उन्नीस और छह पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | ₹ 2,79,700/- (रूपये दो लाख उनासी हजार सात सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 26.03.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 29314103 |

- ठेकेदारों को ई–टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं:128–W/280/इ–निविदा सूचना/50-2024–25/W–3 दिनांक: 04.03.2025
693/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना – ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 32-W-BR-262-UMB DATE 04.03.2025 | अम्बाला डिवीजन के अंबाला–चंडीगढ़ खंड के पुल संख्या 262 DN (14x30.50m KM - 323/12-323/40 पर साइड पाथवे के प्रावधान का कार्य। | ₹ 12350459.17 | ₹ 211800/- | 06 (छह) महीने | दिनांक 29.03.2025 को 14:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 14:00 बजे के पश्चात् |

नोट : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व् डाउनलोड किया जा सकता है। 698/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के लिए नए नियम किए लागू

# आईपीएल के नियम सख्त, ड्रेसिंग रूम में नहीं आ सकेंगे परिवार के सदस्य

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच से होनी है। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कुछ नियम जारी किए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब सभी खिलाड़ियों को अपनी टीम बस से ही यात्रा करनी होगी और परिवार के सदस्य खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

**टीम बस का ही उपयोग करेंगे खिलाड़ी**

बीसीसीआई के नए नियमों के अनुसार, खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए आते समय टीम बस का उपयोग करना होगा। सभी टीमें 2 बैचों में यात्रा कर सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में इस बारे में एक बैठक हुई जिसके बाद सभी संबंधित टीमों को नियमों में बदलाव के बारे में जानकारी दे दी गई है। बता दें कि प्रबंधकों की बैठक 18 फरवरी को जूम कॉल के माध्यम से हुई।

**परिवार के सदस्यों के लिए सख्त नियमः** नए नियम के अनुसार खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के परिवार के सदस्य, अभ्यास के दिनों में भी ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकते। बता दें कि परिवार के सदस्य मैच के दिनों में भी खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकते। अभ्यास के दिनों में (टूर्नामेंट से पहले और टूर्नामेंट के दौरान), केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ को ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान में जाने की अनुमति होगी।



### अभ्यास के दौरान लागू होंगे ये नियम

सभी टीमों को अभ्यास क्षेत्र में 2 नेट और 1 साइड विकेट मिलेगा, जहां वे रेंज हिटिंग कर सकेंगे। मुंबई के मैदान पर अगर दोनों टीमें एक ही समय पर अभ्यास कर रही हैं, तो टीमों को 2-2 विकेट मिलेंगे। ओपन नेट की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई टीम अपना अभ्यास जल्दी समाप्त कर लेती है, तो दूसरी टीम को अभ्यास के लिए विकेट का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।

### मैच के दिन के लिए तय किए गए हैं ये नियम

टीमों से जुड़े मान्यता प्राप्त कर्मचारियों के लिए मैच के दिन अपना मान्यता पत्र लाना अनिवार्य है। पहली बार न लाने पर चेतावनी जारी की जाएगी, जबकि दूसरी बार ऐसा होने पर टीम पर जुर्माना लगाया जाएगा। खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप पहननी होगी। मैच के बाद प्रेजेंटेशन में स्लीवलेस जर्सी की अनुमति नहीं है। ऐसा न करने पर पहली बार में चेतावनी दी जाएगी। दूसरी बार ऐसा करने पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा।

### बीसीसीआई की मंजूरी बिना कोई टीम मनमर्जी से प्रैक्टिस नहीं कर पाएगी

**मुंबई।** आईपीएल 2025 की धूम मचने में बस कुछ ही दिन शेष बचे हैं! इस बार टूर्नामेंट की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के धमाकेदार मुकाबले से होगी लेकिन इसके पहले ही बीसीसीआई ने सभी 10 फ्रेंचाइजियों को सख्त निर्देश भेज दिए हैं! अब टीमें फ्लडलाइट्स में कितने घंटे प्रैक्टिस कर सकती हैं? कहां होंगे अभ्यास मैच? कितनी बार साइड विकेट का इस्तेमाल होगा? इन सभी बातों पर बीसीसीआई ने कड़े नियम लागू कर दिए हैं।

# यूरोपीय देशों ने की रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने की तैयारी ईयू प्रमुख ने रखा 841 अरब डॉलर की योजना का प्रस्ताव

**1** यूरोपीय संघ के 27 देशों को मिलेगा 'रिआर्म यूरोप' पैकेज

**2** रक्षा खर्च के जीडीपी को 1.5 फीसदी तक बढ़ाने का प्रस्ताव

ईयू अध्यक्ष डेर लेयेन ने कहा कि ईयू का पहला काम बजटीय खर्च पर लगाए वित्तीय प्रतिबंधों में ढील देना है, ताकि सदस्य देश अपने रक्षा खर्च को बिना किसी दंडात्मक नियमों को लागू किए काफी बढ़ा सकें

## अमेरिका का यूक्रेन को सैन्य मदद देने से इनकार का असर



एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स (बेल्जियम)

यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रमुख ने मंगलवार को 800 अरब यूरो (841 अरब अमेरिकी डॉलर) की योजना का प्रस्ताव रखा।

इस योजना का मकसद ईयू के सदस्य देशों की रक्षा प्रणाली को मजबूत करना है, ताकि अमेरिका की ओर से मदद पर संभावित रोक के असर को कम किया जा सके और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन को सैन्य मदद जारी रखी जा सके। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि 'रिआर्म यूरोप' पैकेज यूरोपी संघ के उन 27 नेताओं को दिया जाएगा, जो वॉशिंगटन से दूरी के एक सप्ताह बाद ब्रसेल्स में एक आपात बैठक में मिलेंगे। ट्रंप ने महाद्वीप और यूक्रेन की रक्षा के लिए उनके गठबंधन पर सवाल उठाया था।

### रक्षा उपकरणों में सुधार की जरूरत

डेर लेयेन ने कहा कि अगर सदस्य देश अपने रक्षा खर्च को जीडीपी के औसतन 1.5 फीसदी तक बढ़ाते हैं, तो यह चार वर्षों में करीब 650 अरब यूरो (683 अरब अमेरिकी डॉलर) तक हो सकता है। उन्होंने कहा कि मिसाइल, तोपखानों, गोला-बारूद और ड्रोन विरोध प्रणाली व साइबर हमलों जैसे सैन्य उपकरणों में सुधार की जरूरत है। यह योजना ईयू के कई सदस्य देशों को अपने सैन्य खर्च को काफी बढ़ाने के लिए मजबूर करेंगी, जो अभी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दो फीसदी से कम है। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने सदस्य देशों से कहा कि जितनी जल्दी हो सके, उन्हें तीन फीसदी पर पहुंचना चाहिए।

### वित्तीय प्रतिबंधों में ढील देगा यूरोपीय संघ

*ईयू देशों ने पिछले कुछ दशकों में रक्षा पर खर्च कम किया है, क्योंकि उन्होंने अमेरिकी परमाणु सुरक्षा पर निर्भर रहते हुए अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था पर फोकस किया। यह स्थिति अब उनके लिए रक्षा खर्च को तेजी से बढ़ाने में चुनौतियां पैदा कर रही है। डेर लेयेन ने कहा कि ईयू का पहला काम बजटीय खर्च पर लगाए वित्तीय प्रतिबंधों में ढील देना है, ताकि सदस्य देश अपने रक्षा खर्च को बिना किसी दंडात्मक नियमों को लागू किए काफी बढ़ा सकें।*

### यूक्रेन को मदद देने पर बाइडेन पर हमला

**वॉशिंगटन।** रूस के खिलाफ युद्ध के दौरान यूक्रेन की आर्थिक मदद करने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर हमला बोला। ट्रंप ने कहा कि बाइडेन ने बहुत ही मूर्खतापूर्ण तरीके से एक देश को लड़ने के लिए 350 बिलियन डॉलर दे दिए। इसके बदले हमें कुछ नहीं मिला। हम 350 बिलियन डॉलर से अपनी पूरी अमेरिकी नौसेना का पुनर्निर्माण कर सकते थे।



### राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- उन्होंने बहुत 'मूर्खतापूर्ण' ढंग से काम किया है

#### यूरोप वाले हमसे होशियार निकले

ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि जेलेंस्की को हमारी ज्यादा सराहना करनी चाहिए क्योंकि यह देश हर मुश्किल समय में उनके साथ खड़ा रहा है। हमने यूक्रेन को यूरोप से काफी ज्यादा दिया है। जबकि यूरोप को हमसे कहीं ज्यादा देना चाहिए था। यूरोप वाले बाइडेन से कहीं ज्यादा होशियार निकले, क्योंकि जो बाइडेन को कुछ भी पता नहीं था। यूरोप को हमारे बराबर आना चाहिए था। अगर हमने एक डॉलर दिया, तो यूरोप को भी देना चाहिए था। मगर हमने 350 बिलियन डॉलर दिए। इन सबसे बढ़कर यूरोप ने जो दिया उसे अपना पैसा वापस मिल गया क्योंकि वे इसे ऋण के रूप में दे रहे हैं। यह एक सुरक्षित ऋण है। मैं चाहता हूं कि उन सभी युवाओं की हत्या बंद हो। मैं इसे रुकते हुए देखना चाहता हूं। पैसा एक बात है, लेकिन मौत और वे हर सप्ताह हजारों सैनिकों को खो रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### जर्मनी में भीड़ में घुसी कार, दो की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी के मैनहेम शहर में कार सवार शख्स अपना वाहन लेकर कार्निवल परेड में घुस गया।



पुलिस ने बताया कि पश्चिमी जर्मनी में सोमवार को हुई इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। एक संदिग्ध हमलावर को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपने घरों के अंदर और घटनास्थल से दूर रहने की अपील की है। हमले या हादसे के बारे में पुलिस ने विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया।

### नीलम शिंदे से मिला परिवार यूएस पहुंचे पिता

**मुंबई।** अमेरिका में सड़क हादसे में जीवन-मरण से जूझ रही नीलम शिंदे के पिता तानाजी शिंदे महाराष्ट्र के सतारा जिले से बेटी नीलम को देखने कैलीफोर्निया स्थित अस्पताल पहुंच गए हैं।



नीलम के मामा संजय कदम ने बताया कि नीलम के पिता ने विगत दो मार्च को मुंबई से अमेरिका के लिए उड़ान भरी थी। वह वहां लैंड करते ही कैलीफोर्निया स्थित यूसी डेविस मेडिकल सेंटर में देखने गए हैं। उनका बेटा गौरव भी साथ है।

## सर्बिया की संसद में नेताओं ने जमकर मचाया हंगामा

# विपक्षी सदस्यों ने स्मोक ग्रेनेड, आंसू गैस के गोले फेंके, दो सांसद घायल

यह विरोध सरकार की नीतियों और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में किया गया। पूरा मामला चार महीने पहले रेलवे स्टेशन की छत गिरने से 15 लोगों की मौत से जुड़ा हुआ है, जिसके खिलाफ विपक्ष और जनता ने सर्बियाई सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया था

एजेंसी ▶▶ बेलग्रेड

सर्बियाई संसद में मंगलवार, 4 मार्च को जमकर बवाल हो गया। विपक्षी सांसदों ने संसद के अंदर धुआंधार ग्रेनेड और आंसू गैस फेंके। बता दें, यह विरोध सरकार की नीतियों और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में किया गया। पूरा मामला चार महीने पहले रेलवे स्टेशन की छत गिरने से 15 लोगों की मौत से जुड़ा हुआ है, जिसके खिलाफ विपक्ष और जनता ने सर्बियाई सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

विधान सभा सत्र में, सर्बियाई प्रगतिशील पार्टी (एसएनएस) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा एजेंडे को मंजूरी दिए जाने के बाद, कुछ विपक्षी राजनेता अपनी सीटों से उठकर संसदीय अध्यक्ष की ओर दौड़े और सुरक्षा गार्डों के साथ हाथापाई की। अन्य लोगों ने धुआं छोड़ने वाले ग्रेनेड और आंसू गैस फेंके। लाइव टीवी पर इमारत के अंदर काला और गुलाबी धुआं दिखाई दिया। वहीं, इस घटना के एक अन्य वीडियो में सदन में फैला काला धुआं दिखाई दे रहा है।

1 इमारत के अंदर काला और गुलाबी धुआं दिखाई दिया

2 विपक्षी राजनेताओं ने सुरक्षा गार्डों के साथ हाथापाई की




### विपक्ष ने सत्र को अवैध बताया

संसद को मंगलवार को विश्वविद्यालयों के लिए धनराशि बढ़ाने संबंधी कानून पारित करना था, जो दिसंबर से संकायों में अवरोध उत्पन्न कर रहे छात्रों की मुख्य मांगों में से एक है। संसद को पीएम मिलोस वुसेविक के इस्तीफे पर भी विचार करना था। लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा एजेंडे में रखे गए अन्य मुद्दों ने विपक्ष को नाराज कर दिया। लेकिन विपक्षी दलों ने सत्र को अवैध बताया और कहा कि पहले पीएम मिलोस वुसेविक और उनकी सरकार के इस्तीफे की पुष्टि होनी चाहिए।



घायल नेता को अस्पताल में ले जाते स्वास्थकर्मी

### एक सांसद की हालत गंभीर

बताया जा रहा है कि संसद में मचे बवाल की वजह से कम से कम तीन सांसद घायल हो गए। हालांकि, स्पीकर एना ब्रनाबिक ने कहा कि दो सांसद घायल हुए हैं, जिनमें से एक, एसएनएस पार्टी की जैस्मिना ओब्राडोविक को स्ट्रोक आया है। उसकी हालत गंभीर है। उन्होंने सत्र में कहा कि संसद काम करना और सर्बिया की रक्षा करना जारी रखेगी।

## इजराइल की संसद में घुसी भीड़

# सुरक्षा बलों ने रोकने के लिए किया बल प्रयोग



एजेंसी ▶▶ यरुशलम

इजराइल के नेसेट में हिंसा भड़क उठी, जब सुरक्षा गार्डों ने 7 अक्टूबर के हमले के पीड़ितों के शोक संतप्त परिवारों को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के भाषण के दौरान आगंतुकों की गैलरी में प्रवेश करने से रोक दिया। वीडियो में बंधकों के रिश्तेदारों को धक्का देते, मारते और घसीटते हुए दिखाया गया है, जिनमें से कुछ को चिकित्सा की आवश्यकता है। परिवार हमास हमले में सुरक्षा विफलताओं की जांच के लिए राज्य आयोग की मांग कर रहे थे।

### पीड़ित परिवारों के साथ धक्का-मुक्की

जब अक्टूबर काउंसिल के 40 सदस्य जो पूर्व बंधक और पीड़ित परिवारों का प्रतिनिधित्व करते हैं, गैलरी की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे, तो उन्हें धक्का-मुक्की और हिंसा का सामना करना पड़ा। एक वीडियो में एक सुरक्षा गार्ड को एक व्यक्ति को फर्श पर गिराते हुए और उसके गले पर अपनी कलाई से दबाव डालते हुए दिखाया गया। इस घटना में तीन लोगों को मेडिकल इलाज की आवश्यकता महसूस करने लगे। घटना के दौरान एक सदस्य ने सुरक्षा बलों से कहा कि आप शोक संतप्त माता-पिता को पीट रहे हैं।

### हमारे साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया

मंगलवार सुबह मीडिया से बात करते हुए यायरा गुटमैन, जिनकी बेटी तामार नोवा महोत्सव में मारी गई थी ने कहा कि जब परिवारों को सुरक्षा बलों ने रोका, तो वे उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे थे कि उनके पास अनुमति है। हम सफल नहीं हुए। फिर बाकी माता-पिता आए और एक ने कहा कि आओ, चलो अंदर जाएं, और हां, हम ने धक्का दिया। जब हम ने केनेस्सेट के सुरक्षा बलों को धक्का दिया, तो हमें शारीरिक हमला मिलने लगा।

---

## भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

# तकनीकी सिर्फ एक उपकरण, मानवीय मूल्यों और सहानुभूति का विकल्प नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राजस्व सेवा के 78वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों का काम शासन और कल्याण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। उन्होंने जीवंत अर्थव्यवस्था के लिए टैक्स के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी का विकास होना चाहिए।

### डिजिटल कनेक्टिविटी अंतर को दूर कर रही

*राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी अंतर को दूर कर रही है और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक सिर्फ एक उपकरण है और यह मानवीय मूल्यों का विकल्प नहीं है। डेटा-संचालित प्रणालियां दक्षता बढ़ा सकती हैं, लेकिन वे कभी भी सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकतीं।*



### ईमानदार करदाताओं को असुविधा न हो

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग का शुभारंभ किया है। डिजिटल तकनीक इस बदलाव के मूल में है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आयकर विभाग उल्लेखनीय सटीकता के साथ विसंगतियों का पता लगाने के लिए उन्नत डेटा विश्लेषणों का उपयोग करता है और यह सुनिश्चित करता है।

## विवाद के बीच बोले मोहम्मद यूनुस

# बांग्लादेश व भारत के रिश्ते मजबूत अब बस गलतफहमी दूर करनी है

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ संबंधों को मजबूत बताते हुए, दोनों देशों के बीच बढ़ती गलतफहमियों को दूर करने की कोशिशों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और भारत के रिश्ते मजबूत हैं और इन पर कोई असर नहीं पड़ा है, हालांकि कुछ विवाद जरूर पैदा हुए हैं, जिनका कारण उन्होंने गलत जानकारी और प्रचार बताया। एक इंटरव्यू में यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच ऐतिहासिक, राजनीतिक और आर्थिक संबंध इतने गहरे हैं कि उन्हें बदल पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश-भारत के रिश्ते अच्छे नहीं हो सकते, ऐसा कोई सवाल ही नहीं है। हमारे रिश्ते बहुत करीब हैं और हमारी आपसी निर्भरता बहुत अधिक है। हालांकि, कुछ समस्याएं आई हैं, जिन्हें मैंने बादल की तरह बताया है जो बीच में आ गए हैं। ये बादल ज्यादातर प्रचार से उत्पन्न हुए हैं और इसका स्रोत कौन है, यह दूसरों पर छोड़ता हूं। यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच गलतफहमियों को दूर करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



# भारत-नेपाल सीमा पार रेल लिंक परियोजनाओं पर दोनों देशों के बीच हुई दो महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और नेपाल के बीच पिछले महीने 27 से 28 फरवरी तक महत्वपूर्ण सीमा पार रेल लिंक परियोजनाओं और द्विपक्षीय रेल सहयोग के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। नई दिल्ली में इस मामले पर 9वीं प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी और 7वें संयुक्त कार्य समूह की दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। जिनमें दोनों देशों के बीच जयनगर-बिजलपुरा-बरदिबास और जोगबनी-बिराटनगर ब्रॉड गेज रेलवे लाइन, बिजलपुरा से बरदिबास-नेपाल कस्टम यार्ड से बिराटनगर परियोजना पर जारी कार्य को मुख्य रूप से शामिल किया गया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पहली परियोजना को भारत द्वारा नेपाल को दी गई वित्तीय अनुदान सहायता की मदद से विकसित किया जा रहा है। जबकि दूसरे रेल लिंक की बैठक में दोनों पक्षों ने समीक्षा की। नेपाल ने भारत को यह आश्वासन दिया कि बचे हुए भाग से जुड़े कार्य की जल्द शुरुआत कर उसे पूरा करने के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (डीपीए-3), रोहित रथीस और संयुक्त कार्य समूह में रेल मंत्रालय कार्यकारी निदेशक (ट्रैफिक ट्रांसपोटेशन-फ्रेट) प्रदीप ओझा ने की। जबकि नेपाल से दोनों बैठकों में फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड ट्रांसपोर्ट मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुशील बाबू ढकाल शामिल हुए। बैठक में रक्सौल-काठमांडू ब्रॉड गेज रेल लिंक की अंतिम सर्वे रिपोर्ट, जनकपुर-अयोध्या सेक्शन पर यात्री ट्रेन की शुरुआत के लिए तय मानक प्रक्रिया के अलावा अतिरिक्त रेल लिंक के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया गया। दोनों पक्षों ने अतिरिक्त तकनीकी सहयोग बढ़ाने को लेकर सहमति जताई। इसमें क्षमता विकास, लॉजिस्टिक सहयोग और नेपाल के रेलवे कर्मियों का प्रशिक्षण शामिल है। नेपाल के प्रतिनिधिमंडल ने इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट लखनऊ और अयोध्या का दौरा किया।

---

## आंतरिक सुरक्षा-आपदा राहत कार्यों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित सम्मेलन में बोले रक्षा मंत्री

# राष्ट्रीय सुरक्षा को समग्र रूप में देखते हुए एक-दूसरे का सहयोग लेकर काम करें संस्थान: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि आधुनिक विश्व में तेजी से विकसित होती सुरक्षा चुनौतियों के मध्य आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के बीच जुड़ाव बढ़ रहा है। इस परिदृश्य में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को समग्र रूप में देखते हुए हमारे संस्थान एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राष्ट्र के लिए एक-दूसरे का सहयोग लेकर काम करें। उन्होंने देश के सुरक्षा तंत्र को साइबर, हाइब्रिड युद्ध, अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों और वैश्विक संगठित अपराध जैसे उभरते हुए खतरों के हिसाब से अनुकूल होना चाहिए। उन्नत प्रणालियों और प्रौद्योगिकी का लाभ न केवल सुरक्षा अभियानों के लिए बल्कि आपदा प्रबंधन और मानवीय राहत के लिए भी उठाया जाना चाहिए। उन्होंने गृह मंत्रालय और डीआरडीओ से एक साथ मिलकर काम करने का आग्रह भी किया। रक्षा मंत्री ने उक्त विषय पर 4 मार्च को राजधानी में गृह मंत्रालय और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में यह जानकारी दी।



**संकट में प्रतिक्रिया की हो जानकारी:** राजनाथ ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों और प्रौद्योगिकी विकासकर्ताओं के लिए नेतृत्व करना ही काफी नहीं है। देश के प्रत्येक नागरिक को यह जानकारी होनी चाहिए कि कैसे संकट के समय पर प्रतिक्रिया देनी है। उन्होंने विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों को एकीकृत करने पर जोर देते हुए कहा कि नवीनतम प्रौद्योगिकी प्रगति का लाभ उठाना चाहिए। आपदा तैयारियों में नागरिक समाज की भागीदारी बढ़ाने का रक्षा मंत्री ने आह्वान करते हुए कहा, भारत आज एक समृद्ध राष्ट्र है, आपदा प्रबंधन हमारी तैयारियों का एक अभिन्न अंग बन जाना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों और प्रौद्योगिकी विकासकर्ताओं द्वारा नेतृत्व करना ही पर्याप्त नहीं है। हमें आम जनता को भी शिक्षित करना चाहिए।

**आंतरिक सुरक्षा आतंकवाद तक सीमित नहीं:** भारत की आंतरिक सुरक्षा का अर्थ केवल आतंकवाद, अलगाववादी आंदोलन और वामपंथी उग्रवाद जैसे पारंपरिक खतरों से निपटना नहीं है। बल्कि उन गैर परंपरागत खतरों के लिए भी तैयारी करना है। जो देश के आर्थिक और सामरिक हितों को अस्थिर कर सकते हैं। मौजूदा दौर में दुश्मन पारंपरिक हथियारों के साथ नहीं आते हैं। नए युग के खतरों के रूप में साइबर हमले, गलत सूचना अभियान और अंतरिक्ष आधारित जासूसी जैसी चुनौतियां सामने आ रही हैं। जिनके उन्नत समाधान की आवश्यकता है।

**माणा में उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को सराहा:** रक्षा मंत्री ने उत्तराखंड के माणा में आए हालिया हिमस्खलन के बीच जीवन को बचाने और आपदा के प्रभाव को कम करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की सराहना की। साथ ही कहा कि आपदाएं हालांकि अपने आप में दुखद होती हैं। लेकिन उन्नत प्रौद्योगिकी के प्रयोग से उनके प्रभाव को कम किया जा सकता है। हिमस्खलन में रोटरी रेस्क्यू आरी, थर्मल इमेजिंग, पीड़ित का पता लगाने वाले कैमरे, हिमस्खलन छड़ें और ड्रोन आधारित पहचान प्रणाली जैसी प्रौद्योगिकियों ने लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

**समयबद्ध ढंग से विकसित हों उत्पाद:** राजनाथ ने डीआरडीओ का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन ने देश की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और आंतरिक सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई है। छोटे हथियारों, बुलेटप्रूफ जैकेटों, निगरानी और संचार प्रणालियों तक डीआरडीओ के नवाचार हमारे सशस्त्र बलों को सशक्त बना रहे हैं। गृह मंत्रालय और संगठन से एकजुटता से काम करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि इससे ऐसे उत्पादों की एक सूची बनाई जाए। जिससे उन्हें संयुक्त रूप से विकसित करने के साथ ही उन्हें तैनात किया जा सके। सुरक्षा बलों को आगे बढ़ने के लिए सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी और उपकरणों की आवश्यकता है। डीआरडीओ द्वारा आधुनिकीकरण पर ध्यान दिया जा रहा है, जिससे छोटे हथियार, निगरानी उपकरण और ड्रोन प्रणालियों जैसे उत्पाद आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों में तैनाती के लिए शामिल किए गए हैं या उनका मूल्यांकन किया जा रहा है। अलग-अलग क्षेत्र की विशिष्ट सुरक्षा चुनौतियों पर सम्मेलनों के आयोजन के जरिए उनके समाधान ढूंढने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**सात तकनीकी सत्रों का होगा आयोजन:** सम्मेलन में सात तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वामपंथी उग्रवाद, सीमा प्रबंधन, उन्नत हथियार प्रौद्योगिकी, ड्रोन और ड्रोन रोधी समाधान, आपदा प्रबंधन, पुलिस व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण व भविष्य की संचार प्रौद्योगिकी जैसे विषय शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने कार्यक्रम से इतर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसमें भारतीय रक्षा उद्योग के सहयोग से डीआरडीओ द्वारा विकसित की गई प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया गया था। तीन अहम दस्तावेज भी रक्षा मंत्री ने जारी किए।

**गृह मंत्रालय को सौंपे 100 उत्पाद:** डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने कहा कि संगठन द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों से 100 से अधिक उत्पाद गृह मंत्रालय की तमाम एजेंसियों में शामिल किए जा चुके हैं या जल्द शामिल किए जाएंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109